WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, शनिवार, 7 दिसंबर 2024 | कृष्ण शुक्ल पक्ष- षष्ठी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 234 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

आखिरकार महाराष्ट्र में समंदर लौट ही आया। अब उन लोगों की टेंशन बढ़ गई है जिन्होंने उसका पानी उतरते देखकर किनारे पर घर बना लिये थे। उद्धव ठाकरे, शरद पवार और नाना पटोले को अब अपना घर सुरक्षित रखने की चिंता खाये जा रही है। जिनके कई सदस्य घर से पलायन करने की सोच रहे है। आखिर डूबते के साथ कौन डूबना चाहेगा? वैसे भी सियासत में यह कहावत मशहूर है कि जिधर बम उधर हम। देवेन्द्र फडणवीस रूपी समंदर की प्रचंड़ लहरों ने अगर सुनामी का रूप धारण कर लिया तो न जाने किस-किस पर सियासी कहर टूटेगा?

नंदिनी एयरपोर्ट से भी शुरु हो उड़ान : विजय बघेल

सांसद विजय बघेल ने उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से की मुलाकात

दुर्ग/नवप्रदेश । लोकसभा सांसद विजय बघेल ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात की। उन्होंने भिलाई स्थित नंदिनी एयरपोर्ट को फिर से चालू करने और एयरपोर्ट को विकसित करने का अनुरोध किया है।

भिलाई का नंदिनी एयरपोर्ट एशिया के सबसे बड़े स्टील प्लांट भिलाई स्टील प्लांट के निजी उपयोग के लिए बनाया गया था, जो कि भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के अंतर्गत उसी के स्वामित्व में है। 1998 में विमान दुर्घटना के बाद से बंद पड़ा है। वर्तमान में इसका ढांचा पूरी तरह जर्जर हो चुका है। वहीं, हजारों एकड़ जमीन पर फैले इस एयरपोर्ट की सुरक्षा अभी सीआईएसएफ के हाथों में है।

एयरपोर्ट के विस्तार के लिए दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने पहल की है। छत्तीसगढ़ के विकास में एयरपोर्ट की औद्योगिक एवं आर्थिक महत्व की अपनी भूमिका है। एयरपोर्ट दोबारा शुरू होने से न केवल दुर्ग ले अलावा राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बेमेतरा और बस्तर जैसे इलाके के लिए भी यहां से बेहतर सुविधा हो पाएगी। विजय बघेल के निवेदन के बाद नागरिक उड्डयन मंत्री ने एयरपोर्ट शुरू करने की मांग पर जल्द विचार करने का आश्वासन भी दिया है।

नेशनल हाइवे 353 की मांग

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने मंत्री गडकरी से की मुलाकात

महासमुंद(ए.)। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने नई दिल्ली में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। सांसद ने नेशनल हाइवे 353 पर स्थित महासमुंद व बागबाहरा शहर में बाईपास सड़क बनाने के लिए सांसद से मांग की। लंबे समय से बाईपास निर्माण की मांग चल रही है। नेशनल हाईवे 353 महासमुंद और बागबाहरा शहर के बीच से होकर गुजरती है।

शहर के बीचों-बीच होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। केंद्रीय मंत्री ने सांसद की मांग पर गंभीरता जताई है। अधिकारियों को बाईपास निर्माण के लिए डीपीआर की प्रक्रिया प्रारंभ करने निर्देश दिए हैं।

रात में नक्सलियों ने की अंधाधुंध फायरिंग, दो जवान घायल

बीजापुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने सुरक्षा कैंप पर हमला कर दिया। रात में नक्सलियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। नक्सलियों की गोलीबारी का जवाब देते दोनों जवान घायल हो गए। कैंप में ही घायल जवानों का इलाज चल रहा है। बीजापुर जिले के झिड़पल्ली कैम्प दो पर नक्सलियों ने अचानक से हमला कर दिया। इस हमले को देखते हुए जवानों ने कैम्प के अंदर से ही ताबड़तोड़ गोलीबारी की। पुलिस की संयुक्त पार्टी के द्वारा नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाते हुए नक्सलियों को मार गिराया है, बौखलाए नक्सलियों ने 2 दिन पहले बीजापुर जिले के झिड़पल्ली 2 में एक नए कैम्प को खोला गया है, जिसमें सीआरपीएफ डीआईजी सूरजपाल वर्मा व कमांडेट 228 बटालियन लतीफ कुमार साहू समेत कई आला अधिकारियों की टीम मौजूद थी।

चित्रकूट में ट्रक-बस में भिड़ंत, छह मरे

चित्रकूट (वार्ता) । उत्तर प्रदेश में चित्रकूट जिले के रापुरा क्षेत्र में शुक्रवार की भोर बोलेरो कार और ट्रक की आमने-सामने हुई टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 5:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर एक तेज रफ्तार बोलेरो की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में बोलेरो सवार नन्हे (65),हरिराम (45),मोहन (45),रामू (45),मांगना (65) और रामस्वरूप यादव की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना में घायल जमुना (42), फुला (40), राज अहिरवार (18), आकाश (15) और एक अज्ञात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खाई में गिरी कार, 6 मृत, चार घायल

पीलीभीत (वार्ता) । उत्तर प्रदेश में पीलीभीत जिले के न्यूरिया थाना क्षेत्र में सवारियों से भरी एर्टिगा कार के पेड़ से टकराने के बाद खाई में गिरने से छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर शोक जताते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिये हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने मिशेल की याचिका पर सीबीआई को किया जवाब तलब

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने अगस्ता वेस्टलैंड हेलिकॉप्टर कथित घोटाला मामले में दिसंबर 2018 से न्यायिक हिरासत में यहां जेल में बंद ब्रिटिश नागरिक क्रिस्टीना मिशेल की जमानत याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से चार सप्ताह के भीतर अपना पक्ष रखने का शुक्रवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने मिशेल की अपील पर सुनवाई करते हुए सीबीआई को जवाब देने का आदेश पारित किया।

'किसानों के लाडले' शिवराजः धनखड़

नयी दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को नया नाम किसानों के लाडले दिया है। धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में कहा, जिस आदमी की पहचान देश में लाडली बहनों के भैया के नाम से है, अब वह किसान का लाड़ला भाई भी होगा, मैं पूरी तरह आशावान हूं कि ऊर्जावान मंत्री अपने नाम शिवराज के अनुरूप ये करके दिखाएंगे। आज से मैंने आपका नामकरण कर दिया- किसानों के लाड़ले। सभापति की यह टिप्पणी उस समय सामने आयी जब चौहान प्रश्नकाल के दौरान कृषि संबंधी सवालों का जवाब दे रहे थे।

दिल्ली कूच पर अड़े थे किसान, लौटे वापस

शंभू बार्डर पर जिद की लड़ाई

- किसानों को रोकने प्लॉस्टिक की गोलियां चलाई
- आंसू गैस के पांच गोले दागे गए, कई किसान जख्मी
- प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताएंगे आगे की रणनीति
- किसान नेता सरवन सिंह पंधेर खुद वापस लेकर आए

चंडीगढ़ (ए.)। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने मंच से ऐलान कर मरजीवड़े जत्थे को वापस बुला लिया है। पंधेर उन्हें खुद लेने पहुंचे। अब मीटिंग के बाद निर्णय लिया जाएगा। सभी किसान वापस मंच पर लौट आए हैं।

पंजाब के किसान अपनी मांगों के लिए फरवरी से शंभू बॉर्डर पर मोर्चा लगाकर बैठे हैं। अब किसानों ने पैदल दिल्ली जाने का एलान किया है। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे संगठन से जुड़े 100 सदस्य शंभू बॉर्डर से आगे बढ़े।

पुलिस की तरफ से गोले छोड़े जाने का सिलसिला जारी है। अब तक करीब 26 से ज्यादा गोले छोड़े जा चुके हैं। दूसरी तरफ 101 किसानों का जो जत्था बॉर्डर पर की गई बैरिकेडिंग तक पहुंचा था, वह अब वापस लौट आया है।

लोहे की कीलें लगाई गई : हरियाणा पुलिस की तरफ से किसानों को रोकने के लिए लोहे की कीलें लगाई गई हैं। यह कीलें सीमेंट में गाड़ रखी हैं ताकि गाडिय़ां आगे ना जा सकें।

पुलिस कर रही वापस जाने की अपील : किसानों को हरियाणा की तरफ से वापस जाने की अपील की जा रही है। वहीं किसानों का कहना है कि हमें अपनी राजधानी में जाने के लिए अनुमति की जरूरत नहीं है।

रणभूमि बना शंभू बार्डर

हरियाणा पुलिस की तरफ से प्लास्टिक की गोलियां भी चलाई जा रही हैं। अब तक चार किसान जख्मी हो चुके हैं। अमृतसर के स्वर्ण सिंह टांग पर प्लास्टिक की गोली लगने से घायल हुए हैं। पुलिस ने एक साथ किसानों पर 11 गोले दागे। अब तक कुल 21 गोले हरियाणा पुलिस की तरफ से दागे गए हैं। दो किसानों को चोट आई है।

आंसू गैस के पांच गोले दागे गए, एक किसान घायल

पुलिस अब तक आंसू गैस के पांच गोले दाग चुकी है। इस दौरान एक किसान जख्मी हो गया है। उसे एंबुलेंस द्वारा नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

हरियाणा पुलिस कर रही वीडियोग्राफी

हरियाणा की और से लगातार किसानों की वीडियोग्राफी की जा रही है। मौके पर घोषणा भी की गई कि सरकारी संपत्ति का नुकसान न करो, पुलिस कार्रवाई की जाएगी। किसान आगे बढऩे को अडिग हैं।

सत्ता-विपक्ष में वाकयुद्ध

भारी हंगामे के बीच लोस-रास सोमवार तक स्थगित

नयी दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा में शुक्रवार को हंगामे के कारण गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों पर चर्चा नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। उप सभापति हरिवंश ने भोजनावकाश के बाद गैर सरकारी सदस्यों के निजी विधेयक रखने के लिए आईयूएमएल के अब्दुल वहाब का नाम पुकारा, हालांकि सत्ता पक्ष के सदस्य हरिवंश के सदन में आते ही नारेबाजी करने लगे और जोर जोर से बोलने लगे।

राज्यसभा की घटना की जांच होनी चाहिए

भाजपा सांसद अरुण गोविल ने कहा, अगर ऐसा हुआ है तो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। अगर ये जांच का विषय है तो जब तक जांच पूरी ना हो जाए तब तक कुछ नहीं कहना चाहिए। जबरदस्ती अफवाहें फैलाने का मतलब नहीं होता... अगर धनखड़ जी ने ये बात कही है तो उसमें कुछ वजन होगा तभी उन्होंने ये कहा है। राज्यसभी की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई है।

नोटों की गड्डी मिलने पर जमकर हंगामा

संसद के उच्च सदन राज्यसभा में नोटों की गड्डी मिलने की खबर के बाद जमकर हंगामा हुआ। नोट गुरुवार को कांग्रेस सांसद की सीट से मिले हैं। कार्यवाही के बाद सदन की जांच के दौरान ये गड्डी बरामद हुई है। अब इसकी जांच की मांग की जा रही है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने कहा कि यह घटना सामान्य नहीं है और ये सदन की गरिमा पर चोट है। सभापति को घटना की जांच करानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और पीयूष गोयल ने भी मामले की जांच की बात कही। मामले में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि कांग्रेस का मानना है कि यह अडानी मामले से ध्यान भटकाने शेष पृष्ठ 6 पर

700 बिस्तरीय नवीन अस्पताल के लिए 231 करोड़ का ई टेंडर

- सीएम साय का स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर एक और बड़ा कदम
- सीजीएमएससी ने किया जारी टेंडर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के रूप में तरक्की और सुशासन का ये सफर लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में रायपुर के मेकाहारा में बढ़ते मरीजों का दबाव कम करने के लिए परिसर में 700 बिस्तरीय एकीकृत नवीन अस्पताल भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है ।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के बजट में मेकाहारा परिसर में 700 नवीन एकीकृत अस्पताल का प्रावधान किया था जिसके निर्माण की प्रक्रिया अब शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में इलाज के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सके इसके लिए शेष पृष्ठ 6 पर

231 करोड़ रूपए के ई- टेंडर जारी

मेकाहारा परिसर में 700 बिस्तरीय नवीन एकीकृत अस्पताल भवन के लिए 231 करोड़ रूपए के ई- टेंडर जारी होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का इजाफा करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा है कि इस एकीकृत अस्पताल के निर्माण से मेकाहारा अस्पताल के अतिरिक्त भी लोगों के पास सर्वसुविधा वाला अस्पताल रहेगा। इसमें रायपुर सहित सम्पूर्ण प्रदेश के लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी और लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। ई टेंडर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी शेष पृष्ठ 6 पर

खड़गे, राहुल, प्रियंका ने अंबेडकर को किया नमन

नयी दिल्ली/(वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया है।

खडग़े ने कहा, बाबासाहेब डॉ.अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर हम संविधान और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। बाबासाहेब ने अपना पूरा जीवन स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व और न्याय के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया था। उनके आदर्शों और विचारों के साथ-साथ राष्ट्र के लिए उनके बेहतरीन योगदान -भारत के संविधान की रक्षा, सुरक्षा और संरक्षण करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। गांधी ने कहा, बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल को गद्दार बताए जाने पर भड़की कांग्रेस

- संबित पात्रा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

नई दिल्ली (ए.)। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एक खतरनाक त्रिकोण का जिक्र करते हुए राहुल गांधी को देशद्रोही बताया था। इसी पर अब कांग्रेस पार्टी के नेता आगबबूला हो गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संबित पात्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कल उन्होंने जमकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला था। यहां तक कि कांग्रेस नेता को देश का गद्दार भी बताया। अब सबसे पुरानी पार्टी के सांसद हिबी ईडन ने पात्रा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन लाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को एक नोटिस दिया है। उनका कहना है कि भाजपा सांसद ने पूरी तरह से अपमानजनक और असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल कर स्पष्ट रूप से संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन किया है।

क्या बोले कांग्रेस सांसद?

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे अपने पत्र में ईडन ने कहा, मैं विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाना चाहता हूं और राहुल गांधी के खिलाफ संबित पात्रा के पूरी तरह से असंसदीय आचरण की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि पांच दिसंबर को संवाददाता सम्मेलन में पात्रा ने नेता प्रतिपक्ष को शीर्ष स्तर का गद्दार बताया और नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ निराधार आरोप लगाए। ईडन ने कहा कि विपक्ष के नेता के खिलाफ ऐसे शब्दों का शेष पृष्ठ 6 पर

अंतरराष्ट्रीय साजिश रोकने में असमर्थ अमित शाह को बाहर करें : कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार कहती है कि देश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय साजिश हो रही है तो यह अत्यंत गंभीर मुद्दा है और ऐसी साजिश करने वालों का पर्दाफाश करने में असमर्थ रहे देश के गृहमंत्री अमित शाह को पद से हटा देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में साम्प्रदायिकता, हिंसा और नफरत का जहर घोला जा रहा है-'बंटेंगे तो कटेंगेÓ जैसे नारे दिए जा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक और मणिपुर से महाराष्ट्र तक यात्राएं निकाली, जिसका उद्देश्य मोहब्बत से भारत को जोडऩा था। उन्होंने कहा, एक व्यक्ति जो मजदूर, किसान, मोची, बढ़ई, ड्राइवर जैसे तमाम वर्गों के जीवन से जुड़े संघर्षों को समझकर उसका समाधान ढूंढता है, एक शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

लोहारीडीह कांड | कोर्ट ने आरोपियों को चार मामले से मुक्त कर दिया

23 आरोपी बरी, हत्या-लूट व आगजनी के नहीं मिले सबूत

- अब चार मामले में 42 लोगों के खिलाफ जारी रहेगी सुनवाई

कबीरधाम /नवप्रदेश । डीएसपी केके चंद्राकर ने बताया कि लोहारीडीह घटना में रेंगाखार जंगल थाना में दर्ज एफआईआर क्रमांक 62, 63, 64, 65 और 66 में 62 को छोड़कर ग्रामीणों ने एक आवेदन आईजी को दिया था। ग्रामीणों का दावा था कि 23 लोग निर्दोष हैं व घटना में शामिल नहीं है। इस मामले में एसआईटी गठित की गई। इस जांच में भी 23 आरोपी के खिलाफ आगजनी, हत्या प्रकरण में सबूत नहीं मिले। इनका बयान दर्ज कराया गया।

बहुचर्चित लोहारीडीह मामले में शामिल 23 आरोपी जेल से बाहर आने वाले हैं। ये सभी हत्या, लूट व आगजनी के आरोपी हैं। कोर्ट ने आरोपियों को चार मामले से मुक्त कर दिया है। बीते 14 नवंबर को पुलिस ने न्यायालय में 23 आरोपियों को चार प्रकरण से मुक्त करने आवेदन दिया था, लेकिन निचली अदालत ने पुलिस की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद परिजनों ने अपील की, जिस पर 23 आरोपी को चार प्रकरण से मुक्त कर दिया है।

इस आधार पर 23 आरोपी पर दर्ज 4 प्रकरण से मुक्त किया गया है। हालांकि, पुलिस पर पथराव मारपीट मामले में केस जारी रहेगा। बता दें पुलिस ने अब तक 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें से 1 की मौत जिला जेल में हो गई थी। तीन नाबालिग थे, जिनका नाम पहले ही हटा दिया गया है। बचे 65 में से 23 लोगों को चार प्रकरण से मुक्त किया है। अब चार मामले में 42 लोगों के खिलाफ सुनवाई जारी रहेगी।

ये है पूरा मामला

कबीरधाम जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के लोहारीडीह गांव में इसी साल सितंबर माह में एक सप्ताह के अंदर तीन लोगों की अलग-अलग वजह से मौत हो गई थी। 14 सितंबर की रात शिवप्रसाद साहू उर्फ कचरू की लाश मध्यप्रदेश के बिरसा थाने के क्षेत्र जंगल में पेड़ से लटकी मिली थी। शव मिलने के बाद ग्रामीणों ने हत्या के शक पर पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू के घर को आग लगा दी, जिससे रघुनाथ साहू की मौत हो गई। पुलिस ने 33 महिला समेत 69 ग्रामीणों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इसी बीच 19 सितंबर को हत्या के आरोप में जेल में बंद प्रशांत साहू की जेल में मौत हो गई। मृतक के बॉडी में गहरे चोट के निशान पाए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशांत साहू की मौत पुलिस पिटाई के चलते जेल में मौत हुई है। इसके बाद सरकार शेष पृष्ठ 6 पर

केजरीवाल का बड़ा आरोप

दिल्ली में आप के वोटर्स का नाम हटवा रही भाजपा

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने एक प्रेस कांफ्रेंस करके भाजपा पर बेहद गंभीर आरोप लगाया है। केजरीवाल का आरोप है कि दिल्ली में भाजपा गुपचुप तरीके से वोट कटवा रही है। उन्होंने कहा कि शाहदरा विधानसभा में एक महीने में पिछले एक महीने में भाजपा ने 11 हजार 18 वोट कटाने की एप्लीकेशन दी है। यह सिलसिला जारी है। 1000-500 वोट कटवाने की एप्लीकेशन देते हैं। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने अपने लेटरहेड पर वोट काटने का आवेदन दिया है। पिछले 1-1.5 महीने में उन्होंने 11,000 लोगों के वोट काटने का आवेदन दिया है और वो प्रक्रिया चल रही है। आवेदनों में कहा गया है कि ये 11,018 लोग या तो कहीं और चले गए हैं या उनकी मौत हो गई है। हमने 500 को रैंडम तरीके से चेक किया। इन 500 में से 372 लोग वहीं (अपने पते पर) रह रहे थे। वो कहीं और नहीं गए। यानी उनकी 75प्रतिशत लिस्ट गड़बड़ है।

‘भू-राजनीति में सेमीकंडक्टर की होगी अहम भूमिका’, इंडिया-जापान फोरम में : एस जयशंकर

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र की अहमियत बताते हुए कहा है कि आने वाले समय में भू-राजनीति में देशों के समीकरणों में सेमीकंडक्टर की भूमिका बेहद अहम रहेगी। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली में भारत-जापान फोरम के उद्घाटन सत्र में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ‘जापान आज अपने सेमीकंडक्टर क्षेत्र को पुनर्जीवित कर रहा है और भारत भी बहुत लंबे समय की उपेक्षा के बाद सेमीकंडक्टर मिशन पर काम कर रहा है।’

जयशंकर ने कहा कि हम दोनों देश ताइवान के साथ मिलकर भी काम कर रहे हैं। मैं इसे बहुत ही महत्वपूर्ण शुरुआत मानता हूं। यह बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है जो आने वाले दशक में भू-राजनीतिक स्तर पर बहुत महत्वपूर्ण होगा। सेमीकंडक्टर सहयोग की संभावनाएं बहुत ज्यादा होंगी। हम भारत में अपनी उच्च शिक्षा प्रणाली में सुधार कर रहे हैं। इससे गुणवत्ता में सुधार होगा।

चीन के साथ संबंधों पर ये बोले विदेश मंत्री

विदेश मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भारत और जापान, दोनों ही चीन के पड़ोसी देश हैं। हमारे साथ चीन के संबंध स्थिर थे और दोनों देशों का व्यापार भी बढ़ रहा था। हालांकि दोनों देशों के बीच असंतुलित व्यापार मुद्दा बना हुआ है। चीन ने भारत में निवेश भी किया है, लेकिन दोनों देशों के संबंध तभी तक स्थिर रह सकते हैं, जब तक सीमा पर शांति रहेगी। साल 2020 में भारत चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई, जिसमें कई सैनिक बलिदान हुए। इससे रिश्ते प्रभावित हुए और सेनाओं को पीछे हटने में साढ़े चार साल का वक्त लग गया। अभी भी कई मुद्दों पर सहमति बननी बाकी है। हमें चीन के साथ बैठकर चर्चा करनी होगी कि हम अपने संबंधों को कैसे फिर से बेहतर कर सकते हैं। विदेश मंत्री ने क्वाड के लिए ट्रंप प्रशासन को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि साल 2017 में ट्रंप सरकार के कार्यकाल में ही क्वाड की उप-मंत्री स्तर की बातचीत शुरू हुई थी। इसके बाद 2019 में जब विदेश मंत्री स्तर की बातचीत शुरू हुई, तब भी डोनाल्ड ट्रंप ही अमेरिका के राष्ट्रपति थे। इसलिए क्वाड के उभार के लिए ट्रंप प्रशासन को श्रेय दिया जाना चाहिए।

जापान के साथ संबंध बेहतर, लेकिन...

विदेश मंत्री ने भारत और जापान के संबंधों पर कहा कि दोनों देशों के बीच कभी कोई समस्या नहीं रही है, लेकिन समस्याएं न होने का मतलब यह नहीं है कि सब कुछ ठीक चल रहा है। आज भारतीयों में विदेशी पर्यटन के प्रति रुचि बढ़ रही है। हम हर साल 10-15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पासपोर्ट जारी कर रहे हैं। हम हर साल लगभग एक से डेढ़ करोड़ पासपोर्ट जारी कर रहे हैं और ये 10 साल की वैधता वाले हैं, लेकिन हमने अभी तक जापान में ऐसा कुछ नहीं देखा है। अगर आप दक्षिण-पूर्व एशिया, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैंड, खाड़ी देश, यूरोप को देखें, तो वहां बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक जा रहे हैं।

न्यूज गैलरी

अडानी से नहीं मिले स्टालिन...

चेन्नई। तमिलनाडु के विद्युत मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने उद्योगपति गौतम अडानी से मुलाकात नहीं की और ना ही अडानी समूह के साथ कोई करार किया है। बालाजी ने इस बारे में अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि द्रमुक सरकार ने कोई अनुबंध नहीं किया था और केवल 7.01 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदने से संबंधित एक मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है। उन्होंने 2015 में अन्नाद्रमुक की सरकार के दौरान रामनाथपुरम जिले में कंपनी के 648 मेगावाट के सौर संयंत्र से बिजली खरीदने के लिए 25 साल की अवधि के लिए किए गए समझौते का जिक्र किया। बालाजी ने एक बयान में कहा, ''यह समझ में आता है कि आधे-अधूरे राजनेता अन्नाद्रमुक सरकार के बिजली खरीद निर्णय को द्रमुक सरकार के बिजली खरीद निर्णय के रूप में चित्रित करने का प्रयास करते हैं, मानो उन्हें उच्चतम न्यायालय के मामले की जानकारी नहीं हो। उनमें अडानी कंपनी या अन्नाद्रमुक की आलोचना करने का साहस नहीं है।''मंत्री ने बयान में दोहराया, ''द्रमुक सरकार के दौरान अडानी समूह के साथ कोई समझौता नहीं किया गया था और मुख्यमंत्री ने उद्योगपति से मुलाकात नहीं की, जैसा कि झूठा दावा किया गया है।'' बालाजी ने कहा, ''मुख्यमंत्री को बदनाम करने के लिए अभियान चलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'' उन्होंने विपक्षी दलों और मीडिया की इस दावे के लिए निंदा की कि स्टालिन ने अडानी से मुलाकात की और उच्च कीमत पर सौर ऊर्जा प्राप्त करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

राजनीतिक दलों के नेताओं ने कहा उन्हें जंतर-मंतर पर धरना देने की अनुमति दी गई

मणिपुर के विपक्षी गठबंधन इंडिया ने पीएम मोदी से की मांग, कहा- हिंसा प्रभावित राज्य का करें दौरा

नई दिल्ली। मणिपुर कांग्रेस प्रमुख मेघचंद्र ने कहा कि हम जंतर-मंतर पर धरना देने वाले थे, लेकिन अधिकारियों ने हमारे अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। हमारे साथ लगभग 10 राजनीतिक दल हैं। हमें विरोध करने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। इसके बाद भी हम रुकेंगे नहीं और हमारा विरोध जारी रहेगा।

मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया ने पीएम मोदी से मांग की है। गठबंधन दलों ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा करें। मणिपुर के लोगों से उनके जुड़ाव के चलते राज्य में शांति और सामान्य स्थिति कायम हो सकती है। विपक्षी गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के नेताओं ने दावा किया कि उन्हें जंतर-मंतर पर धरना देने की अनुमति दी गई।

मणिपुर कांग्रेस प्रमुख मेघचंद्र ने कहा कि हम जंतर-मंतर पर धरना देने वाले थे, लेकिन अधिकारियों ने हमारे अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। हमारे साथ लगभग 10 राजनीतिक दल हैं। हमें विरोध करने के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। इसके बाद भी हम रुकेंगे नहीं और हमारा विरोध जारी रहेगा। हमने पीएम मोदी को ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने कहा कि मणिपुर भारत का हिस्सा है। पिछले 18 महीनों में केंद्र सरकार ने इतनी लापरवाही क्यों बरती है? 60 हजार से ज्यादा लोग राहत शिविरों में हैं और सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। हमें और कितनी तकलीफ सहनी होगी? मणिपुर के लोग प्रधानमंत्री से राज्य में शांति बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि मणिपुर राज्य सरकार पर केंद्र का नियंत्रण है और मुख्यमंत्री कुछ नहीं कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि यहां अघोषित राष्ट्रपति शासन लगा है। गृह मंत्री सीधे राज्य में स्थिति को नियंत्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने तो मणिपुर की स्थिति पर बात की है और न ही राज्य का दौरा किया है। इसके अलावा उन्होंने प्रतिनिधियों को भी चर्चा के लिए आमंत्रित नहीं किया है।

पीएम को लिखे पत्र में राजनीतिक दलों ने की मांग

पीएम को लिखे पत्र में विपक्षी गठबंधन इंडिया ने उनसे मणिपुर का दौरा करने की मांग की। पत्र में कहा गया है कि मणिपुर के लोग तीन मई 2023 से अपनी आवाज आपके समक्ष रखने के लिए राज्य में आपकी उपस्थिति का इंतजार कर रहे हैं। इस उथल पुथल ने पूरे राज्य को तबाह कर दिया है। पूरे राज्य में अराजकता का माहौल है। पीएम साल समाप्त होने से पहले मणिपुर का दौरा करें। यदि आपके पास 2024 समाप्त होने से पहले मणिपुर का दौरा करने का समय नहीं है, तो आपसे अनुरोध है कि आप मणिपुर के सभी राजनीतिक दलों को अपने कार्यालय या आधिकारिक आवास पर आमंत्रित करें। आपकी सक्रिय भागीदारी ही मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति ला सकती है।

कांग्रेस लगातार हमलावर

राहुल गांधी ने पीएम पर फिर अडानी मामले कसा तंज

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के 9वें दिन शुक्रवार को जमकर बवाल हो रहा है। राज्यसभा के अंदर कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट पर नोटों की गड्डी मिलने से संसद का माहौल गरमा गया है। वहीं अदाणी मसले पर कांग्रेस लगातार हमलावर हो रही है। इन सबके बीच, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने तंज कसते हुए मोदी को संसद में आने को कहा। साथ ही उनसे अदाणी मामले पर नहीं डरने की सलाह दी।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर कहा, ‘मोदी जी संसद में आओ, अदाणी पर जांच से मत घबराओ।’

'मोदी अदाणी, भाई-भाई'

कांग्रेस अपने इंडिया ब्लॉक सहयोगियों के साथ शीतकालीन सत्र की शुरुआत से ही अमेरिका द्वारा अदाणी के अभियोग पर चर्चा करने की अपनी मांग पर कायम है। इससे पहले दिन में, विपक्षी सांसदों ने अदाणी मुद्दे पर विरोध जताने के लिए मास्क पहने, जिसपर लिखा था- ‘मोदी अदाणी, भाई-भाई’। इस दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी हाथ में संविधान की प्रति लिए नजर आए।

भारत सरकार इस मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहती है: वेणुगोपाल

कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि अदाणी के लिए यहां संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ‘आज बीआर आंबेडकर की पुण्यतिथि है, वह व्यक्ति जिन्होंने भारत का संविधान दिया। अदाणी के लिए यहां संवैधानिक अधिकार का हनन किया गया है। हम सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जब भी अदाणी का नाम आता है, भारत सरकार इस मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहती है। उन्हें ध्यान भटकाने दीजिए, हम अपना विरोध जारी रखेंगे।’

सरकार फसल को एमएसपी पर खरीदेगी
राज्यसभा में बोले कृषि मंत्री चौहान

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभी में बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार सभी कृषि उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरेदेगी। किसानों से एमएसपी पर बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने इसका आश्वासन भी दिया। उनका बयान ऐसे समय में आया, जब किसान अपनी मांगों को लेकर दिल्ली तक पैदल मार्च की योजना बना रहे हैं।

राज्यसभा में शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैं आपलोगों को आश्वासन देता हूं कि किसानों की सारी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। यह मोदी सरकार है और यह मोदी की गारंटी को पूरी करने की गारंटी है। उन्होंने कहा, ÷जब मेरे विपक्ष के दोस्त सत्ता में थे, तब उन्होंने कहा था कि वे एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को स्वीकार नहीं करेंगे। खासकर उपज की लागत पर 50 फीसदी ज्यादा देने की बात पर।÷

शिवराज सिंह चौहान के बयान पर राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ ने उन्हें रिकॉर्ड सामने रखने को कहा। केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया, ÷पहले की संप्रग सरकार ने कभी किसानों का सम्मान नहीं किया और कभी किसानों की लाभकारी कीमतों की मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया।

मैं आपके माध्यम से सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि 2019 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को उत्पादन लागत पर 50 फीसदी लाभ देकर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि मोदी सरकार किसानों को लाभकारी मूल्य दे रही है। तीन साल पहले से ही सरकार धान, गेहूं, ज्वार और सोयाबीन को उत्पादन लागत से 50 फीसदी अधिक मूल्य पर खरीदा जा रहा है।



शिवराज सिंह के समर्थन में बोले राज्यसभा के सभापति

संसद में बहस के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ ने शिवराज सिंह चौहान के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शिवराज सिंह के समर्थन में कहा, ÷माननीय मंत्री मेरे साथ थे।

जाते समय भी मेरे साथ थे, आते समय भी मेरे साथ थे। जिस व्यक्ति की पहचान देश में लाडले के नाम से थी, अब वह किसानों का लाडला होगा। मैं पूरी तरह आशावाद हूं कि अपने नाम के अनुरूप मंत्री शिवराज यह कर के दिखाएंगे। जयराम रमेश से मुझे उम्मीद थी कि वे कुछ प्रश्न पूछेंगे। अच्छा लगता अगर एक बार भी स्थगन प्रस्ताव आता। आज मैंने आपके (शिवराज सिंह चौहान) नाम का नामांकन कर दिया, किसान के लाडले।

कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या

नई दिल्ली। कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सार्निया में 22 वर्षीय लड़के की किचन में अपने रूममेट के साथ मारपीट हुई, जिसने चाकू मारकर उसकी जान ले ली। पीड़ित की पहचान पंजाब के गुरासिस सिंह के तौर पर हुई, जो लैंबटन कॉलेज में बिजनेस की पढ़ाई करता था। आरोपी का नाम क्रॉसली हंटर है जो 36 साल का है। उस पर सेकंड डिग्री के मर्डर का आरोप लगा है और हिरासत में लिया जा चुका है। सार्निया पुलिस की ओर से बताया गया कि यह घटना बीते 1 दिसंबर की है।

भारत से पंगा लेकर बुरे फंसे जस्टिन ट्रूडो, कनाडा के लोगों ने खोली पोल

ओटावा। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध खराब हो गए। चुनाव जीतने के लिए खालिस्तानियों को लुभाने में लगे कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए, जिसके बाद भारत ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। भारत के खिलाफ अनाप-शनाप बोलकर पंगा लेने वाले जस्टिन ट्रूडो को अब उन्हीं के देश की जनता ने आईना दिखाते हुए पोल खोल दी है। एक सर्वे में पाया गया है कि 39 फीसदी कनाडाई लोग मानते हैं कि जस्टिन ट्रूडो की सरकार भारत के साथ संबंधों को ठीक तरह से मैनेज नहीं कर पा रही है।

सर्वे में लोगों ने जस्टिन ट्रूडो की असलियत को दिखा दिया है। 39 फीसदी लोगों ने यहां तक कह दिया है कि जब तक जस्टिन ट्रूडो कनाडा के प्रधानमंत्री बने रहेंगे, तब तक भारत और कनाडा के बीच संबंध ठीक नहीं होने वाले। मालूम हो कि कनाडा को अगले साल आम चुनाव का सामना करना है और ट्रूडो अपने ही सांसदों से घिरे हुए हैं। उनके सहयोगी सांसदों का ही ट्रूडो से विश्वास हटता जा रहा है। कई चुनावी सर्वों में भी ट्रूडो की पार्टी पिछड़ती दिख रही है। ऐसे में वह जनता को लुभाने के लिए कई कदम उठा रहे हैं।

इस सर्वे को जाने माने एंगस रीड इंस्टीट्यूट और एशिया पैसिफिक फाउंडेशन ने मिलकर किया है। इसमें सर्वे में ज्यादातर लोगों ने कनाडाई सरकार को इस बात का जिम्मेदार ठहराया है कि उसकी वजह से ही भारत और कनाडा के बीच संबंध इतने ज्यादा खराब हो गए हैं। सर्वे से साफ है कि कनाडाई जनता भी ट्रूडो की चाल को समझ गई है। सर्वे के अनुसार, 39 फीसदी लोगों का मानना है कि कनाडा की ओर से रिश्ते ठीक तरह से मैनेज नहीं किए जा रहे, जबकि 32 फीसदी लोगों का इसके विपरीत नजरिया है। वहीं, 29 फीसदी ऐसे लोग हैं, जिन्होंने बताया कि वे कन्फर्म नहीं हैं।इस बीच, भारतीय विदेश मंत्रालय ने बुधवार को एक संसदीय समिति को कनाडा से जुड़े मुद्दों पर जानकारी दी तथा भारत-कनाडा संबंधों में तनाव पैदा होने के लिए वहां की सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के कनाडा के आरोप का जिक्र करते हुए विदेश सचिव ने कहा कि कनाडा की सरकार अपने आरोप की पुष्टि के लिए कोई सबूत पेश करने में नाकाम रही है।

चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिशेल बाचेलेट को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार-2024

चिली। भारत के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शिवशंकर मेनन की अध्यक्षता में पुरस्कार के लिए अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2024 के लिए शांति, निरस्त्रीकरण और विकास के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार चिली की पूर्व राष्ट्रपति और प्रमुख मानवाधिकार आवाज मिशेल बाचेलेट को प्रदान किया जाएगा।

वहीं इस मामले में इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट की तरफसे जारी एक बयान में कहा गया है, ‘राष्ट्रपति मिशेल बेचेलेट मानवाधिकार, शांति और समानता के लिए दुनिया की सबसे प्रमुख आवाजों में से एक हैं। संयुक्त राष्ट्र महिला की संस्थापक निदेशक, मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त और चिली की राष्ट्रपति के रूप में अपनी कई भूमिकाओं में, उन्होंने देश और दुनिया भर में लैंगिक समानता और आबादी के सबसे कमज़ोर वर्गों के अधिकारों के लिए दृढ़ता से आवाज़ उठाई है।

'चिली के साथ भारत के संबंधों में उनका खास योगदान'

ट्रस्ट के बयान में आगे कहा गया है कि, शांति और हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों के लिए खड़े होने में उनका व्यक्तिगत साहस और उदाहरण दुनिया भर के पुरुषों और महिलाओं को प्रेरित करता है। बयान में कहा गया है कि इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार बेचेलेट को दुनिया भर की महिलाओं और पुरुषों के लिए उदाहरण और प्रेरणा के रूप में दिया जाता है, क्योंकि वे कठिन परिस्थितियों में शांति, लैंगिक समानता, मानवाधिकार, लोकतंत्र और विकास के लिए लगातार प्रयास करती हैं और चिली के साथ भारत के संबंधों में उनके योगदान के लिए दिया जाता है।

‘कैश फॉर वोट’ कांड

अगर सुरक्षा से जुड़ा कोई विषय है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए

जब भरी लोकसभा में भाजपा सांसदों ने लहराए थे नोटों के बंडल, शर्मसार हुई थी कांग्रेस

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार को उच्च सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद एंटी सेबोटाज टीम (तोड़फोड़ निरोधक दस्ता) को नियमित जांच के दौरान कांग्रेस के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिली। इसे लेकर कुछ देर सदन में हंगामा हुआ और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्यों में तीखी नोकझोंक भी हुई। सिंघवी ने इस बात पर हैरानी जताई और कहा कि इस तरह के मामलों पर राजनीति होना हास्यास्पद है। उन्होंने यह भी कहा कि वह सदन में जाते हैं तो उनके पास 500 रुपये का एक नोट होता है और अगर सुरक्षा से जुड़ा कोई विषय है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

संसद भवन में कैश या व्यक्तिगत सामान लाने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं। हालांकि, सांसदों के लिए धन ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं है, लेकिन संसद के भीतर बड़ी मात्रा में कैश दिखाने या इस्तेमाल पर सख्त रोक है। 2008 के नोट के बदले वोट घोटाले के बाद यह नियम और कड़े कर दिए गए, जब लोकसभा में सांसदों को महत्वपूर्ण विश्वास मत के दौरान नकदी के बंडल दिखाते हुए देखा गया था। इस घटना ने व्यापक विवाद खड़ा किया और संसद की गरिमा बनाए रखने के लिए कड़े दिशानिर्देश बनाए गए।

विश्वास प्रस्ताव और घोटाले का खुलासा

22 जुलाई 2008 को विश्वास प्रस्ताव पर मतदान के दौरान यूपीए ने 275 मतों के साथ जीत दर्ज की, जबकि 256 मत विरोध में पड़े। इसी बीच बीजेपी के तीन सांसद ङ्क अशोक अर्जल, फगन सिंह कुलस्ते और महावीर भगोरा ङ्क ने भरी लोकसभा में नोटों के बंडल लहराते हुए दावा किया कि यह उन्हें यूपीए सरकार द्वारा रिश्वत के रूप में दिए गए थे। बीजेपी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से इस्तीफे की मांग की। पार्टी ने दावा किया कि उनके पास इस लेन-देन का वीडियो सबूत है। घटना के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने दिल्ली पुलिस को मामले की जांच के आदेश दिए। जांच के तहत बीजेपी ने अपने सांसदों द्वारा रिश्वत लिए जाने के वीडियो और ट्रांसक्रिप्ट्स पेश किए। पार्टी ने दावा किया कि उसके वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के एक सहयोगी सुधींद्र कुलकर्णी ने मनमोहन सिंह सरकार को बेनकाब करने के लिए तीनों सांसदों को रिश्वत देने के लिए सपा के राज्यसभा सांसद अमर सिंह को शामिल किया था।

यूपीए सरकार का 2008 का विश्वास प्रस्ताव और कैश फॉर वोट स्कैम

2008 में तत्कालीन कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार ने संसद में विश्वास प्रस्ताव जीता, लेकिन इस दौरान भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार कर देने वाला ‘कैश फॉर वोट’ घोटाला सुर्खियों में रहा। इंडो-अमेरिका परमाणु समझौते को लेकर वाम मोर्चा ने यूपीए सरकार से समर्थन वापस ले लिया, जिससे सरकार अल्पमत में आ गई। 543 सदस्यीय लोकसभा में यूपीए को बहुमत के लिए 272 सांसदों की आवश्यकता थी, जबकि उसके पास केवल 226 सांसद थे। ऐसे में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी (39 सांसद) का समर्थन निर्णायक साबित हुआ। इस बीच, वाम दलों ने लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी से इस्तीफा देने की मांग की, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। परिणामस्वरूप, चटर्जी को सीपीआई(एम) से निष्कासित कर दिया गया।

बिना एसी, फ्रिज वाले उपभोक्ताओं को भी हजारों का बिल, जिन घरों में हजार रूपए की खपत उन्हें थमा दिया 4 हजार का बिल

बिलों की शिकायत लेकर उपभोक्ता बिजली दफ्तर का चक्कर लगाने मजबूर

■ विभाग ने कहा- यह अतिरिक्त सुरक्षा निधि, उपभोक्ता घबराएं नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिजली बिल हॉफ करने की योजना आने के बाद लगातार ज्यादा बिल मिलने से उपभोक्ता परेशान है लोगों की शिकायतें है कि विभाग के लोग खपत से ज्यादा ही बिजली बिल दे रहे है।इसकी शिकायतें भी की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।अतिरिक्त बिजली बिल मिलने से परेशान लोग बिल सुधरवाने बिजली दफ्तर के चक्कर लगा रहे है।

बिजली विभाग द्वारा हमेशा अतिरिक्त बिल दिए जाने का आरोप उपभोक्ता लगाते रहे है। लेकिन उपभोक्ताओं को कुछ जानकारी नहीं है कि पिछले माह लोगों को बढ़े हुए बिल क्यों मिले है।2011 से एएसडी अतिरिक्त सुरक्षा अधिभार उपभोक्ताओं से नियामक आयोग के निर्देशानुसार लिया जाता है, जिसमें साल के अंतिम दो महीनों पहले तीन माह के बिल के हिसाब से एवरेज बिल के हिसाब से लिया जाता है। अक्टूबर-नवम्बर माह में दो से तीन माह के हिसाब से एवरेज बिल उपभोक्ताओं के बिल में जोड़ दिया जाता है, जिससे वह राशि उनके एकाउंट में जमा होती है। और फिर अगले साल दो माह का अतिरिक्त सुरक्षा निधि जमा होता है तो उन उपभोक्ताओं से अतिरिक्त राशि नहीं ली जाती है उसी में उसे अर्जेस्ट कर दिया जाता है। वही जब कोई उपभोक्ता मीटर निकलवाता है तो वह जमा राशि लाइन कटवाने के दौरान अर्जेस्ट कर दी जाती है। उससे अन्य राशि नहीं वसूल की जाती है।

हर बुधवार विद्युत समस्या समाधान शिविर, उपभोक्ता कर सकेंगे शिकायतें

बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के लिए दिसंबर माह में प्रत्येक बुधवार को शिविर लगाया जाएगा। जिसकी शुरुआत 4 दिसंबर से हो गई है। जिसमें गलत बिल, बिजली की दरो से संबंधित मामले, मीटर सिक्योरिटी समेत अन्य मामलों पर सुनवाई की जाएगी। कार्यकारी अभियंता सैयद मुख्तार ने बताया कि विभाग के कार्यालय में 4 दिसंबर को 11 से शिविर लगाया जाएगा। बैठक में सभी बिजली उपभोक्ता अपनी समस्या को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। अक्सर देखा जाता है कि उपभोक्ता बिजली संबंधित समस्या लेकर जोन कार्यालय पहुंचते हैं। जहां उन्हें दर-दर भटकना पड़ता है और उनकी समस्या का निराकरण भी नहीं होता है जिसे विशेष ध्यान में रखकर अब शहर के जोन कार्यालय में विद्युत समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें उपभोक्ता अपनी बिजली संबंधित समस्या को लेकर विद्युत विभाग में अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। ताकि उनकी समस्या का जल्द से जल्द निवारण हो सके। यह शिविर हर सप्ताह में बुधवार के दिन आयोजित की गई है। हर बुधवार को जोन कार्यालय में उपभोक्ता अपनी बिजली संबंधित समस्या लेकर जा सकते हैं।

उपभोक्ताओं को कोई अतिरिक्त बिल नहीं दिया जा रहा

हर साल उपभोक्ताओं से एएसडी के तौर पर साल के अंतिम दो महीनों पहले लिया जाता है, जो कि उनके एकाउंट में ही जमा होते है।उपभोक्ताओं को लगता है कि उनसे अतिरिक्त बिल की राशि ली जा रही है। यह अतिरिक्त सुरक्षा निधि बाद में बिल में अर्जेस्ट कर दी जाती है। बिजली विभाग के सभी जोन में उपभोक्ताओं के लिए अलग से हेल्प डेस्क है जहां उपभोक्ताओं की समस्याओं को दूर किया जाता है। कोई अतिरिक्त बिल उपभोक्ताओं से नहीं किया जा रहा है।

पी.आर.साहू
अधीक्षण यंत्री

■ न्यूज गैलरी

सीयू में डॉ. अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सक्षम नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में आज सुबह 9 बजे भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजनीश सिंह , पूर्व विधायक, बेलतरा विधानसभा ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जीवन पर शोध की असीम संभावनाएं मौजूद हैं। डॉ. अम्बेडकर ने जीवन में कठिन परिस्थितियों एवं संघर्षों का सामना करते हुए श्रेष्ठता को प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का संपूर्ण जीवन समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। हम सभी को डॉ. अम्बेडकर जी के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक उत्थान के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी कुलपति प्रो. अमित कुमार सक्सेना ने कहा कि संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रतीक डॉ. अम्बेडकर महान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने संघर्षों के बाद भी श्रेष्ठतम शिक्षा प्राप्त की। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक असमानता के खिलाफ आवाज उठाई और समाज में परिवर्तन लाने का निरंतर प्रयास किया।

कौंसिल सदस्य्य को हटाने का दिया था आदेश

फार्मेसी कौंसिल के रजिस्ट्रार के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ फार्मेसी कौंसिल रजिस्ट्रार के उस विवादित आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें फार्मेसी कौंसिल के सदस्य को हटा दिया गया था, आईएमए के चेयरमैन व फार्मेसी कौंसिल के मेंबर डा. राकेश गुप्ता ने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रजिस्ट्रार के उस आदेश पर रोक की मांग की थी जिसमें उसे कौंसिल के मेंबर पद से हटा दिया था। मामले की सुनवाई जस्टिस एनके चंद्रवंशी के सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने फार्मेसी कौंसिल रजिस्ट्रार के आदेश और उसके क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। आईएमए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चेयरमैन व फार्मेसी कौंसिल के मेंबर डा राकेश गुप्ता ने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। दायर याचिका में याचिकाकर्ता डा. गुप्ता ने बताया है कि वह मेडिकल कौंसिल आफ छत्तीसगढ़ के निर्वाचित सदस्य हैं। छत्तीसगढ़ फार्मेसी कौंसिल एक्ट में दिए गए प्रावधान और व्यवस्था के तहत वह फार्मेसी कौंसिल आफ छततीसगढ़ के नामिनेटेड मेंबर हैं। वर्ष 2020 से वह फार्मेसी कौंसिल के नामित सदस्य हैं और अपना काम करते रहे हैं। पद से हटाने के जो कारण बताए गए हैं वह नियमों के विपरीत है। फार्मेसी कौंसिल के मेंबर से हटाने के लिए आरोप लगाए गए हैं कि वे लगातार तीन मीटिंग में अनुपस्थित रहे। याचिकाकर्ता ने रजिस्ट्रार के अधिकारों का उल्लेख करते हुए बताया कि रजिस्ट्रार को इस तरह के आरोप लगाकर मेंबर को उनके पद से हटाने का अधिकार ही नहीं है। रजिस्ट्रार ने नियमों विपरीत जाते हुए आदेश जारी किया है।

रजिस्ट्रार को अधिकार नहीं

मामले की सुनवाई जस्टिस एनके चंद्रवंशी के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता संदीप दुबे ने फार्मेसी कौंसिल एक्ट और दिए गए प्रावधान की जानकारी देते हुए कोर्ट को बताया कि फार्मेसी कौंसिल एक्ट के अनुसार कौंसिल के मेंबर्स को हटाने का अधिकार रजिस्ट्रार को नहीं है। नियमानुसार सामान्य सभा की बैठक बुलानी थी। बैठक में इन आरोपो को पटल पर रखा जाता। सामान्य सभा में उपस्थित मेंबर्स के फैसले के आधार पर कार्रवाई की जानी थी। रजिस्ट्रार ने नियमों व निर्देशों की खुलकर अवहेलना की है। सामान्य सभा के अधिकार का यह सीधा-सीधा हस्तक्षेप है। अधिवक्ता संदीप दुबे ने कोर्ट से कहा कि रजिस्ट्रार ने सामान्य सभा के अधिकारों पर हस्तक्षेप के साथ ही क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर यह आदेश जारी किया है जो नियमों व निर्देशों के साथ ही फार्मेसी कौंसिल के प्रावधानों के विपरीत है। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने फार्मेसी कौंसिल रजिस्ट्रार के विवादित आदेश और उसके क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है।

एयू के सामने बैरिकेड्स लगाने छात्रों ने की मांग

■ यातायात डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश।छात्र संघ बिलासपुर एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय मोड़ के पास लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण को लेकर डीएसपी यातायात पुलिस बिलासपुर को ज्ञापन सौंप विभिन्न मांगे रखी। ज्ञात हो कि अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय मेन गेट के सामने अंधा मोड़ होने से आने जाने वाले छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों व अन्य समय-समय पर सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा इस हेतु छात्र छात्राओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने ट्रैफिक डीएसपी श्री चौहान से मुलाकात कर विश्वविद्यालय मोड़ के पास ट्रैफिक नियंत्रण हेतु बैरिकेट्स लगाने, निगम के अधिकारियों से बातचीत कर गो स्लो का बोर्ड लगाने एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास पॉइंट बनाकर ट्रैफिक जवान तैनात करने को लेकर अपनी मांगे ट्रैफिक डीएसपी शिवचरण सिंह चौहान के समक्ष रखी। जिस पर डीएसपी श्री चौहान ने इसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए तत्काल संबंधित स्टाफ को बैरिकेट्स बिछाने एवं उक्त पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मंगला शराब भट्ठी के पास लूटपाट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंगला शराब भट्ठी में लूटपात करने वाले चार आरोपियों को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मनीष कुमार कश्यप घुटकू स्थित कोल फील्ड कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्य करता है, जो 4 दिसंबर को शाम लगभग 4 बजे घुटकू स्थित कोल फील्ड कंपनी से काम करके दीनदयाल कॉलोनी मंगला स्थित अपने घर वापस आ रहा था। घटना समय शाम लगभग 4 बजे मंगला शराब भट्ठी के पास पहुंचा था। इसी समय उपरोक्त आरोपी गण प्रार्थी को रास्ते में रोक लिये और सभी एक राय होकर मारपीट करने लगे। मारपीट करने से प्रार्थी अपनी मोटर सायकल सहित गिर गया। तब आरोपी मोनू गौतम बलपूर्वक प्रार्थी के फूलपेंट के पाकेट में रखे नगदी रकम 2,000रू- रूपये को निकाल कर अपने पास रख लिया । इसी समय आरोपी अमीर खान भी प्रार्थी के दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में पहने सोने की अंगूठी कीमती 12,000 रूरूपये को बलपूर्वक लूट कर अपने पास रंख लिया। सभी लोग प्रार्थी से मारपीट कर नगदी रकम व सोने की अंगूठी को लूट कर दीनदयाल कॉलोनी तरफ भाग गये कि सूचना पर अपराध पंजीबध्द की गई जिसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारीयों को दी गई पश्चात वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में ठीम तैयार कर आरोपीगणों को मंगला क्षेत्र में पतासाजी कर पकड़कर थाना लाया गया। सभी मोनू गौतम उर्फ हरिमंगल पिता धरम प्रकाश गौतम उम्र 30 साल नि. पंचमुखी हनुमान मंदीर के पास कुदुदंड थाना सिविल लाईन ,अमीर खान पिता हमीद खान उम्र 29 साल शिव चौक कुदुदंड ,आसिफ खान पिता लतीफ खान उम्र 28 साल नि0 आजाद चौक मंगला बस्ती थाना सिविल लाईन ,अथर्व तिवारी पिता स्व0 बालाराम तिवारी उम्र 28 साल नि0 एलआईजी 1003 दीनदयाल कॉलोनी मंगला आरोपियो पुछताछ कर आरोपीगणों से लूटपाट किये नगदी रकम एवं सोने की अगूठी जप्त किया जाकर दिनॉक 05.12.2024 गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी गई है।

सोलर पंप से बदली तीरथ राम की जिंदगी बढ़ी आमदनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। न बिजली के बिल की झंझट ओर न ही पावर कट की परेशानी। छत्तीसगढ़ शासन की सौर सुजला योजना पूरे प्रदेश सहित बिलासपुर जिले के किसानों के लिए भी वरदान साबित हो रही हे। इस योजना से जहां किसान भरपूर पानी अपने खेतों तक पहुंचा रहे हैं तो दूसरी तरफ ऐसे ही किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। इस योजना का लाभ लेकर लिम्हा के किसान श्री तिरथ राम की आमदनी बढ़ गई है उन्हें खेती किसानी में भी आसानी हो रही है।

अवैध खनन व परिवहन करते 11 हाइवा व 8 ट्रैक्टर जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। दोनों विभाग की संयुक्त टीम ने 6 दिसंबर को ग्राम करहीकछार में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की शिकायत प्राप्त होने पर कार्रवाई की। जिसमें खनिज विभाग के द्वारा रेत परिवहन में संलिप्त पाये जाने पर 7 हाईवा वाहनों को जप्त कर बेलगहना थाने में पुलिस सुरक्षा में रखा गया है। राजस्व विभाग के द्वारा भी 4 हाईवा एवं 4 ट्रैक्टर को जप्त कर तहसील कार्यालय में सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी मामलों में नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। करहीकछार रेत खदान संचालक को भी नोटिस जारी की जा रही है। इसके अतिरिक्त खनिज अमला के द्वारा आज ही अवैध रेत परिवहन करते हुए घुटकु, कछार एवं पेण्डरवा क्षेत्र से 4 ट्रैक्टर को जप्त कर कोनी थाने में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण पर खनिज विभाग, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही जारी है। वन विभाग के द्वारा भी वन क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन के मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जा रही है।

किश्तों में धान का भुगतान करना किसानों के साथ धोखाधड़ीः कांग्रेस

सीपत/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस मस्तूरी विधानसभा के तत्वाधान में धान समर्थन मूल्य की वादाखिलाफी , उपार्जन केंद्रों की बदहाल व्यवस्था , बेलगाम नशा व बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने , छग के बड़े उद्योगों में स्थानीय युवावों के रोजगार को लेकर व विभिन्न क्षेत्रीय एवं स्थानीय मुद्दों को लेकर प्रदेश की आम जनता के परेशानियों के विरोध में 9 दिसंबर दिन सोमवार को सुबह 12 बजे सीपत तहसील के घेराव किया जाएगा। मस्तूरी विधानसभा के युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पटेल ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने घोषणा पत्र में धान का समर्थन मूल्य एकमुश्त देने की बात कही थी लेकिन सरकार अपने वादों से मुकरकर किसानों के साथ धोखाधड़ी व छलावा कर रही है उन्हें पूरी राशि न देकर किश्तों में दे रही है। जिसके चलते किसान परेशान है। इसके अलावा विभिन्न मुद्दों को लेकर सीपत तहसील का वृहद स्तर पर घेराव कर सरकार के नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया जाएगा । इसके बाद सीएम विष्णुदेव साय के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। घेराव की सूचना सीपत तहसील व थाने में दे दी गई है। मस्तूरी युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पटेल ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इस प्रदर्शन में शामिल होने अपील की है।

भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन 9 को

पूर्व मंत्री बांधी ने किया कौड़िया धान खरीदी केंद्र का उद्घाटन

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री और मस्तूरी के पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि देश में ऐसी कोई सरकार नहीं है जो किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार जितना काम कर रही हो। किसानों को इतना आर्थिक सहयोग और योजनाओं का लाभ कहीं और नहीं मिल रहा। यह बात उन्होंने मंगलवार को ग्राम पंचायत कौड़िया में धान खरीदी केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में कही।इस दौरान प्रदेश भाजपा सह कोषाध्यक्ष बीपी सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी योजना किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस योजना से किसानों को आर्थिक मजबूती मिली है। उन्होंने किसानों से चर्चा की और उनकी समस्याओं को भी सुना। किसानों ने योजना को लेकर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की अन्य योजनाओं और उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया।

शत-शत नमन

कांग्रेसजनों ने बाबा भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

डॉ. अंबेडकर सामाजिक व्यवस्था में कुरीतियों के सबसे बड़े विरोधी थे

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा 6 दिसम्बर को अम्बेडकर चौक में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा भीम राव अम्बेडकर जी की निर्वाण दिवस मनाई, उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई । इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि आजादी के बाद देश की तत्कालीन व्यवस्था और स्थिति को प्रजातन्त्र के अनुरूप बनाये रखने के लिए एक ऐसी दस्तावेज की जरूरत थी जिससे देश की गरीब जनता को उनका अधिकार मिल सके, सामाजिक समरसता की स्थापना हो ,देश के संसाधनों के उपयोग देश के विकास में योजना बद्ध तरीके किया जा सके, जिसकी नीति और सिद्धांतों को हर नागरिक मानने के लिए बाध्य हो, इसके लिए प्रारूप समिति के अध्यक्ष की जिम्मेदारी बाबा भीमराव अंबेडकर को सौंपी गई और इस तरह भारत का संविधान बना जिसे 26 जनवरी 1950 को देश ने अंगीकार किया। बाबा भीमराव अंबेडकर सामाजिक व्यवस्था में व्याप्त कुरूतियों को दूर करने की दिशा बड़े काम किये,समाज के शोषित ,दलित लोगो को उनके अधिकार दिलाने में अपना जीवन को समर्पित किया, उन्हें प्रथम कानून मंत्री बनने का गौरव प्राप्त है,वे एक वकील,प्रोफेसर, पत्रकार,लेखक, समाज सुधारक थे। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय,संयोजक ज़फ़र अली,हरीश तिवारी, त्रिभुवन कश्यप, माधव ओतलवार, चन्द्र प्रकाश देवरस, अनिल सिंह चौहान, जावेद मेमन, विनोद साहू, सीमा घृतेश, स्वर्णा शुक्ला, प्रियंका यादव, शुभलक्ष्मी सिंह, राम दुलारे रजक, सुभाष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

दलितों के लिए उठाई आवाज

संयोजक ज़फ़र अली, हरीश तिवारी ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर एक विपुल बुद्धि के बालक थे, जिन्होंने केम्ब्रिज और स्कूल ऑफ इकनोमिक लन्दन से अर्थ शास्त्र में डी लिट् की उपाधि प्राप्त की कुछ समय बड़ौदा रियासत में नौकरी की, प्रोफेसर बने ,वकालत करने के बाद आज़ादी की लड़ाई में हिस्सा लिए,तीनो गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया और दलित समाज के लिए कुछ मांग मनवाने में सफल रहे ,बाबा अम्बेडकर जी अपने अंतिम समय मे बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिए और 6 दिसम्बर 1956 को मुंबई में उनका निधन हो गया ,आज बाबा साहब द्वारा बनाये गए संविधान को ही बदलने की बात कर रहे है, जो देश की जनता प्रजातांत्रिक मूल्यों को खत्म हो जाएगा इससे देश राजतन्त्र की ओर बढेगा और तानाशाह प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलेगा।

सुविचार

इंसान एक दुकान है और जुबान उस पर लगा ताला। जब ताला खुलता है तभी पता चलता है कि दुकान सोने की है या कोयले की - अज्ञात

ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह

देश में उत्तरप्रदेश के बाद दूसरे सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के रूप में देवेन्द्र फडणवीस ने जब आजाद मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में तीसरी बार सीएम पद की शपथ ली तो वह समारोह ऐतिहासिक बन गया। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी चौथी बार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर एक नया इतिहास रच दिया। महाराष्ट्र में सरकार चाहे किसी की भी बने उपमुख्यमंत्री पद मानो अजित पवार के लिए ही सुरक्षित हो गया है। इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री तथा एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री शामिल हुए, यही नहीं बल्कि उद्योगजगत और फिल्मजगत के अलावा सार्वजनिक जीवन की तमाम हस्तियों ने भी शपथ ग्रहण समारोह की शोभा बढ़ाई। शायद यह किसी भी मुख्यमंत्री का पहला शपथ ग्रहण समारोह है जिसमें इतनी बड़ी संख्या में नेताओं का जमावड़ा लगा हो। देवेन्द्र फडणवीस का कद निश्चित रूप से ऊंचा हो गया है और अब तो उन्हें देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद भाजपा का चौथा सबसे बड़ा और लोकप्रिय नेता माना जा रहा है। निश्चित रूप से देवेन्द्र फडणवीस की यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वहीं दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सरकार गठन के पहले अपनी नाराजगी दिखाकर अपना कद घटा लिया है। ढाई साल पहले जब एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनाया गया था और सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के नेता पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को उनके अंदर उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तो उनके चेहरे पर शिकन भी नहीं आई थी और उन्होंने भाजपा हाई कमान के निर्णय को खुशी-खुशी शिरोधार्य करते हुए उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और पूरे ढाई साल तक उपमुख्यमंत्री के रूप में अपने दायित्व का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया था। किन्तु इस बार जब भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी और देवेन्द्र फडणवीस मुख्यमंत्री बने तो एकनाथ शिंदे उनके अंदर उपमुख्यमंत्री बनने के लिए राजी नहीं हो रहे थे। न नुकूर करने लगे और भाजपा के सामने तरह-तरह की शर्तें रखकर सौदेबाजी पर उतर आये। हालांकि भाजपा हाईकमान ने उनकी कोई भी शर्त नहीं मानी नतीजतन उन्होंने मन मारकर उपमुख्यमंत्री पद स्वीकार कर लिया। दरअसल इसके लिए शिवसेना के विधायकों ने ही उन पर दबाव डाला था कि वे अपनी जिद छोड़े और सरकार में शामिल हो अन्यथा भाजपा को अजित पवार का समर्थन है। इसलिए वे शिवसेना को दरकिनार करके भी अपनी सरकार बना लेगी और पूरे पांच साल तक चला भी लेगी। इसके बाद भी एकनाथ शिंदे ने अपने हथियार डाले ऐसा करके उन्होंने अपना कद घटा लिया है। हालांकि अब वे सरकार का हिस्स बन गये है लेकिन वे कब तक महायुति गठबंधन की सरकार का हिस्सा रहेंगे। इस बारे में कुछ भी कह पाना मुहाल है। बेहतर तो यही होगा कि एकनाथ शिंदे बड़ा दिल दिखाये और देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व में बनी सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाये। अन्यथा उनका भी हश्र उद्धव ठाकरे जैसा ही हो तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

सोशल मीडिया पर नकेल कसना जरूरी

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म में आपत्तिजनक सामग्री परोसी जा रही है उसे देखते हुए बेलगाम हो चली सोशल मीडिया की नाक पर नकेल कसे जाने की जरूरत बड़ी शिद्दत के साथ महसूस की जा रही है। किन्तु सरकार ने इस दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठाये हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा के सांसद अरूण गोविल ने यह मुद्दा उठाया। निश्चित रूप से अरूण गोविल बधाई के पात्र है। जिन्होंने संसद में यह मुद्दा उठाकर सरकार को इस बारे में विचार करने के लिए बाध्य किया। अरूण गोविल के सवाल के जवाब में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह माना की सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्मों को विनियमित करने के लिए मौजूदा कानूनों को और कड़ा बनाने की तत्काल जरूरत है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज के आधुनिक युग में सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्मों की उपयोगिता बढ़ गई है। लेकिन वे बेलगाम हो चली है जो चिंता का विषय है। लोकतांत्रिक संस्थायें और प्रेस के पारंपरिक रूप जो कभी जवाब देही तथा प्रस्तुत की जानी वाली सामग्री की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए संसदीय जांच और नियंत्रण पर निर्भर हुआ करते थे। उसमें अब बदलते समय के साथ नियंत्रण में कमी आ रही है। इसलिए सोशल मीडिया पर अशोभनीय सामग्री शामिल हो रही है। जिसकी निगरानी के लिए कड़े कानूनी प्रावधान करना जरूरी हो गया है। संसद में यह मामला उठने और केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव की घोषणा के बाद अब उम्मीद बंधी है कि सरकार बेलगाम हो रही सोशल मीडिया पर लगाम लगाने के लिए जल्द से जल्द कारगर कदम उठाएगी। इसी के साथ ही हिन्दी फिल्मों में अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेंस पहुंचाने वाली सामग्री परोसने की जो प्रतिपर्स्धा चल पड़ी है उस पर भी रोक लगाने के लिए कड़े कानून बनाने पर सरकार को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। हिन्दी फिल्मों में हिंसा और अश्लीलता को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। इस पर भी कड़ाईपूर्वक रोक लगाने के लिए फिल्म सेंसर बोर्ड को कड़े कदम उठाने की स्वतंत्रता और अधिकार दिये जाने चाहिए।

बांग्लादेश में अनियंत्रित होते चरमपंथी

नीरज मनजीत

सच बोलकर हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही ज़्यादती को दिखानेवाले मीडिया संस्थानों पर बंदिश लगाने की योजनाएँ बनाई जा रही हैं। क्या यह जमात इस बात से अनजान है कि भारत से कूटनीतिक और कारोबारी रिश्ते बिगाड़ने का नुक़सान बांग्लादेश को ही होगा? आईएसआई और पाकिस्तान के हुक्मरान बांग्लादेश को चीनी खे़मे में डालकर आगे ले जाने का सब्ज़बाग दिखा रहे हैं। पिछले कई वर्षों से हम देख रहे हैं कि पाकिस्तान ने कट्टरवाद और आतंकवाद के रास्ते पर चलकर खुद को बर्बाद कर लिया है। ऐसे देश के साथ चलकर बांग्लादेश कहाँ पहुँचेगा, इसका अंदाज़ा लगाना कोई मुश्क़िल काम नहीं है। इस मक़ाम पर यक्ष प्रश्न यह है कि क्या भारत को बांग्लादेश के ख़िलाफ़ युद्ध में उतरना पड़ सकता है? भारत के लिए संभवतः यह आख़िरी विकल्प होगा। मगर युद्ध की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश के चरमपंथियों ने भारत को बेवजह उकसाने और हिंदुओं पर ज़ुल्म का जो रास्ता चुना है, उसकी परिणति युद्ध पर भी हो सकती है।

मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश के विद्वान अर्थशास्त्री और समाजसेवी हैं। जैसी कि उनकी इमेज पेश की गई है कि वे संवेदनशील उदारवादी शख्स हैं। बांग्लादेश के निचले तबके के लोगों को ग़ुरबत से निकालने के लिए 2006 में उन्होंने माइक्रो फ़ाइनेंस की योजना तैयार की थी। इसके तहत उन नितांत छोटे उद्यमियों को कर्ज़ दिया जाता था, जो बैंकों से कर्ज़ पाने की पात्रता नहीं रखते थे। मसलन राजमिस्त्री, बढ़ई, रेहड़ीवाले, बूट पॉलिश करनेवाले आदि।

उनके प्रयत्नों से बांग्लादेश के बहुत से ग़रीब परिवारों को कमाई का एक जरिया मिला था। इस नेक काम के लिए उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस पुरस्कार के अलावा उन्हें 2009 में यूनाइटेड स्टेट्स प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ़ फ्रीडम और 2010 में कांग्रेसनल गोल्ड मेडल से भी सम्मानित किया गया है। फ़िलहाल वे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार हैं। यह भी कहा जा सकता है कि बांग्लादेश की सत्ता की बागडोर मोहम्मद यूनुस के हाथों में है।

नाहिद इस्लाम, आसिफ़ महमूद और अबू बकर मजूमदार ढाका यूनिवर्सिटी के वे छात्रनेता हैं, जिन्होंने शेख हसीना की कथित तानाशाही के ख़िलाफ़ लड़ाई लड़ी और कथित तौर पर बांग्लादेश में "उदारवादी लोकतंत्र" की बहाली की है। शेख हसीना के तख़्ता पलट के चार महीने बाद ये चारों तथाकथित लोकतंत्रवादी महानुभाव वातानुकूलित कमरों की खोह में बैठा दिए गए हैं और बांग्लादेश पर चरमपंथी उन्मादी भीड़ का कब्ज़ा है। इन चार महीनों में कट्टरपंथी जेहादियों ने एक विकसित होते सभ्य तरक्क़ीपसंद देश को सैकड़ों साल पीछे धकेल दिया है।

इस तख्ता पलट का सबसे बड़ा ख़ामियाज़ा बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय को भुगतना पड़ रहा है। कोई ऐसा दिन नहीं होता, जब उन पर अत्याचारी हमले की ख़बर न आती हो। उन्हें मारा पीटा जा रहा है। उनके घरों दुकानों मंदिरों को जलाया जा रहा है। नौकरीपेशा हिंदुओं पर भी हमले हो रहे हैं। सड़कों पर उतरी उन्मादी भीड़ उन्हें बुरी तरह डरा रही है। मक़सद साफ़ है। अल्पसंख्यक समुदाय, जिनमें बौद्ध ईसाई भी शामिल हैं, को मारपीट कर डरा धमका कर बांग्लादेश छोड़ने पर विवश करना।

तख्ता पलट के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के ख़िलाफ़ विध्वंसक ख़ूनी माहौल बनाया जा रहा है। इसके मद्देनज़र एक बड़े जीनोसाइड की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता, जैसा कि 1947 में विभाजन के बाद और 1990 में कश्मीर में दिखाई पड़ा था।जब अपने ऊपर हो रही क्रूरता और अन्याय का शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिकार किया गया, तो देशद्रोह का आरोप लगाकर एक कृष्णभक्त संत चिन्मय कृष्ण दास और उनके दो साधु साथियों को जेल में डाल दिया गया। चिन्मय दास बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रमुख और इस्कॉन चटगाँव के अध्यक्ष हैं। बांग्लादेश का हिंदू समुदाय अपने लिए सिर्फ़ सम्मानजनक नागरिक अधिकार और पूजागृहों की सुरक्षा माँग रहा है। उनके अंदर हमारे यहाँ के अल्पसंख्यक समुदाय की तरह नाजायज़ आक्रामकता और बहुसंख्यक समुदाय के प्रति अहर्निश घृणा भाव नहीं है।

फ़िलहाल बांग्लादेश में हालात यह हैं कि मोहम्मद यूनुस और छात्र नेताओं का उदारवाद और लोकतंत्र की बहाली का इरादा गर्त में जा चुका है और कट्टरपंथियों की हैवानियत सड़कों पर है। बांग्लादेश अब पाकिस्तान की राह पर चल निकला है। आईएसआई की सोच ने बांग्लादेशी जेहादियों के दिलोदिमाग पर कब्ज़ा कर लिया है। मोहम्मद यूनुस के मुख से बोल नहीं फूट रहे हैं।

चरमपंथियों पर उनका कोई नियंत्रण नहीं है। जापान के मीडिया संस्थान निक्केई एशिया ने जब उनसे इंटरव्यू लिया, तो उन्होंने साफ़ इंकार कर दिया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। उल्टे उन्होंने भारत पर प्रोपेगैंडा फैलाने का इल्ज़ाम मढ़ दिया। बेशर्मी, ग़ैर जिम्मेदारी और झूठ से भरा इससे बड़ा और कोई बयान हो नहीं सकता। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही नृशंसता को सारी दुनिया देख रही है। मोहम्मद यूनुस ने एक बार फिर साबित किया है कि शांति और स्वतंत्रता के लिए मिले सबसे बड़े पुरस्कार किसी को उदार नहीं बना सकते है और न ही मानवता, शांति और स्वतंत्रता के पक्षधर।

सत्ता में बैठी कट्टरपंथियों की जमात अब भारत के ख़िलाफ़ ज़हर से भरे बड़बोले बयान दे रही है। सच बोलकर हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रही ज़्यादती को दिखानेवाले मीडिया संस्थानों पर बंदिश लगाने की योजनाएँ बनाई जा रही हैं। क्या यह जमात इस बात से अनजान है कि भारत से कूटनीतिक और कारोबारी रिश्ते बिगाड़ने का नुक़सान बांग्लादेश को ही होगा? आईएसआई और पाकिस्तान के हुक्मरान बांग्लादेश को चीनी खे़मे में डालकर आगे ले जाने का सब्ज़बाग दिखा रहे हैं। पिछले कई वर्षों से हम देख रहे हैं कि पाकिस्तान ने कट्टरवाद और आतंकवाद के रास्ते पर चलकर खुद को बर्बाद कर लिया है। ऐसे देश के साथ चलकर बांग्लादेश कहाँ पहुँचेगा, इसका अंदाज़ा लगाना कोई मुश्क़िल काम नहीं है।

इस मक़ाम पर यक्ष प्रश्न यह है कि क्या भारत को बांग्लादेश के ख़िलाफ़ युद्ध में उतरना पड़ सकता है? भारत के लिए संभवतः यह आख़िरी विकल्प होगा। मगर युद्ध की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश के चरमपंथियों ने भारत को बेवजह उकसाने और हिंदुओं पर जुल्म का जो रास्ता चुना है, उसकी परिणति युद्ध पर भी हो सकती है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1917 में 7 दिसंबर को ही अमेरिका प्रथम विश्व युद्ध का हिस्सा बना और उसने ऑस्ट्रिया-हंगरी पर हमला किया था। 1936 में आज ही के दिन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर जैक फिलिंगटन लगातार चार टेस्ट पारियों में शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बने थे। 1949 से आज के दिन ही भारतीय सशस्?त्र बल फ्लैग डे मनाया जाता है। 1972 में 7 दिसंबर के दिन ही अमेरिका ने चंद्रमा के लिए अपने अभियान के तहत अपोलो 17 का प्रक्षेपण किया था। 1992 में आज ही के दिन दक्षिण अफ्रीकी धरती पर पहली बार कोई वनडे मैच खेला गया था। 1995 में 7 दिसंबर के दिन ही भारत ने संचार उपग्रह इनसेट-2सी का प्रक्षेपण किया था।1995 में आज ही के दिन अमेरिकी स्पेश एजेंसी नासा का अंतरिक्ष यान गैलीलियो बृहस्पति पहुंच गया था। 2001 में 7 दिसंबर के दिन ही विक्रमसिंघे श्रीलंका के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए थे। 2002 में आज ही के दिन तुर्की की आजरा अनिन मिस वर्ल्ड बनीं थीं। 2003 में 7 दिसंबर के दिन ही रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लिखता हूं हर

लिखता हूं हर शब्द मैं ,सीधा सरल सपाट। खोले हैं जज्बात के, जब भी कभी कपाट। जब भी कभी कपाट,भाव टपके झर झरते। कुछ तो लेते बाँच ,कई टिप्पणियां करते। होता है जो सत्य,वही सम्मुख रखता हूं। दोहे में हर बात,सामयिक मैं लिखता हूं।। - **रमेश शर्मा वशिष्ट**

पतझर तो दर्द

पतझर तो दर्द के छलते हैं। आंखों से झर झर ढलते हैं। नव भावों की युग झीलों में गीतों के कमल मचलते हैं! सागर से हैं गहरे गहरे पलकों पर बादल से ठहरे जीवन वाली मधु गुनगुन से जीवन के पाखी चलते हैं। किरनों से मन इनके निखरे भावों में इंद्रधनुष बिखरे जिस भी पथ से ये जाते हैं मधुबन खिल नए महकते हैं। कितने चन्दा, सूरज ढलते आने में इनको युग लगते युग मांझी तो युग साहिल से लेकर पतवार निकलते हैं।

-अजय कुमार सिंह भदोरिया

खास पाती | रोज एक कविता अर्धचेतना अवस्था

रोज एक कविता अर्धचेतना अवस्था में जन्म लेती है फिर बहुत सी बातें करती है अपने सृजनकार से दोनों की बातें कोई सुन नहीं पाता कवि इस दुनिया से अलग हो जाता हे दोनों कभी साथ में हंसते है कभी साथ रोते है कभी कभी गले भी लगते है जानते है भावनाओं का संवेदन है कोई नहीं समझेगा प्रेमी और प्रेमिका की तरह एकांत चाहते हैं और अचानक कविता बिखर जाती है पन्नों पर कवि फिर अकेला हो जाता है हंसता है मुस्कुराता है धीरे से बुदबुदाता है तुम धोखेबाज प्रेमिका की तरह छोड़ गई मुझे फिर खुद कह उठता है हां अकेलापन मुझ जैसे के लिए वरदान होता है तुम्हारे पुनः जन्म के लिए भी भी मेरा अकेला होना लाज़मी है सुनो ! मैं फिर इंतजार करूंगा तुम लौट आना मेरी अर्ध चेतन अवस्था में फिर मिलेंगे और एक नया सृजन करेंगे। - **डॉ विनीता श्री**

रोज एक कविता अर्धचेतना अवस्था

सगुण रूप को छोड़ कर, ब्रह्म रूप हो लीन। उद्धव ने बोला बनो, निराकार आधीन॥ उद्धव को बोला भ्रमर, कृष्ण बसे उर प्रीत। कण-कण में कान्हा सदा, बने हृदय मनमीत॥ सभी गोपियाँ थीं विकल, हृदय हुआ आघात। उद्धव ने प्रभु योग की, कही द्रवित-सी बात॥ देने बैठीं गोपियाँ, दिव्य प्रेम व्याख्यान। उद्धव उनके सामने, भूल गए सब ज्ञान॥ भक्ति योग से है वृहत, अमित प्रीत का योग। कीमत वो ही जानता, स्वयं करे जो भोग॥ - **डॉ प्रतिभा गर्ग**

जब न बेचैनियों से रहा जाएगा,

जब न बेचैनियों से रहा जाएगा, जो हृदय में दबा है कहा जाएगा लोग ढाढस बंधाकर चले जाएंगे, दुख अकेले-अकेले सहा जाएगा रेत के घर की इतनी कहानी है बस, कोई बादल बरस कर बहा जाएगा- **निश्चय बाजपेई**

वर्तमान पीढ़ी के किसी भी सामान्य

वर्तमान पीढ़ी के किसी भी सामान्य मध्यम वर्गीय (अमीर या मुफ्त की रेवड़ी तोड़ने वाले तथाकथित गरीब को छोड़कर) युवक युवती से पूछिए उसे कितने बच्चे चाहिए, जिन्हें वो अच्छी परवारिश दे सकता है??? आपको पता चल जाएगा सच क्या है?? मुफ्त सोशल मीडिया में बढ़ा चढ़ाकर बोलना अलग है, वास्तविकता अलग है।। - **गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

प्यार जैसा शब्द मेरे वास्ते है बस छलावा

प्यार जैसा शब्द मेरे वास्ते है बस छलावा खेल है ये नटनियों का, खेलना मुझको न आया छल रही है ज़िन्दगी या छल रही हूँ मैं स्वयं को जो मेरा हो ही न पाया, उससे मैंने नेह बाँधा कर दिया खुद को समर्पित, प्रीत की डोरी से बँधकर वो समर्पण के कदाचित योग्य खुद को कर न पाया भूल कह कर भूल जाऊँ ये मेरे बस में नहीं है याद रखकर मुस्कुराऊँ, है नहीं सम्भव निभाना जंग जैसा लग रहा है प्रीत का आँगन भला क्यों ? हर क़दम पर वार झेला, हर क़दम खुद को गिराया गलतियों से सीख लूँ ये भी सुलभ मुझको नहीं है ठोकरों से सीखने का कुछ अलग है ज़ायका सा चलना है तो चल रही हूँ, कोई भी मक़सद नहीं है कोई भी मंज़िल न 'ममता', कोई कब अपना ठिकाना ? प्यार जैसा शब्द मेरे वास्ते है बस छलावा ?? - **ममता लड़ीवाल**

कभी साथ रहता था मेरे और लगाता

कभी साथ रहता था मेरे और लगाता दिनभर फेरे मेहनतकश साथी था मेरा रहता हरदम मुझको घेरे जनम-जनम का साथ निभाने लिए थे हमनें सातों फेरे क्या नियती मंजूर था तुमको कैसे तुमने दिन ये फेरे आज तुम्हें मैं ढूंढ़ रही हूँ देख रही दुनियाँ के चेहरे नहीं सुरक्षित तन अब मेरा लाख लगालूँ इस पर पहरे। - **जे डी कुदाल**

प्रेरक प्रसंग

शब्दों की गहराई

अमरीकी उपन्यास के अनुवाद में कुछ शब्दों को लेकर आने वाली परेशानी के सिलसिले में अमृता जी ने 'अमरीकी दूतावास' को चिट्ठी लिखी।

दूतावास के हरिवंश सिंह ने इन शब्दों के साथ शब्दकोश भेजा अमृता जी को इस शब्दकोश के तमाम अच्छे शब्दों के साथ।'

इस पर अमृता जी की प्रतिक्रिया थी-

आश्चर्य ! जब शब्दकोश के बुरे-से-बुरे शब्द मेरे लिए इस्तेमाल किये जा रहे हों, तब सभी अच्छे शब्द चुन कर मुझे देने का किसी को खयाल आया।

सच, शब्दों की गहराई को लेखक की आत्मा ही अनुभव कर पाती है।

QUIZ TIME

1) हाल ही में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफइंडिया किस देश में यूपीआई विकसित करेगा?

2) अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल मिनटमैन-3 किस देश ने विकसित की है?

3) भारतीय मूल के उस लेखक का क्या नाम है जिसके उपन्यास द इनहेरिटेन्स ऑफ लॉस को मैन बुकर पुरस्कार मिला है?

4) जापान में पाया गया युशो रोग किसके कारण प्रदूषण से संबंधित है?

5) हाल ही में हिंदी साहित्य भारती पुरस्कार किसे दिया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पेरू (2) अमेरिका (3) किरण देसाई (4) पीसीबी (5) कृष्ण प्रकाश

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:58, सूर्यास्त : 05:20, चन्द्रोदय : 29:58, चन्द्रास्त : 15:46, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः : हेमन्त, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : वणिज (08:39 तक), द्वितीय करण : विष्टि (21:38 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : मकर (30:02 से), मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:44 से 12:26, अमृत काल : 26:56 से 28:42, विजय मुहूर्त : 13:49 से 14:30, गोधूलि मुहूर्त : 17:14 से 17:41, सायाह्न सन्ध्या : 17:17 से 18:38, निशिता मुहूर्त : 23:38 से 24:33, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 14:41 से 15:59, दुर्मुहूर्त : 08:58 से 09:40, होमाहुति : केतु, दिशा शूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी, भद्रावास : पाताल (08:39 से 21:38), चन्द्र वास : पश्चिम (उत्तर 30:03 से), शिववास : भोजन में (08:39 से श्मशान में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन बीते कल की तुलना में विपरीत फलदायी रहेगा अपने रूखे व्यवहार के कारण जो लोग आपको सम्मान दे रहे थे वे ही मन ही मन कोसेंगे।

वृषः आज का दिन सावधानी से बिताए लोगो को आपकी भले के लिये कही बात भी बुरी लगेगी स्वयं का पराक्रम भी आज कमजोर रहेगा।

मिथुनः आज के दिन आप अपनी छवि सुधारने का प्रयास करेंगे दिखावे की मानसिकता रहेगी जिससे व्यक्तित्त्व सुधारने की जगह लोग आपको चापलूस समझेंगे।

कर्कः आज के दिन आपके ऊपर आवेश हावी रहेगा। बुद्धि विवेक रहने के बाद भी अपनी बात मनवाने के लिये किसी पर भी अनैतिक दवाब डालेंगे।

सिंहः आज के दिन आपका व्यवहार अनाड़ियों जैसा रहेगा स्वयं को अन्य लोगो की तुलना में श्रेष्ठ दिखाने के चक्कर मे उल्टे हास्य के पात्र बनेंगे।

कन्याः आज के दिन आपकी दिनचर्या अस्त व्यस्त रहेगी किसी भी कार्य मे बुद्धि विवेक का कम ही इस्तेमाल करेंगे।

तुलाः आज के दिन चंचलता मन पर हावी रहेगी दिन के आरंभिक भाग में अपने हास्य परिहास से घर का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे लेकिन कार्य क्षेत्र पर लापरवाही के चलते अधिकारी वर्ग की फटकार सुन्नी पड़ेगी।

वृश्चिकः आज का दिन किसी न किसी रूप में हानि देकर जाएगा।

धनुः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा लेकिन आज आपको पूर्व में किसी की सहायता ना कर पाने का अफसोस भी होगा।

मकरः आज का दिन सफलता दायक है दिन के आरंभ से ही लक्ष्य बनाकर धर्य से कार्य करे जो भी कार्य करेंगे उसमे थोड़ी बहुत परेशानी के बाद सफलता अवश्य मिलेगी।

कुंभः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा प्रयास करने पर ही काम बनते नजर आएंगे।

मीनः आज के दिन आपके घर मे किसी महिला का जिद्दी व्यवहार परेशानी में डालेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 257 का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

■ न्यूज गैलरी

ग्रीन स्टार अवॉर्ड प्रविष्टि की अंतिम तिथि 15 दिसंबर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रकृति की ओर सोसायटी,उद्यानिकी विभाग, आईजेकेवी, जिंदल स्टील, एवम नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में गृह उद्यान प्रतियोगिता के अलावा स्कूल व कॉलेज एवं रेजिडेंशियल सोसाइटियों के उद्यानों की भी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें आने वाले प्रतिभागि विजेताओं को ग्रीन स्टार अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा प्रथम विजेता को 3 स्टार, द्वितीय विजेता को 2 स्टार, तृतीय विजेता को 1 स्टार एवम बेबीलॉन कैपिटल की तरफ से गिफ्ट वाउचर प्रदान किये जाएंगे उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी सचिव निर्भय धाडीवाल ने आगे बताया कि प्रतिभागियों के यहां गार्डन विशेषज्ञ एवं साइंटिस्ट निरीक्षण करेंगे एवं उन्हें सोसाइटी में इको फ्रेंडली वातावरण कैसे निर्मित किया जाए इसके बारे में संपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगे।

प्रगतिशील यादव महासंघ ने आंबेडकर को दी पुष्पांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों जितेंद्र बहादुर यादव, अशोक यादव, सुनीता यादव, नीमाश्री यादव, रविंद्र सिंह यादव, शशिकांत यादव, किरण यादव, अरुणा यादव, पदमा, श्वेता सिंह आदि गणमान्य ने आज, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024 को पुरानी बस्ती स्थित बाल जीवन ज्योति विद्यालय के स्पेशल चाइल्ड के साथ आधुनिक भारत के वास्तुविद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके दिखाए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया । महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि संविधान निर्माता को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद निमया सेवा जतन फाउंडेशन प्रमुख मधु यादव ने विद्यालय के 38 नन्हे मुन्ने दिव्यांगों को गर्म कपड़े, स्वेटर, टॉफी, लिपबाम, हेयर क्लिप आदि वितरित कर उनके मासूम चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक की सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक सुश्री दीक्षा डोंगरे ने भारत रत्न बी.आर.अंबेडकर जी के संपूर्ण जीवन को वंदनीय तथा मानवता के कल्याण हेतु समर्पित बताया। राष्ट्रगान के पूर्व बाबा साहब अमर रहे, संविधान शिल्पी की जय हो के गगन भेदी नारों के साथ समारोह संपन्न हुआ ।

2 दिवसीय नारी प्रदर्शनी 7 से

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित कलर्स मॉल में 7 दिसंबर से 2 दिवसीय नारी प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है, उक्त जानकारी देते हुए आयोजिक श्रुति जैन ने बताया की प्रदर्शनी का उदघाटन प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया जायेगा। श्रुति ने बताया की प्रदर्शनी में सजावट की सामाग्री सहित होम मेड डेकोर , गिफ्ट हैंपर, कोलकाता स्पेशल साड़ियां, डीजाईनर कुर्ती, इंडो वेस्टर्न, ज्वेलरी, फुट वियर , कॉस्मेटिक्स, होम मेड फूड आइटम्स, दिए, बंदनवार, भगवान के पोशाक की बड़ी वैरायटी राजधानीवासियों के लिए उपलब्ध रहेगी। वही इस मंच के माध्यम से श्रुति ऐसी स्वावलंबी महिलाओं को मौका दे रही है जो घर से लघु उद्योग का संचालन कर अपना जीवन यापन करती है। श्रुति ने बताया की शादी के सीज़न को देखते हुए इस प्रदर्शनी का थीम वेडिंग पर आधारित है जहां शादी के घरों पर उपयोग में आने वाली संपूर्ण चीज़े रायपुरवासियों को आसानी से एक ही छत के नीचे मिल सकेगी।

अब बारिश का पानी नहीं टपकेगा दामाद-नाती के ठहरने की चिंता हुई दूर

रायपुर/नवप्रदेश। एक वक्त था जब घर पर बारिश का पानी टपकता था, आंधी-तूफान आने पर छप्पर वाले घर पर रहने से चिंता सताती थी। दामाद और नाती आते थे, तो पक्के मकान और ठहरने की जगह नहीं होने पर दूसरे जगह में ठहराना पड़ता था, लेकिन अब सारी चिंताएं एक पल में दूर हो गई, जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सरकार गठन के बाद राशि खाते में ट्रांसफर की तब। किश्त की राशि खाते में पहुंची और निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया। यह कहना है आरंग ब्लॉक के खमतराई गांव की निवासी श्रीमती राधा बाई साहू का। श्रीमती राधा बाई साहू कहती है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन की। जिस दिन स्वीकृति मिली, उस दिन बहुत खुशी मिली। वे कहती हैं कि एक उम्मीद और एक सपना संजोए थे कि खुद का पक्का मकान कभी बनाना है, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना लेकर आए और हर गरीबों को अपना घर बनाने का सपना पूरा होने लगा है। श्रीमती साहू यह भी बताती है कि आवास निर्माण के लिए किश्त की राशि खाते में पहुंची और दो कमरे, हॉल, कीचन बनाने में काफी मदद मिली। नए घर का फीता काटकर गृहप्रवेश करके भी बहुत खुशी मिल रही है। खुद का घर एक सपना ही था, लेकिन अब पूरा हो गया। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते है।

बुडगहन में नवनिर्मित महतारी सदन, पानी टंकी और राशन दुकान का हुआ लोकार्पण

विकसित राज्य बनाने विभिन्न योजनाओं का किया जा रहा क्रियान्वयन : टंकराम

रायपुर/नवप्रदेश। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बालौदाबाज़ार जिले के ग्राम पंचायत बुडगहन में नवनिर्मित महतारी सदन,पानी टंकी और राशन दुकान का लोकार्पण किया।पहले किश्त में बालौदाबाज़ार विधानसभा के 40 ग्रामों में महतारी सदन निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है। इसी तरह क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के अलावा शौचालय,पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका तथा मितानिनों का सम्मान किया।

कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन सरकार द्वारा किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में विभिन्न निर्माण कार्यो के साथ-साथ बस्तर में शांति स्थापित करने नक्सल उन्मूलन में तेजी से कार्य किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक के विभिन्न खेलों में बस्तर संभाग के 1 लाख 65 हज़ार युवक-युवतियां हिस्सा ले रहे है। बस्तर ओलंपिक देश मे अपनी तरह का बहुत बड़ा खेल आयोजन है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से व्यक्ति को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है,जिससे व्यक्ति की छिपी प्रतिभा का ज्ञान लोगो को होता है। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि हमे परस्पर सहयोग और समन्वय के साथ विकास कार्यो में सहभागी बनकर ग्राम के विकास में भागीदारी अदा करना चाहिए, जिससे ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में स्थापित कर सके। इस अवसर पर जिला पंचायत बालौदाबाज़ार के अध्यक्ष राकेश वर्मा, सदस्य श्रीमती अदिति बघमार, जनपद सदस्य श्रीमती उमा अनंत, सरपंच श्रीमती मानेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

विष्णु के सुशासन और मोदी की गारंटी में प्रदेश में हो रहा है लगातार विकास कार्य : मंत्री श्याम बिहारी

43.10 करोड़ रुपए की लागत के 37 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज जीपीएम जिले को 43 करोड़ 10 लाख 14 हजार रुपए की लागत के 37 विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कार्यों की सौगात दी । इनमें भूमि पूजन के 32 करोड़ 38 लाख 10 हजार रुपए की लागत के 30 कार्य और 10 करोड़ 72 लाख 04 हजार रुपए की लागत के 7 लोकार्पण कार्य शामिल है। मरवाही विकासखंड के ग्राम पंचायत तेंदूमूड़ा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों ने पूजा अर्चना के साथ विधिवत् भूमि पूजन किया।

इस मौके पर मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रहा है कि आने वाले 13 दिसम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का एक साल पूरा हो रहा है। इस अल्प अवधि के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने केबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास दिया। उन्होंने किसानों को दो साल का बकाया बोनस, 3100 रूपए क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से अधिक महिलाओं को हर महिने एक-एक हजार रूपए देने, तेंदुपत्ता प्रति मानक बोरा 5500 रूपए करने, पीएससी घोटाले की निष्पक्ष जांच एवं पारदर्शी भर्ती, रोजगार के क्षेत्र में विशेष पहल, आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रूपए तक मुफ्त इलाज सहित सरकार की पिछले एक साल की उपलब्धियों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जीरो टारलेंस की सरकार चला रहे हैं। जिले के प्रभारी मंत्री जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना मेरा पहला दायित्व है। उन्होंने मरवाही में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए 3 करोड़ रूपए और जिला चिकित्सालय के लिए 35 करोड़ रूपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जिलेवासियों के बेहतर उपचार के लिए पिछले एक साल के भीतर जिले में 12 विशेषज्ञ डॉक्टर की पदस्थापना की गई है।

भाजपा सरकार 1 साल में विफल साबित हो गई : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार 1 साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 1 साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गयी। गौ तस्करी की घटनाएं शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गयी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है। नक्सलवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो गयी। नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने 1 साल में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे सरकार बयान देने तक सीमित है। रेत के दाम तीन गुना बढ़ गये। भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ हो गयी है, रेत के कारोबार में रोज खून बहाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। जनकल्याणकारी योजनाएं बंद हो गयी है। सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 1 साल में ही राज्य के खजाने पर 37000 करोड़ से अधिक का कर्जा हो गया है। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद हो गया।

साय सरकार में धान खरीदी तेज रफ्तार से चल रही है: संदीप

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कांग्रेस नेताओं द्वारा धान खरीदी केंद्रों पर औचक निरीक्षण को महज सियासी ड्रामेबाजी बताया है। श्री शर्मा ने कहा है कि इस कथित निरीक्षण के नाम पर प्रदेशभर में सुव्यवस्थित रीति से चल रही धान खरीदी की प्रक्रिया में खलल पैदा करना और धान खरीदी को लेकर झूठे तथ्यों के साथ प्रदेश के किसानों को गुमराह करके उन्हें उकसाना और फिर अव्यवस्था व अराजकता फैलाना ही कांग्रेस नेताओं का एजेंडा है। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के नेतृत्व में इस वर्ष धान खरीदी तेज रफ्तार से चल रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि दरअसल कांग्रेस को यह हजम ही नहीं हो रहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार बिना किसी अवरोध और अप्रिय प्रसंग के सुव्यवस्थित रीति से प्रदेश के किसानों का प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है और समर्थन मूल्य तथा अंतर की राशि का एकमुश्त भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि बारदाना और टोकन को लेकर कांग्रेस ने लगातार झूठ फैलाकर किसानों को उकसाने की नाकाम कोशिशें करके मुँह की खाई है। आज प्रदेश की भाजपा सरकार ने बारदाना संकट का सौहार्द्रपूर्ण समाधान किया है, जबकि कांग्रेस की भूपेश सरकार हर साल बारदाना के नाम पर केंद्र सरकार पर ही ठीकरा फोड़ने में लगी रहती थी।

महंगाई से जनता बदहाल हो गयी : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते ही महंगाई बेलगाम हो चुकी हैं। 1 डॉलर की कीमत 84 रुपये 68 पैसे तक पहुंच गया है। विगत 10 वर्षों में क्रूड ऑयल के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग आधा है, फिर भी कीमतों में कटौती का लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा है। 2014 की तुलना में आधी कीमत पर क्रूड ऑयल खरीद कर केंद्र की मोदी सरकार आम जनता से डीजल, पेट्रोल का डेढ़ गुना दाम वसूल रही है। रसोई गैस की कीमतें तीन गुना अधिक वसूली जा रही है। दूध, दही, पनीर, आटा, मैदा, सूजी, दलहन तिलहन, कपड़े जैसे दैनिक उपभोग की तमाम वस्तुओं को जीएसटी के दायरे में लाकर महंगी कर दी गई है, दवाओं और अस्पतालों तक को नहीं छोड़ा। भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार जनता की जेब में खुलेआम डकैती कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि मोदी राज में महंगाई बेलगाम आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। जन विरोधी मोदी सरकार ने खाद्य तेलों के आयात शुल्क में 22 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि की।

कलिंगा विवि में विज्ञान कार्य मॉडल प्रतियोगिता 3.0 का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय, मध्य भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उभरा है। स्मार्ट सिटी न्यू रायपुर में रणनीतिक रूप से स्थित इस विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने लिए एक अलग पहचान बनानी शुरू कर दी है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षितिज पर एक चमकते सितारे के रूप में उभर रहा है। 2013 में स्थापित यह विश्वविद्यालय 12000 से अधिक छात्रों का विश्वास पाने में सक्षम रहा है। पूरे देश और विभिन्न विदेशी देशों जैसे अफगानिस्तान, अंगोला, बांग्लादेश, कैमरून, गाम्बिया, आइवरी कोस्ट, केन्या, लेसोथो, लाइबेरिया, मलावी, नामीबिया, नेपाल, नाइजीरिया, पापुआ न्यू गिनी, दक्षिण सूडान, स्वाजीलैंड, तंजानिया, युगांडा, जाम्बिया और जिम्बाब्वे आदि से मेधावी छात्रों ने अपनी शिक्षा और कैरियर के लिए इस विश्वविद्यालय को चुना है।

महाराष्ट्र मंडल की स्मिता चांदे, स्वाति मोडक पुरस्कृत

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल भिलाई में आयोजित मध्य प्रदेश मराठी अकादमी के पुरस्कार वितरण समारोह में रायपुर की स्वाति मोडक और स्मिता चांदे को पुरस्कृत किया गया। स्वाति तीन राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और गुजरात में मराठी पुस्तक अभिवाचन स्पर्धा में विजेता रहीं। तो वहीं स्मिता चांदे निबंध लेखन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की विजेता थीं।

मध्य प्रदेश मराठी अकादमी इंदौर ने प्रति वर्षानुसार 22 सितंबर को अभिनव पुस्तक वाचन स्पर्धा का आयोजन किया था। इस स्पर्धा में रायपुर महाराष्ट्र मंडल सहित बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा और भिलाई के बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। सभी विजेताओं को महाराष्ट्र मंडल सेक्टर-4 में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इंदौर की मुख्य समिति के पदाधिकारी विशेष रुप से उपस्थित रहे। विजेताओं को लंदन से पहुंचीं शारदा जिरापुरे ने पुरस्कृत किया।

महाराष्ट्र मंडल के मराठी साहित्यिक समिति प्रमुख कुमुद लाड ने बताया कि स्पर्धा में रायपुर महाराष्ट्र मंडल के 12 सदस्यों ने भाग लिया था। इसमें से 78 फीसद अंक के साथ स्मिता चान्दे प्रथम स्थान पर रहीं। स्वाति डबली द्वितीय और भारती देवणकर तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं भिलाई केंद्र में माधरी बक्षी विजेता, जयश्री जलतारे व आरती द्रोणकर उप विजेता और सुषमा नेने और वर्षा देशपांडे को तीसरा स्थान मिला। कुमुद के मुताबिक इस वर्ष अभिनव पुस्तक वाचन के लिए निर्धारित पुस्तक 'कहानी लंडन च्या आजी बाई ची' पर आधारित थी। सभी प्रतिभागियों ने पहले इस पुस्तक का अध्ययन किया। फिर परीक्षा में शामिल हुए। भिलाई से बीते वर्ष की विजेता निधि देशपांडे की स्मृति में उनके पति मंगेश देशपांडे ने विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किया।

हेल्थ टिप्स... *'सहयोग' की मासिक बैठक रही अर्थपूर्ण व जन जागरूकता वाली*

डॉक्टर गोले ने बुजुर्गों को बताया-सेहत के प्रति कैसे रहें जागरूक

रायपुर/नवप्रदेश। जेष्ठ नागरिक मंच 'सहयोग' चौबे कॉलोनी रायपुर की मासिक बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के सेवानिवृत्ति मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विवेक गोले ने सेहत से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स दिए। डा. गोले ने सभी वरिष्ठ जनों को 'स्वास्थ्य के प्रति कैसे जागरूक रहना चाहिए व स्वयं को किस प्रकार से स्वस्थ रखना चाहिए' को लेकर अत्यंत उपयोगी और छोटे- छोटे टिप्स दिए। डा. विवेक गोले ने विभिन्न प्रकार की जांच के बारे में बताया व कुछ अत्यंत महत्वपूर्ण जांच, जो प्रत्येक मधुमेह रोगी व 60 वर्ष से ऊपर उम्र की स्त्रियों के लिए स्तन कैंसर व सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए जरूरी जांच प्रतिवर्ष करने का सुझाव भी दिया। साथ ही निमोनिया से बचने व इनफ्लुएंजा वैक्सीन, जिसे सभी वरिष्ठ जनों को प्रत्येक वर्ष लगाना आवश्यक है, के बारे में भी सलाह दी गई। वरिष्ठ नागरिकों के लिए केल्शियम की आवश्यकता और आर्थ्राइटिस से बचने के लिए भी टिप्स दिए गए। इस चर्चा के उपरांत कई लोगों ने अपनी शंकाओं का समाधान भी डा. गोले से किया।

भगिनी मंडल चौबे कॉलोनी में आहूत की गई बैठक में कोषाध्यक्ष दीपक पात्रीकर ने प्रयागराज कुंभ के लिए प्लास्टिक फ्री जागरूकता अभियान चलाने के लिए सभी सदस्यों को एक थाली- एक थैला देने की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पर्यावरण बचाओ अभियान के उद्देश्य से सदस्यों को अवगत कराया। सभी सदस्यों ने एकमत से एक थाली-एक थैला देने का संकल्प पारित किया। जिसके फलस्वरूप सदस्यों ने एकत्रित राशि एवं ग्रुप में बचत राशि को मिलाकर सौ थैले व सौ थालियां प्रयागराज कुंभ के लिए भेजने का निर्णय लिया। तत्पश्चात विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रमों के अंतर्गत अरविंद वाघ, बोरवणकर, मोखरीवाले, कुंदा अत्रे ने सुमधुर संगीतमय गायन प्रस्तुत किया। डा. जनार्दन उरकुरकर ने कविता पाठ किया। रविकांत भागवत ने धार्मिक क्विज का आयोजन किया। इसमें सभी सदस्यों द्वारा बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका बोरवणकर ने किया। आभार प्रदर्शन दिव्या पात्रीकर ने किया।

गोढ़ी गौठान में दर्जनों गायों की मौत के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग जिले में दर्जनों गायों की भूख प्यास से मौत पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि गोढ़ी गौठान का वीभत्स मंजर साय सरकार के कुशासन का प्रमाण है, गोढ़ी गोठान में आज भी अनेकों गौ माता के अंग चारों तरफबिखरे पड़े है। कुछ मृत गौवंशी पशुओं को गोठान के बाहर फेक दिया गया है। चारा-पानी के अभाव में कई गायें तड़प रही है। गाय के नाम पर राजनीति करने वाले भाजपाईयों और प्रशासन के जिम्मेदारों को आज तक सुध लेने की फुर्सत नहीं है। भाजपा सरकार की दुर्भावनापूर्ण नीतियों के चलते गौवंशी पशु बदहाल हैं। पूर्वाग्रह से ग्रसित साय सरकार ने बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के हजारों की संख्या में गौठानो को बंद कर दिया। गौ अभ्यारण्य केवल कागज़ी जुमला निकला। विगत 1 वर्ष के दौरान सैकड़ो गायें सड़कों पर दुर्घटना का शिकार होकर मारी गई। किसान खुली चराई से परेशान है, और गौ माता चारा-पानी और इलाज के अभाव में बे-मौत मारी जा रही है।

भाजपा की बंफर जीत के बावजूद महिलाओं को 33% आरक्षण कब?

महतारी वंदन योजना से छत्तीसगढ़ में लौटी भाजपा फिर भी महिलाओं को नहीं मिल रहा मान, संगठन से लेकर आयोग/निगम तक में महिलाओं को तरजीह नहीं मिली!

कांकेर/नवप्रदेश। भारत के राजनीतिक पटल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदय के बाद सन् 2014 से भाजपा ने लगातार विजय का परचम लहराया है।सन् 2014 में एक राज्य के मुख्यमंत्री से जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजनीति में पदापर्ण किया तब किसी को भी अंदाजा नही था कि राष्ट्रीय राजनीति में श्री मोदी का उदय भाजपा का भी भाग्य पलट कर रख देगा।आज देश के गिनती के राज्यों को छोड़कर सब जगह भाजपा और सहयोगी दलों की सरकारें है। कभी उत्तर पूर्व और दक्षिण के राज्यों को भाजपा के लिए अछुता समझा जाता था मगर आज उत्तर पूर्व के अधिकांश राज्यों में भाजपा और सहयोगी दलों की सरकारें है साथ ही भाजपा धीरे-धीरे ही सही किंतु दक्षिण में भी अपने पैर पसार रही है ।

पिछले वर्ष मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ राजस्थान और अभी हाल ही में हरियाणा व महाराष्ट्र की बंपर जीत ने उन कयासों पर विराम लगा दिया है कि लोकसभा में भाजपा की सीटें घटने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा का प्रभाव ढलान पर है ।

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र की जीत का विश्लेषण करें तो एक बात सामने आती है कि इन राज्यों में नारी शक्ति का बंपर वोट भाजपा की जीत की इबारत लिखने में प्रमुख रहा है। आज देश में सरकार बनाने का फार्मुला महिला केन्द्रित योजनाऐं है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र की जीत में महिलाओं से संबंधित चुनावी घोषणा सरकार बनाने में प्रमुख कारण प्रतीत होता है।

अब आते है इस लेख के असल मुददे पर सन् 2023 में संसद से महिला आरक्षण बिल पास हो चुका है। पर क्या राजनीतिक दलों में आज भी प्रमुख पदों पर महिलाओं को वो 33 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है जिसकी वो हकदार है?

छ.ग. भाजपा में भी सरकार या संगठन के प्रमुख पदों पर क्या महिलाओं को उनका हक मिल रहा है? भाजपा ने संसद में महिला आरक्षण बिल पास करते हुए कहा था कि इससे देश की महिलाओं को हर क्षेत्र में उनका हक मिलेगा।

अभी छ.ग. की भाजपा सरकार में विभिन्न आयोगों में नियुक्तियों का दौर चल रहा है । क्या भाजपा अपनी कथनी और करनी मे एकरूपता लाते हुए सरकार में महिलाओं को 33 प्रतिशत भागीदारी देगी? क्योंकि छ.ग. में भाजपा की जीत में भाजपा की महतारी वंदन योजना गेमचेंजर साबित हुई है इससे भाजपा को विधानसभा व लोकसभा चुनाव में भर-भर कर महिलाओं के वोट मिले है।

पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का संगठन महापर्व चल रहा है । इस अभियान के तहत भाजपा संगठन की सबसे अंतिम ईकाई बुथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव या मनोनयन होना है।

छ.ग. बनने के बाद से भाजपा संगठन में अभी तक किसी महिला को प्रदेश भाजपा की कमान नही सौंपी गई है। साथ ही प्रदेश व जिले, मण्डलों के संगठन में अन्य पदों पर तो नारी शक्ति को स्थान दिया गया है परंतु 2001 में छ.ग. राज्य बनने के बाद के अब तक मात्र दो ही बार महासमुंद में पूर्व विधायक व वर्तमान सांसद रूप कुमारी चौधरी व दुर्ग में उषा टावरी को जिला भाजपा प्रमुख बनाया गया है।इसी तरह कांकेर में श्रीमती लक्ष्मी वर्मा को संगठन चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

छ्ग.भाजपा संगठन प्रदेश के भाजपा संगठन में वर्षो से कार्य कर रही नारी शक्ति को उनका हक देते, देश की आधी आबादी के साथ न्याय करते पूरे देश में मिशाल कायम करते हुए उन्हें 33 प्रतिशत के अनुपात में जिलों मण्डलों की कमान सौंपेगी या फिर संगठन में अन्य जगह नियुक्त कर संतुष्ट करने का प्रयास करेगी ये देखने वाली बात होगी।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु आवेदन आमंत्रित

नारायणपुर/नवप्रदेश। छात्र-छात्राओं को लोक प्रशासक के क्षेत्र में व्याहारिक अनुभव प्रदान करने और ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की दूरी को कम करते हुए सरकारी संचालक और सार्वजनिक सेवा की समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नारायणपुर जिला प्रशासन द्वारा एक नई पहल की शुरूआत करते हुए कलेक्टर इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने हेतु अधिनस्त समस्त छात्र-छात्राओं को इस गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीयन कर सकते है। इंटर्नशिप कार्यक्रम का दिनांक एवं समय पृथक से सभी पंजीयनकर्ताओं को उनके ईमेल एवं मोबाईल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

चिराग परियोजना से किसानों को किया जा रहा प्रशिक्षित

नारायणपुर/नवप्रदेश। उद्यानिकी विभाग द्वारा चिराग परियोजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में किसानों हेतु एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत मंगलवार को की गई। 6 दिसम्बर दिन शुक्रवार को विकासखंड नारायणपुर के ग्राम माहका के कृषक हितग्राहियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में कृषकों एवं आजीविका समूह के सदस्यों को न्यूट्रीशन, सपोर्टिव एंड रिसिलिएंट हॉर्टिकल्चर के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं पोषण बाड़ी, जैविक खेती, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, नर्सरी प्रबंधन, बीजों उपचार एवं उद्यानिकी फसलों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में यू.एस.मोर्य एचडीओ, ग्राम के सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

किसान मनिराम को मिला 80 हजार रूपये का आर्थिक लाभ

नारायणपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के किसानों से 3100 रूपए क्विंटल की दर से धान खरीदी की गारंटी दी थी। इस गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत् किसानों को आदान सहायता राशि का अंतरण उनके बैंक खातों किया जाता है। किसान हितैषी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा राज्य में किसानों से अपने वायदे के मुताबिक प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करने के साथ ही दो साल के धान के बकाया बोनस की राशि का भुगतान भी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में खेती-किसानी और किसानों की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित हेतु कृषक उन्नति योजना का शुभारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसान भाइयों के बैंक खातों में सहायता राशि का अंतरण किया जा रहा है। जिले के ग्राम कोहकामेटा निवासी कृषक मनिराम, पिता बिज्जा ने बताया कि कोहकामेटा में उनकी 04 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमे से मै 02 एकड़ भूमि मे धान उत्पादन करता हूँ। मैं कृषि विकास एंव किसान कल्याण तथा जैव प्रौधोगिक विभाग नारायणपुर मे संचालित कृषक उन्नति योजना अन्तर्गत वर्ष 2023-24 मे एकीकृत किसान पोर्टल मे पंजीयन कराकर 88 क्विंटल धान सहकारी समिति कोहकामेटा मे विक्रय किया हुँ, जिसकी राशि मुझे प्रथम किस्त 2 हजार 183 रूपये की दर से कुल 1 लाख 92 हजार 104 रूपये मेरे बैंक में जमा हुआ।

राजकीय सम्मान के साथ शहीद जवान का अंतिम संस्कार

कांकेर/नवप्रदेश। नारायणपुर में नक्सली मुठभेड़ में कांकेर जिले के नरहरपुर के शहीद जवान प्रधान आरक्षक बीरेन्द्र कुमार शोरी का पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम नरहरपुर लाया गया जहां उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। ज्ञात हो कि 04 दिसम्बर 2024 को जिला नारायणपुर के अबुझमाड़ क्षेत्र में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शहीद प्रधान आरक्षक बीरेन्द्र कुमार शोरी को 05दिसंबर 2024 को गृह ग्राम नरहरपुर जिला कांकेर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। शहीद बीरेन्द्र कुमार शोरी वर्ष 2010 में जिला पुलिस बल नारायणपुर में आरक्षक के पद पर भर्ती होकर वर्ष 2018 में प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत हुये थे। वर्तमान में नारायणपुर डीआरजी में तैनात थे।इस दौरान अमित तुकाराम कांबले पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर संदीप पटेल (आइपीएस)अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर, महत्वपूर्ण जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण गणमान्य नागरिकगण एवं पुलिस के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

तेंदूपत्ता की राशि बढ़ने से गांडोराम के जीवन में आई खुशियां

नारायणपुर/नवप्रदेश। तेंदूपत्ता, जिसे हरा सोना कहा जाता है, ग्रामीण समुदायों के लिए अतिरिक्त आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में तेंदूपत्ता संग्रहण की दर बढ़ाकर 5500 रुपये प्रति मानक बोरा कर दी गई है। जिसने ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है, तेंदूपत्ता से लोगों की आय दोगुनी हो गई है, तो वहीं बच्चों के शिक्षा के लिए भी सहायता मिल रही है, ग्रामीणों की आमदनी बढ़ने से परिवारिक स्थिति सुधर रही है, साथ ही बच्चों के शिक्षा में अब ग्रामीणों ने ध्यान देना शुरु कर दिया है।

जिले के बोरपाल निवासी श्री गांडोराम सलाम, जो कृषि के साथ-साथ मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं। गांडोराम ने बताया कि 4 हजार बंडल तेंदूपत्ता एकत्रित कर बेचा, जिससे उन्हें 24 हजार 800 रूपए का लाभ हुआ। अपनी कमाई से उन्होंने अपने घर बनायेंगे और खेती-बाड़ी के साथ-साथ परिवारिक कार्यो में भी उपयोग करेंगे।

नक्सली मुठभेड़ के बाद भारी मात्रा में हथियार

कांकेर/नवप्रदेश। थाना कोयलीबेडा के गांव काकनार, कुरकुंज के जंगल मे नक्सलियों डीआरजी एवं बीएसएफ सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में घटना स्थल से सुरक्षा बलों ने एक 12 बोर बंदूक सहित भारी मात्रा में अन्य नक्सल सामाग्री बरामद किया गया है।नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुरक्षा बलों की पार्टी विशेष नक्सली विरोधी अभियान हेतु रवाना हुए थे।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला कांकेर में सुन्दरराज पी.पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर अमित कांबले. उपपुलिस महानिरीक्षक रेंज कांकेर उप महानिरीक्षक बीएसएफ विपुल मोहन बाला के मार्ग-दर्षन एवं इंदिरा कल्याण एलेसला पुलिस अधीक्षक जिला कांकेर के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला बल डीआरजी एवं बीएसएफ की 47वी एवं 94वीं वाहिनी की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु थाना कोयलीबेडा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम काकनार, कुरकुंज, गुमचुर व आस -पास जंगल क्षेत्र मे रवाना हुये थे कि 05 दिसंबर 2024 को सुबह लगभग 10:00 बजे ग्राम कुरकुंज के जंगल में सशस्त्र नक्सली एवं रावघाट एरिया कमेटी के नक्सलियों के द्वारा पूर्व से घात लगाकर सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुनध फायरिंग करने लगे। जिस पर सुरक्षा बलों द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायरिंग किया गया, दोनो ओर से लगभग 20-25 मिनट तक फायरिंग चला। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल का सर्च करने पर मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों द्वारा छुपाकर कर रखे भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया।

सर्चिंग के दौरान माओवादी द्वारा छोड़ा गया एक 12 बोर बंदूक एवं मैगज़ीन भी बरामद किया गया घटना मे सभी जवान सुरक्षित है,इसके पहले 4 दिसंबर को इसी तरह अभी में नक्सलियों का एक पुराना डेरा भी जवानों द्वारा नष्ट किया गया था।बाद सभी पार्टी अभियान करते हुए सुरक्षित कैम्प वापस आयीं।

नक्सलियों से बरामद सामग्रियों का विवरण

नारायणपुर में हुई पुलिस जवान और नक्सलियो के बीच हुई मुठभेड़।।डी12 बोर बंदूक –01 नग 12 बोर कारतूस - 09 नग 5.56एम एम इंसास मैगज़ीन (लोहा) का - 01. नक्सली वर्दी - 03 नग नक्सली साहित्य - 10 नग मैगज़ीन पोच - नग सोलर प्लेट - 01 नग पिट्ठू बैग - 03 नग जोड़ी जूता 01 जोड़ी चप्पल - 01 जोड़ी बैटरी - 03 नग बेल्ट - 01 नग कंबल - 02 नग बैंक जमा पर्ची - 02 नग डेडोनेटर - 04 नग नक्सली फोटो - 13 नग चाकू - 01 नग प्रिंटर - 01 नग मेमोरी कार्ड - 01 नग शामिल हैं।

अहिल्याबाई होल्कर का जीवन प्रेरणादायी रहा है : टोकलाल वर्मा

कांकेर/नवप्रदेश। अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी वर्ष समारोह सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ पिछ्वाड़ी कांकेर में आयोजित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।उक्त अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघ चालक टोकलाल वर्मा जी ने भैया बहनों का मार्गदर्शन किया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।अतिथियों के स्वागत उपरांत प्रांत संघ चालक श्री टोकलाल वर्मा जी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन प्रेरणा दायक रहा है। अहिल्याबाई होल्कर मराठा संघ में इंदौर की रानी थी। लगभग 28 वर्ष के अपने शासनकाल में अहिल्याबाई होल्कर ने अनेक सामाजिक व राष्ट्र उत्थान के कार्य किये। जो देश एवं समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। उन्होंने नारी उत्थान को लेकर भी अनेक कार्य किये। जिसमें सती प्रथा पर रोक एक महत्वपूर्ण कार्य था। अनेक विषम परिस्थितियों से गुजरते हुए उनका जीवन सदा राष्ट्र उत्थान के लिए आगे बढ़ता रहा। उन्होंने कहा कि

अहिल्याबाई होलकर एक न्याय संगत रानी थी, जो न्याय के लिए अपने बेटे तक को सजा देने में पीछे नहीं हटती थी। एक आदर्श प्रशासक के रूप में वे सदैव जानी जाती रहेगी।

इस अवसर पर कांकेर शिक्षा समिति के अध्यक्ष भरत मटियारा ने प्रांत संचालक का आभार व्यक्त किया तथा उनके उद्बोधन से भैया बहनों को प्रेरणा लेने को कहा।

उक्त समारोह में जनपद सदस्य रामचरण कोर्राम गौ विज्ञान परीक्षा के कांकेर ब्लॉक के अध्यक्ष दिलीप पटेल गौ विज्ञान परीक्षा नरहरपुर ब्लॉक के अध्यक्ष महेश दुबे अहिल्याबाई होलकर जन्म शताब्दी वर्ष के जिला सचिव एवं धर्म जागरण मंच के जिला कार्यकारिणी सदस्य श्री सत्यनारायण जैन विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार तारक एवं विद्यालय के समस्त आचार्य दीदियाँ एवं भैया बहन उपस्थित थे।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल व प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने कांकेर में संभागीय बैठक ली

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग भारतीय जनता पार्टी संगठन के संभागीय संगठन प्रभारी, सह संगठन प्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष व भाजपा के विधायकों की बैठक आज स्थानीय विश्रामगृह कांकेर में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल व प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने ली ।

अजय जामवाल व पवन साय ने उपस्थित पदाधिकारियों व विधायको से संगठन महापर्व अंतर्गत चले सदस्यता अभियान की जानकारी लेते समीक्षा की। उन्होने भाजपा के उपस्थित पदाधिकारयों व विधायकों से विगत एक वर्ष में संगठन में हुए कार्य के बारे में बात की। श्री जामवाल व श्री साय ने पूरे बस्तर संभाग में संगठन महापर्व के दौरान बने सदस्यों व सक्रिय सदस्यों की संख्या को जाना। उन्होने भाजपा के जिलाध्यक्षों व विधायकों से जनता के बीच ज्यादा से ज्यादा जाकर उनकी समस्याओं के समाधान की बात की साथ ही आगामी नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि छ..ग में भाजपा के पक्ष में माहौल है। आगामी चुनाव में भी हमे पूरे प्रदेश में जनता का आशीर्वाद मिलेगा ऐसा हमारा विश्वास है क्योंकि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सुशासन की सरकार जनता के हर वादे पर खरा उतर रही है। आज जनता भाजपा के साथ जुड़ना चाहती है । संगठन महापर्व के दौरान चले अभियान मे हमने छ.ग. में साठ लाख भाजपा सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा कर लिया है ये हमारे लिए अत्यंत ही हर्ष का विषय है ।

प्रदेश में कांग्रेस की जमीन खिसक चुकी : केदार कश्यप

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान गरीबों के साथ अन्याय किया । गरीबों के सर से छत छीनने, गरीबों के चावल, उनके हक पे डाका डालने का काम किया, गरीबों के कामों को रोक के रखा। इस बात पे कांग्रेस को जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए उक्त बातें छ.ग. सरकार के वन एवं पर्यावरण, कौशल विकास, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने स्थानीय विश्रामगृह कांकेर में कही ।

श्री कश्यप बस्तर संभाग के भाजपा के संभागीय संगठन प्रभारी, सह प्रभारी, भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायकों की बैठक में शामिल होने आज कांकेर पहूंचे थे । उन्होने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस जन हितैशी होने का सिर्फ ढोंग करती है। इनकों जनता के

दुख दर्द से कोई लेना देना नही है । कांग्रेस सत्ता लोभी है।

श्री कश्यप ने कहा कि छ.ग. में जब से यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार आयी है हमने सुशासन के लिए कार्य किया है । हमारी पहली प्राथमिकता गरीबों के रूके हुए काम व छ.ग. का विकास है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये गारंटी के अनुरूप कार्य छ.ग. की सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने मात्र एक वर्ष के दौरान इतनी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है वो देश के सभी राज्यों के लिए एक मिशाल है। कांग्रेस द्वारा धान खरीद केन्द्रों में जाने के सवाल पर कहा कि अपने शासन के दौरान कांग्रेसी कभी धान खरीदी केन्द्रों पर तो गये नही यदि अभी जा रहे है तो उनका स्वागत है। कांग्रेसी जाकर देखे की भाजपा की सरकार में किस प्रकार पारदर्शिता और व्यवस्था के साथ धान खरीदी हो रही है। उन्होने कांग्रेस सरकार के समय धान खरीदी की बात करते हुए कहा कि हम लोग धान खरीदी केन्द्र फरसगांव गये थे जहां माटीपुत्र किसानों के पेट पे लात मारी गई उन पर लाठी चार्ज की गई तब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज आंख में पटटी बांध कर थे और कांग्रेस पार्टी सोई पड़ी थी।

प्रथम पेज का शेष

नोटों की गड्डी मिलने पर ...

की चाल है। अगर कोई जेब में 50,000 रुपये लेकर जा रहा है तो यह कोई अपराध नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धाकड़ से मुलाकात की है और इस मामले की किसी एजेंसी से जांच कराने या इस पर जेपीसी गठित करने का अनुरोध किया है।

उपराष्ट्रपति ने क्या कहा?

इससे पहले राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मैं सदस्यों को सूचित करना चाहता हूं कि कल सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद नियमित जांच पड़ताल के दौरान सुरक्षा अधिकारियों ने सीट संख्या 222 से 500 रुपये के नोटों की एक गड्डी बरामद की। गड्डी में 100 नोटें हैं। यह सीट वर्तमान में तेलंगाना राज्य से निर्वाचित अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है। मामला मेरे संज्ञान में लाया गया और मैंने सुनिश्चित किया कि जांच हो और जांच चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि नोट असली हैं या नकली।

खडग़े ने सभापति के रवैये पर उठाए सवाल

कांग्रेस अध्यक्ष और सदन में पार्टी के नेता मल्लिकार्जुन खडग़े ने सभापति द्वारा इसे किसी एक पार्टी से जोडऩे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब घटना की जांच होगी तो उसमें साफ होगा कि कौन दोषी है, लेकिन अभी किसी पर सीधे आरोप लगाना सही नहीं है। मैं अनुरोध करता हूं कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और घटना की प्रामाणिकता स्थापित नहीं हो जाती, तब तक किसी भी सदस्य का नाम उजागर न किया जाए। इस पर सभापति ने कहा कि उन्होंने सिर्फ सीट नंबर की जानकारी दी है और इसे किसी पार्टी विशेष से नहीं जोड़ा है।

किरेन रिजिजू ने सभापति का समर्थन किया

मामले में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नियमित प्रोटोकॉल के अनुसार सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद एंटी-सैबोटेज टीम ने सीटों की जांच की। उस प्रक्रिया के दौरान नोट पाया गया और सीट नंबरों को डिकोड किया गया। सदस्यों ने उस दिन हस्ताक्षर भी किए। मुझे समझ में नहीं आता कि इस बात पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए कि अध्यक्ष को सदस्य का नाम नहीं लेना चाहिए। अध्यक्ष ने सीट नंबर और उस विशेष सीट नंबर पर बैठे सदस्य का नाम सही ढंग से बताया। इसमें क्या गलत है? इस पर आपत्ति क्यों होनी चाहिए? क्या आपको नहीं लगता कि जब हम डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ रहे हैं, तो सदन में नोटों का बंडल ले जाना उचित है? हम सदन में नोटों का बंडल नहीं ले जाते।

700 बिस्तरीय नवीन ....

लगातार पूंजीगत व्यय के निर्णय लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दे रहे है।

231 करोड़ रूपए के....

सीजीएमएससी की वेबसाइट पर 10 दिसंबर से उपलब्ध रहेगी । इसके लिए प्री-बिड मीटिंग 19 दिसंबर को सीजीएमएससी मुख्यालय में सुबह 11 बजे होगी। आनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तारीख 2 जनवरी 2025 तक होगी और 6 जनवरी 2025 को यह टेंडर खुलेगा।

खड़गे, राहुल, प्रियंका ने ...

महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। सामाजिक समानता, न्याय और अधिकार की भावना पर आधारित बाबासाहेब का संविधान ही देशवासियों का सबसे शक्तिशाली औजार है - और इसकी रक्षा के लिए मैं हमेशा प्रतिबद्ध हूं।संविधान के शिल्पकार को मेरा नमन। जय भीम, जय संविधान।

श्रीमती वाड्रा ने कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल सामाजिक बराबरी में है और सामाजिक बराबरी लाना राजनीतिक व्यवस्था का मुख्य कर्तव्य है। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी ने देश को समानता, न्याय, बंधुत्व और बदलाव का विचार देकर संविधान के जरिए शोषितों, वंचितों समेत हर नागरिक को शक्ति दी। आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें सादर नमन।

राहुल को गद्दार बताए जाने ...

इस्तेमाल सार्वजनिक जीवन में मानहानिकारक और अस्वीकार्य होने के साथ ही विपक्ष के नेता के संसदीय विशेषाधिकार का भी पूर्ण उल्लंघन है

विपक्ष के नेता का पद एक सवैधानिक पद

एर्नाकुलम से कांग्रेस सांसद ने कहा, मैं इस बात पर प्रकाश डालना चाहता हूं कि विपक्ष के नेता का पद एक सवैधानिक पद है और इसलिए ऐसे पद को अपेक्षित संसदीय गरिमा दिए जाने की जरूरत है। पात्रा ने पूरी तरह से अपमानजनक और असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल करके स्पष्ट रूप से सवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन किया है और उन्हें इसके लिए अवमानना का दोषी माना जाना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय साजिश रोकने ...

व्यक्ति जो दलितों, पिछड़ों, महिलाओं की आवाज उठाता है, उनके हक की लड़ाई लड़ता है, उस व्यक्ति को ये लोग देशद्रोही कहते हैं। लेकिन सच्चाई ये है कि भाजपा-आरएसएस देश का सबसे बड़ा टुकड़े-टुकड़े गैंग है। राहुल जी हमेशा जनता के मुद्दों को उठाते रहे हैं और आगे भी उठाएंगे। वे आपकी धमकियों और आरोपों से डरने वाले नहीं हैं।

प्रवक्ता ने कहा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईएसआई को रेड कार्पेट बिछाकर देश में बुलाते हैं, और वही आईएसआई पुलवामा का सारा ठीकरा हमारे देश पर फोड़ देता है, तब आपने उन्हें देशद्रोही नहीं कहा। जब मोदी विदेश जाकर कहते हैं कि पिछले जन्म में कोई पाप किए होंगे, तभी भारत में पैदा हुए हैं, तब उन्हें देशद्रोही नहीं कहा जाता। जब मोदी बिन बुलाए बिरयानी खाने पाकिस्तान चले जाते हैं, तब उन्हें देशद्रोही नहीं कहा जाता। जब मोदी चीन को क्लीन चिट दे देते हैं, तब ये देशद्रोह की कैटेगरी में नहीं आता। आज देश की जनता ऐसा दोहरा चरित्र रखने वाले भाजपा के लोगों पर हंस रही है।

ये है पूरा मामला....

ने जिले के एएसपी आईपीएस विकास कुमार को सस्पेंड किया। रेंगाखार थाना के टीआई समेत सभी पुलिसकर्मियों को भी हटा दिया। इसके अलावा कबीरधाम एसपी व कलेक्टर पर भी गाज गिरी। दोनों का ट्रांसफर किया गया।

न्यूज गैलरी

धान बिक्री के संबंध में समिति के प्रबंधक से चर्चा

उतई/नवप्रदेश। वृहताकार सहकारी समिति मर्यादित सेलूद पंजीयन क्रमांक 405 में आज भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रसाद आडिल द्वारा समिति में उपस्थित हो कर धान बिक्री के संबंध में समिति के प्रबंधक से चर्चा किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि सेलू सोसाइटी में आज दिनांक तक 28000 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है यहां पर प्रत्येक किसान को बोरा समय में तुलाई पर्याप्त मात्रा हो रहा है किसानों को छाया पानी बैठने के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं अभी हमारी भाजपा सरकार द्वारा किसानों को महत्वपूर्ण योजना का लाभ दिया जा रहा है जिसमें किस तत्काल अपने सुधा मुताबिक ?10000 तक निकल सकते हैं जिससे किसानों को बैंक में लाइन लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है इस अवसर पर समिति के प्राधिकृत अधिकारी टामनलाल साहू रामाधार यादव मुक्तूराम साहू पूर्व अध्यक्ष साहू समाज रोमनाथ साहू चिंताराम साहू रामलाल साहू इत्यादि सेलूद समिति के किसान उपस्थित थे।

रासेयो शिविर रैली एवं बौद्धिक चर्चा

खैरागढ़/नवप्रदेश। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ जितेन्द्र साखरे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर कुलीकसा में आयोजित हुआ। बौद्धिक चर्चा में वन मंडलाधिकारी आलोक तिवारी ने छात्र छात्राओं को संघर्षों के माध्यम से सफलता प्राप्त करने कहा। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने अपने छात्र जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े अनुभव , समाज सेवा को साझा किए। प्रतियोगी परीक्षाओं में पीएससी परीक्षा तैयारी को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। रासेयो जिला संगठक मोनिका दास ने शिविर आयोजन के संबंध में अनुशासन पर जोर दिया।

सर्व आदिवासी समाज का चुनाव संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। गत दिवस सर्व आदिवासी समाज की बैठक गोंडवाना सामाजिक भवन कोरमुडपारा सांकरा÷में हुआ जोन स्तरीय बैठक संपन्न जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष बिशाल राम ध्रुव , उपाध्यक्ष रामलाल छैदहिया, सचिव श्यामसुंदर नेताम, सहसचिव मुंगेश ध्रुव, खूबचंद भंडारी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनाथ ध्रुव को बनाया गया। संरक्षक धनसिंह नेताम, मंगियाराम चनाप, महेश नाग, रामलाल सोरी, कृष्णकुमार ध्रुव, प्रयागचंद बिसेन सलाहकार भगवान सिंह नेताम, निर्भय सिंह नाग, चैनसिंह नेताम, बंशीलाल ध्रुव ,संचालक प्रकाश नेताम, संजय श्रीमाली व मीडिया प्रभारी टेमन सिंह नायक को बनाया।

कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक

जिलें में नशीले पदार्थों की तस्करी और इससे जुड़े लोगों पर हो सख्त कार्यवाही : कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में (एनकॉर्ड) नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। यह समिति जिलें में नशीले पदार्थों की तस्करी और इससे जुड़े अपराधों को रोकने के लिए आयोजित की जाती हैं। इसका उद्देश्य विभिन्न सरकारी एजेंसियों, राज्य सरकारों और अन्य संबंधित पक्षों के बीच समन्वय बढ़ाना हैं, ताकि नशीली दवाओं की तस्करी को नियंत्रित किया जा सके और इसके दुष्प्रभावों से समाज की सुरक्षा की जा सकें। बैठक में नशीली दवाओं के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई, नशीली दवाओं के सेवन से जुड़ी समस्याएं और समाधान, सीमा सुरक्षा और तस्करी के मार्गो की पहचान, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाना आदि विषयो पर चर्चा की गई। बैठक में एडीएम प्रकाश भारद्वाज, डीएसपी झा, एनकॉर्ड की टीम उपस्थित थी।कलेक्टर ने बैठक में पुलिस प्रशासन और एनकॉर्ड टीम को तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं, उन्होंने स्थानीय प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को नशीली दवाओं की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा।

कलेक्टर ने स्थानीय पुलिस और खुफिया एजेंसियों को तस्करी से जुड़े मामलों की जांच करने, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी करने और गिरफ्तारियां करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा तस्करों के ठिकानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाए जा सकते हैं, जिनमें पुलिस और अन्य एजेंसियां शामिल हो सकती हैं। उन्होंने कहा की संदिग्ध क्षेत्रों में वाहनों की तलाशी ली जा सकती हैं, खासकर उन मार्गो पर जहां से अवैध सामान की तस्करी होने की संभावना हो। कलेक्टर ने कहा कि तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सड़कों पर खंभों में लगी खराब लाइटों को तुरंत करें ठीक : रणबीर शर्मा

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें दुर्घटनाओं को कम करने, ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने और सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य उपाय शामिल थे। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों की समीक्षा करें और उन कारणों को खत्म करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, सड़कों की बेहतर देखरेख करने और संकेतकों को सही स्थानों पर लगाने की भी चर्चा की गई। साथ ही, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, सड़कों की बेहतर देखरेख करने और संकेतकों को सही स्थानों पर लगाने की भी चर्चा की गई।

अंबिका मरकाम विद्यायक सिहावा को विधान सभा सत्र में प्रश्न काल लगाने हेतु निवेदन

विद्युत विभाग नगरी में कार्यरत आउटसोर्स ठेका कर्मचारी पूरे विभाग को संभाल रहे

नगरी/नवप्रदेश। विधुत विभाग में कार्यरत आउटसोर्स ठेका कर्मचारी पूरे विभाग को संभाल रहे है और उनकी मासिक वेतन 6000, 7000, 8000, 9000 रुपए है और सबसे खतरा का काम कर रहे है और 5 वर्ष से लेकर 18 वर्षो तक विभाग में सेवा दे रहे है ऐसे में विभाग में समायोजन कर विभागीय वेतन दिया जा सकता है? जबकि कई जिलों में टेंडर नहीं होने के कारण 7 से 8 महीनों तक विद्युत विभाग वेतन दे सकता है तो हमेशा के लिये क्यूं नहीं शासकीय, अर्धशासकीय, निगम मंडल में कार्यरत श्रमिकों अकुशल, अर्धकुशल, कुशल एवं उच्च कुशल श्रेणी में कार्य कर रहे श्रमिको को श्रम सम्मान राशि 4000 रुपए की घोषणा विद्युत विभाग के आउटसोर्स ठेका कर्मचारियों को अभी तक अप्राप्त है, मिलेगा की नही दिल्ली एवं अन्य कुछ राज्यो के तर्ज पर श्रमिकों की मासिक वेतन 21 हजार केन्द्रीय वेतनमान को छत्तीसगढ़ में लागू करेगी क्या क्योंकि सबसे कम मानदेय श्रमिको का छत्तीसगढ़ में है।

कमेटी का गठन हुआ पर फैसला नहीं हुआ

बीजेपी के जनघोषणा पत्र में मोदी जी की गारंटी 100 दिन के अंदर अनियमित, आउटसोर्स ठेका कर्मचारियों के लिए कमेटी बनाकर निर्णय लेने की बात 6 महीने में कमेटी का गठन हुआ लेकिन जन घोषणा पत्र में कर्मचारी संगठनों से सदस्य बनाकर उचित निर्णय लेने की बात हुआ था क्या कर्मचारी संगठनों से सदस्य कमिटी में अनियमित कर्मचारीयो को सदस्य बनाने के मापदंड क्या होंगे? कमिटी में सदस्य अनियमित कर्मचारियो को कब तक बना लिया जाएगा। और श्रमिको के लिए उचित निर्णय कब तक लेगी जिसमे विधुत विभाग नगरी में कार्यरत आउटसोर्स ठेका कर्मचारी पूरे विभाग को संभाल अंबिका मरकाम विद्यायक सिहावा विधान सभा सत्र में प्रश्न काल लगाने हेतु ज्ञापन सौंप गय।

बीजेपी के जनघोषणा पत्र में मोदी जी की गारंटी 100 दिन के अंदर अनियमित, आउटसोर्स ठेका कर्मचारियों के लिए कमेटी बनाकर निर्णय लेने की बात 6 महीने में कमेटी का गठन हुआ लेकिन जन घोषणा पत्र में कर्मचारी संगठनों से सदस्य बनाकर उचित निर्णय लेने की बात हुआ था क्या कर्मचारी संगठनों से सदस्य कमिटी में अनियमित कर्मचारीयो को सदस्य बनाने के मापदंड क्या होंगे? कमिटी में सदस्य अनियमित कर्मचारियो को कब तक बना लिया जाएगा। और श्रमिको के लिए उचित निर्णय कब तक लेगी

जिसमे विधुत विभाग नगरी में कार्यरत आउटसोर्स ठेका कर्मचारी पूरे विभाग को संभाल अंबिका मरकाम विद्यायक सिहावा विधान सभा सत्र में प्रश्न काल लगाने हेतु ज्ञापन सौंप गया जिसमे सभी विषयांतर्गत निवेदन किया गया जिसमे नवीन कुमार साहू, तामेश कुमार साहू,द्वारिका प्रसाद नेताम,छबिलाल साहू,तेजेन्द्र वैष्णव, हेमलाल साहू,दयाशंकर साहू,लोकेश्वर साहू,भूपेंद्र मण्डावी, टिकेश नेताम,रामदेव नेताम,गजेंद्र मरकाम,सखाराम वट्टी, मनीष नेताम, विजय नेताम, खेलन सिंह ध्रुव, दिनकर यादव,विनायक साहू,विनोद साहू,रूपधन नाग,भूपेन्द्र साहू,सत्यदेव निषाद, हिराउ नेताम,और अन्य साथियों का उपस्थिति थे

बच्चे और पालकों केचेहरा खिले

फरमानिया ट्रस्ट ने बांटे 650 बच्चों को स्वेटर

उतई/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला डूमरडीह शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला घुघसीडीह शासकीय प्राथमिक शाला काशीडीह शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला घासीदास नगर घूघसीडीह के लगभग 640 बच्चों को सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक सुरेश फरमानिया के द्वारा 640 बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया।स्वेटर वितरण के अवसर पर सभी स्कूलों में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया,स्वेटर पाकर सभी बच्चे और उनके पालकों का चेहरा खिल गया ।अपने उदबोधन में सुरेश फरमानिया जी ने सभी बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए बगैर नकल किए अपने मेहनत से आगे बढ़ने की बात कहीं और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के मंत्र को सार्थक करने के लिए सभी को प्रेरित किया ।सुरेश फरमानिया जी ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे ही भगवान का रूप है और उनकी मुस्कुराहट ही असली धन है सुरेश फरमानिया जी के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए प्रधान पाठक दुलारी चंद्राकर ,प्रधान पाठक बी संध्या राव ,श्रीमती मोनिकाराम एलिजाबेथ,दुर्गेश मेश्राम,वीरेंद्र मरई,अश्वनी यादव ने फरमानिया जी को साल श्रीफल व पौधा देकर सम्मानित किया। फरमानिया जी का बच्चो के प्रति लगाव ,उनके उत्कृष्ट कार्यों ,सहयोग की भावना को देखते हुए सभी संस्था प्रमुखों व शिक्षकों द्वारा सम्मान किया गया।

निकाय चुनाव में जनता भाजपा प्रत्याशियों को चुनेगी:गोपाल

गरियाबंद/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया कि अब की बार नगरी निकाय अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष नहीं बल्कि प्रत्यक्ष तरीके से किए जाएंगे जिस पर हर्ष जताते हुए एवं जनता की जीत कहते हुए पार्षद सभापति एवं पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के छात्र संघ सचिव वंश गोपाल सिन्हा ने कहा कि जब सरकार को जनता पर भरोसा नहीं होता है तब वह अप्रत्यक्ष करती है जैसे कांग्रेस से कराया फिर भी अधिकतर भाजपा के अध्यक्ष बने और जब जनता पर भरोसा हो जाता है।

कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे आमजनों की समस्याओं का हुआ समाधान

■ **आवेदनों का समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश**

खैरागढ/नवप्रदेश । जिला कार्यालय मे आयोजित जनदर्शन मे पहुँचे लोगों ने अपने आवेदन देकर कलेक्टरचंद्रकांत वर्मा से विभिन्न मांग और शिकायतें रखी । सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर वर्मा ने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने कहा। जनदर्शन के दौरान बाजार अतरिया निवासी देवंतीन वर्मा ने पटवारी से संबंधित अपनी शिकायत रखी। छुईखदान तहसील के ग्राम हाटबंजा निवासी जुगनू ने वेतन न मिलने की समस्या बताई। गंडई तहसील के ग्राम सेतवा निवासी दशरथ मरार ने नया पट्टा प्रदान करने आवेदन किया। ग्राम केशला निवासी निरंजन यादव ने वार्ड नंबर से संबंधित अपना आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम जालबांधा निवासी कुमारी बाई वर्मा ने महतारी वंदन योजना की राशि दिलाने की मांग की। बफरा निवासी दुर्गा वर्मा ने कृषि भूमि से खड़ी फसल चोरी को लेकर आवेदन प्रस्तुत करते कार्यवाही की मांग की। कटंगी खुर्द के कृषकों ने आने-जाने के लिए पुलिया निर्माण की मांग और छुईखदान सहकारी समिति ने बुनाई प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन किया। कलेक्टर वर्मा ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने कहा ।

प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता

खैरागढ़/ नवप्रदेश । प्राकृतिक आपदा से जिले के विभिन्न इलाको में हूए मौत के बाद छह मृतको के परिजनों को कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने राजस्व परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिले के खैरागढ़ तहसील के ग्राम सोनपुरी निवासीचेतना वर्मा की मृत्यु तालाब में डूबने से होने पर उनके पिता कौशल वर्मा को 4 लाख रूपये, ग्राम कटंगीखुर्द निवासी गुंजन की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर पिता प्रमोद को 4 लाख रूपये , कृष्णा वर्मा की तालाब में डूबने से मृत्य होने पर पत्नी श्रीमती रेखा नेताम को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

संगठन चुनाव : जिला भाजपा कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश । भाजपा संगठन चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में जिला चुनाव अधिकारी पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू की उपस्थिति में कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते साहू ने कहा कि प्राथमिक सदस्यता के लक्ष्य को पार्टी ने देश व प्रदेश में पूरा कर लिया है। प्रदेश में 60 लाख नए प्राथमिक सदस्य बनाए गए हैं।

वहीं देश में लगभग 12 करोड़ नए प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं। जिन रा%यों में चुनाव था वहां अब सदस्यता की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। संगठन चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संगठन चुनाव में बूथ स्तरीय चुनाव हो रहे है अगले 2 से 3 दिनों दिनों में इसे पूरा कर मण्डल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। जिसे 15 दिसम्बर तक पूरा होना है फिर 30 दिसम्बर तक जिले के चुनाव भी सम्पन्न करा लिए जाएंगे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि भाजपा परिवार के विस्तार के लिए इस बार ऑनलाइन व ऑफलाइन तरीके से सदस्य बनाये गए जिसमे खैरागढ़ जिले से 40 हजार ऑनलाइन व 20 हजार ऑफलाइन सदस्य बनाये गए है । सिंह ने कहा कि संगठन चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है जिसमे गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव में सक्रिय होकर कार्य करने वाले कार्यकर्ता को प्राथमिकता से अवसर दिया जाना चाहिए।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /202412140400006
अ-6/2024-25

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदकगण राम शंकर पि. पंचम राम, रोहित पि. मुरारी, पवन पि. नरोत्तम निवासी कांकेर, तह. कांकेर जिला -उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के व्दारा मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 6 सी, प्लाट नं. 5, क्षेत्रफल 195 व.मी., कच्चा मकान मय हाता, वार्षिक भू भाटक 95.52 रु. राम शंकर पि. पंचम राम, रोहित पि. मुरारी, पवन पि. नरोत्तम यादव नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। खातेदारों व्दारा उक्त भूमि को पक्ष क्र. (01) राम शंकर पिता पंचम राम क्षेत्रफल 69 व.मी., भू भाटक 33.81 रु., पक्ष क्र. (02) रोहित पिता मुरारी, पवन पिता नरोतम यादव क्षेत्रफल 126 व.मी., भू भाटक 61.71 रु. आपसी सहमति एवं कब्जे अनुसार फर्द बटवारा नामा पत्र उप पंजीयक कार्यालय कांकेर में दिनांक 13.11.2024 को पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुए बटवारा नामा पत्र के अनुसार नजूल अभिलेख में पृथक पृथक नाम दर्ज किये जाने बटवारा नामा पत्र की छायाप्रति के साथ इस न्यायालय में भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नही की जावेगी।

आज दिनांक 6/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है ।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

न्यायालय तहसीलदार दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202409160100007/अ-21 (5)/ 2023-24 ग्राम- चितालंका

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नीलबती पति गिरधर उम्र 62 वर्ष जाति कलार निवासी ग्राम चितालंका तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा ग्राम चितालंका प.ह.नं. 15, तहसील दंतेवाड़ा में स्थित भूमि स्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नंबर 87/1 रकबा 0.1460 हे. मे से रकबा 0.024 हे. को क्रेता शंकरलाल नाग पिता जयलाल उम्र 30 वर्ष जाति तेलंगा निवासी ग्राम चितालंका तहसील दंतेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस सबंधं में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 06/12/2024 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
दंतेवाड़ा

पंजीयन स्टाम्प गुम हो जाने की सूचना

मैं दिलीप कुमार साहू पिता ओलाराम साहू ग्राम लिलवाकापा तह व जिला-मुंगेली (छ.ग.) का निवासी हूॅ। यह कि मेरी मां क्रेता श्रीमती दुर्गा बाई पिता सीताराम ग्राम लिलवाकापा के द्वारा दिनांक-22/05/2008 में विक्रेता मधु बेवा राजेश निवासी बिलासपुर तह व जिला - बिलासपुर छ.ग. वाले से रजिस्ट्री कराया गया था जिसका ख.नं. 187/4, रकबा- 0.121 हेक्टेयर भूमि रजिस्ट्री कराई थी जिसका ओरिजनल स्टाम्प और रजिस्ट्री पंजीयन स्टाम्प अन्यत्र कही गुम हो गया है। खोजने पर भी नही मिल रहा है। इस बाबत् थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में सूचना दर्ज कराई गई है।

आवेदक
दिलीप साहू
ग्राम लिलवाकापा, मुंगेली

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

NOTICE FOR PUBLIC HEARING

Chhattisgarh State Power Distribution Co. Ltd. has filed a petition for approval of Power Sale Agreement executed between CSPDCL & NTPC Ltd. for procurement of 300 MW Hybrid Power from 1500 MW ISTS connected Wind-Solar Hybrid Power Projects on long term basis. This petition is registered as Petition No.104 of 2024.

Copy of petition is available on the Commission's website-www.cserc.gov.in. Objections/Suggestions may be submitted to Secretary, Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission, Raipur within 21 days of publication of this notice.

SAVE ELECTRICITY S.-42348/4 SECRETARY

कार्यालय नगर पंचायत साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

Phone No. 07825-269604 Email Id- cmo_saja@yahoo.co.in

क्रमांक/ 1277/लो.नि./न.पं./निवि.आ.सू./2024-25 साजा, दिनांक 05/12/2024

आनलाईन द्वितीय निविद आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा सूचना

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
Uadd portal : https://uadd.cgeprocurement.gov.in

एन.आई.टी.क्र./ सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का नाम	योजना मद	अनु. लागत राशि (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं खोलने की तिथि
162479	वार्ड क्र. 12 में ओव्हर हैड टैंक निर्माण कार्य	15वें वित्त आयोग	48.45	डाउनलोड करने की तिथि 05.12.2024 बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.12.2024

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) वेब साईट से डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है जल है तो कल है। समस्त बकाया करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत साजा

छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, क्रमांक, 01 अंबिकापुर

Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal : http://wrd.cgeprocurement.gov.in

-: निविदा निरस्तीकरण सूचना :-

आदेश क्रमांक 3363/व.ले.लि./2024-25 अम्बिकापुर, दिनांक 02.12.2024

संभागीय कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक : 02/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 14.11.2024 सिस्टम नं. 161182, 161183,161184,161185 (प्रथम आमंत्रण) के निविदा का प्रकाशन किया गया था, जिसका "जी" नम्बर **242503832** दिनांक **18.11.2024** है। जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 01,
अम्बिकापुर
कृते - मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अम्बिकापुर (छ.ग.)

जी-242504397/7

कार्यालय नगर पंचायत अंतागढ़ जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/ /लो.नि.वि./न.पं./2024-25 अंतागढ़, दिनांक 05/12/2024

// मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय) //

नगर पंचायत अंतागढ़ क्षेत्रांतर्गत 15वें वित्त आयोग मद के तहत् आर.सी.सी. नाली एवं बीटी रोड़ निर्माण के कुल 02 कार्य, लागत राशि 14.34 लाख के कार्य किये जाने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से मुहरबंद निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा दिनांक **19/12/2024** तक आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विवरण निम्नानुसार है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय - 10/12/2024 को 5.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय - 13/12/2024 को 5.00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय - 19/12/2024 को 3.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय - 19/12/2024 को सायं 4.00 बजे से

उपरोक्त कार्यों हेतु निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेब साईट www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध है। वेबसाईट से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन शुल्क रू. 100/- प्रति कार्य एवं निविदा प्रपत्र शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट, आवेदन करने की तिथि तक बना हुआ ही स्वीकार किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत अंतागढ़

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र. 1. अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्रमांक 03/व.ले.लि. / 2024-25 दिनांक 05.12.2024 निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 26.12.2024 (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

ग्रुप क्र.	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
1	162216	तिरकेला जलाशय योजना के बांध का मरम्मत कार्य नहर में मिटटी का कार्य, सी. सी. चैनल का निर्माण कार्य एवं 05 नग पक्के संरचनाओं का निर्माण कार्य।	रु. 206.81 लाख
2	162219	कोट व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर में सी.सी. चैनल निर्माण कार्य।	रु. 230.17 लाख
3	162220	सायर जलाशय योजना के बांध का मरम्मत कार्य, नहर में मिट्टी का कार्य सी.सी. चैनल का निर्माण कार्य एवं 04 नग पक्के संरचनाओं का निर्माण कार्य।	रु. 232.05 लाख
4	162222	तुर्रापानी जलाशय योजना के बांध का मरम्मत कार्य, नहर में मिट्टी का कार्य सी.सी. चैनल का निर्माण कार्य एवं 04 नग पक्के संरचनाओं का निर्माण कार्य।	रु. 246.99 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **12.12.2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र.1,
अम्बिकापुर (छ.ग.)
कृते - मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

जी- 242504398/6

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सक्ती (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक 1/त.शा./लो.स्वा.यां./2024-25 दिनांक 04.12.2024

जिला सक्ती के समस्त विकासखण्डो के ग्रामों में स्त्रोत निर्माण एवं निक्षेप मद के तहत डी.टी.एच. (फास्ट रिग) मशीन से 150 मि.मी. व्यास के 150 मीटर गहरे साधारण नलकूपों के खनन कार्य (सामाग्री विहीन) से निविदा आमंत्रित की जाती है।

समय सारिणी :-

1.1 निविदा हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 11.12.2024 समय सायं 5.30 बजे तक
1.2 कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि :- 12.12.2024 समय सायं 5.30 बजे तक
1.3 निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि/समय :- 17.12.2024 समय सायं 4.00 बजे से
1.4 निविदा खोलने की तिथि/समय :- 17.12.2024 समय सायं 4.30 बजे तक

समूह कमांक	कार्य का नाम	ठेके की संभावित राशि (अनु. लागत) लाख में	अमानत राशि (रू. में)
1	3	4	5
1	विकासखण्ड सक्ती 15 नग	18.11	13600.00
2	विकासखण्ड जैजैपुर 15 नग	18.11	13600.00
3	विकासखण्ड डभरा 07 नग	8.45	6350.00
4	विकासखण्ड मालखरौदा 07 नग	8.45	6350.00

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय से दिनांक 11.12.2024 तक देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी
खण्ड सक्ती (छ.ग.)

जी-242504389/3

न्यूज गैलरी

कलेक्टर-एसपी ने ली राजस्व पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर रमनलाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था के संचालन एवं नियंत्रण के सम्बन्ध में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री कटारा ने जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग को संयुक्त प्रयास करते हुए आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने लोक शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि अपने सूचना तंत्र को मजबूत करें ताकि किसी भी घटना की सूचना आप तक पूर्व में पहुंच जाएं। जिससे समय पर कार्यवाही हो। चेकपोस्टों में कड़ी नजर रखने तथा संयुक्त टीम बनाकर वाहनों की जांच करने के निर्देश दिए।

विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आज होगा आयोजन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में 07 दिसंबर 2024 को राजमोहिनी भवन परिसर अम्बिकापुर में किया जा रहा है। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग करने वाले संस्थान/कलाकर जिनका पंजीयन हो चुका है को सूचित करते हुए उन्होंने 07 दिसम्बर 2024 के प्रातः 09:30 बजे सम्पूर्ण वाद्ययंत्र, परिधान व अन्य आवश्यक सामग्री के साथ राजमोहिनी भवन अम्बिकापुर में उपस्थित होने कहा है।

छत्तीसगढ़ माकपा का 8वां राज्य सम्मेलन 19-20 को विश्रामपुर में

चिरमिरी/नवप्रदेश। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का 8वां राज्य सम्मेलन 19-20 दिसम्बर को सूरजपुर जिले के कोयलांचल विश्रामपुर में आयोजित होने जा रहा है। इस सम्मेलन में 150 से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। राज्य सचिव एम के नंदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में पार्टी के अखिल भारतीय केंद्र से पोलिट ब्यूरो सदस्य रामचंद्र डोम तथा तपन सेन और राज्य प्रभारी, केंद्रीय सचिवमंडल सदस्य जोगेंद्र शर्मा भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में पार्टी के पिछले तीन सालों के कामकाज की समीक्षा और आगामी तीन सालों के लिए पार्टी की दिशा का निर्धारण किया जाएगा। इसके साथ ही पार्टी की नई राज्य समिति और पार्टी के अप्रैल में होने जा रहे महासम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों का चुनाव किया जायेगा। माकपा सचिव ने बताया कि राज्य सम्मेलन के पूर्व पार्टी के सभी जिला सम्मेलन, लोकल सम्मेलन और ब्रांचों के सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं और जनतांत्रिक ढंग से नेतृत्व का निर्वाचन संपन्न हो चुका है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बलरामपुर जिला विकास की राह पर

विकास योजनाओं में आई तेजी, लोगों का जीवन हो रहा आसान

बलरामपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शासन काल में योजनाओं ने रफ्तार पकड़ी है। शासन-प्रशासन के प्रयासों से जमीनी स्तर पर भी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आई है, जिसका लाभ लोगों को मिल रहा है। ज्ञात होगा कि विगत वर्ष 13 दिसम्बर 2023 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी सरकार बनाई और प्रतिबद्धता के साथ जनता के कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

आने वाले कुछ ही दिनों में साय सरकार के एक वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इन एक वर्षों में मुख्यमंत्री के मंशानुरूप जिले में विकास कार्य हुए हैं, जिसके प्रति आम नागरिकों की प्रतिक्रिया और जिले में सरकार के प्रति आम जनता की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित हितग्राही श्री एतवा बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत चांची के निवासी हैं। वे बताते हैं कि 2023-24 में उनको आवास की स्वीकृति हुई और किस्त की राशि प्राप्त होते ही उन्होंने आवास निर्माण कार्य शुरू किया। वे बताते है कि हाल ही में उनका आवास पूर्ण हुआ है। उन्होंने स्वच्छता की ओर बढ़ते हुए अपने घर पर शौचालय भी बनवाया है। साथ ही शासन की अन्य योजनाओं जैसे आयुष्मान कार्ड का लाभ, प्रतिमाह निःशुल्क खाद्यान्न सामग्री का भी लाभ ले रहे हैं।

श्री एतवा अपनी आपबीती बताते हैं कि मैं, पत्नी और बच्चों के साथ मिट्टी की बनी छोटे से घर में रहते थे। बरसात के दिनों में छप्पर से टपकते पानी से पूरा घर गिला हो जाता था, जिससे बड़ी परेशानी होती थी। वे बताते हैं कि मजदूरी ही मेरा आय का जरिया रहा जिससे बचत नहीं हो पाती थी। विपरीत परिस्थितियों में हालात और भी खराब हो जाते थे। लेकिन अब शासन के द्वारा सपनों का पक्का मकान मिल चुका है। वे आगे बताते हैं कि उनकी पत्नी को महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। वे कहते हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की गरीबों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता से ही अब उनकी कल्पनात्मक सोच साकार हुई है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इस प्रकार से शासन की विभिन्न योजनाओं से कई गरीब परिवारों की जिंदगी संवरने लगी है। निःशुल्क राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आवास के साथ अन्य योजनाओं की अनेक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।

कलेक्टर ने की राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा

अधिकारी संवेदनशीलता व तत्परता के साथ राजस्व मामले निपटाएं

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामले आमजनों के हितों से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में उचित निराकरण करें। उन्होंने राजस्व विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ताकि निर्धारित समय-सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार वर्षों से लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रकरणों को समय-सीमा के अंदर निराकरण करने को कहा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को जनहानि आरबीसी 6-4 के प्रकरणों का निराकरण विशेष प्राथमिकता के साथ करने को कहा, जिससे प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल राहत पहुंचाई जा सके। कलेक्टर ने भू-अर्जन प्रकरण, सीमांकन, बंदोबस्त, नामांतरण, बंटवारा, अतिक्रमण, न्यायालयीन आदि सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आम जनता को राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु किसी भी स्थिति में परेशानियों का सामना न करना पड़े। सभी अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन करें। बैठक में अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन, डिप्टी कलेक्टर, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, उपस्थित थे।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न

कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। बैठक में उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर कार्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में प्रगतिरत कार्यों और जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्माण कार्यों के संबंध पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीवीटीजी एवं शुद्ध पेयजल विहीन बसाहटों में प्राथमिकता से कार्य करते हुए पीने योग्य पानी उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने जिन ठेकेदारों की प्रगति अत्यंत धीमी तथा संतोषप्रद नहीं है।

निक्षय-निरामय छग पहचान अभियान पर कार्यशाला

मुंगेली/नवप्रदेश। सौ दिवसीय निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ पहचान एवं उपचार अभियान, टीबी, कुष्ठ एवं वयोवृद्ध देखभाल हेतु सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभातचंद्र प्रभाकर ने बताया कि निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ पहचान एवं उपचार अभियान 07 दिसंबर से 24 मार्च तक 04 चरणों में सभी विकासखण्डों में आयोजित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे ने अभियान के दौरान मितानिनों को घर-घर सर्वे कर उच्च जोखिम एवं टीबी, कुष्ठ, शंकास्पद, वयोवृद्ध देखभाल संबंधी जानकारी देने और पीड़ित पाए जाने पर उपचार प्रारंभ कर नियमित फॉलोअप लेने के निर्देश दिए। जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. सुदेश रात्रे ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान चिकित्सकों सहित समस्त नोडल अधिकारी और स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

मृतक के वारिस को 4 लाख की सहायता

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। अपर कलेक्टर सरगुजा ने तहसील दरिमा के पोड़ीकला निवासी बोधी की मृत्यु सांप काटने से होने पर उनके वारिस बहाली को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 संशोधित प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में लगातार स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय ब्लड बैंक, रेड क्रॉस सोसाइटी सरगुजा, राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड रिबन क्लब के सहयोग से राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान महाविद्यालय के 55 छात्रों ने रक्तदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे छात्र समाज की सेवा में आगे आए हैं। उन्होंने रक्तदान के महत्व को बताते लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने कहा। इस अवसर पर में मेडिकल कॉलेज से डॉ. शारदा भगत, काउंसलर अंजुला मिश्रा, संध्या सिंह, राजकुमार मरावी, सिस्टर रीता थॉमस, पार्टमेडिकल छात्र साक्षी कुशवा, पृथ्वी पाल, हेमनाथ पैकरा और रेड क्रॉस सोसाइटी के आर्यन सिन्हा, कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

बता दें राजमाता देवेन्द्र कमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय अम्बिकापुर में सम्पूर्ण सरगुजा संभाग के अन्तर्गत गंभीर स्थिति अथवा विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीज आते हैं जिन्हें जीवन रक्षक के रूप में ब्लड सेन्टर से ही निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। ब्लड सेन्टर में आवश्यक रक्त की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए जिले में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी दिनों में रोस्टर के अनुसार 6 दिसंबर को जनपद पंचायत लुण्ड्रा में,11 दिसंबर को नगर पालिक निगम कार्यालय अंबिकापुर में तथा 13 दिसंबर को लाइवलीहुड कॉलेज अंबिकापुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

कॉलेज स्टूडेंट्स को जिला जेल का कराया भ्रमण

लखनपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर के शासकीय महाविद्यालय डुमरिया में अध्ययनरत दूसरे एवं अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष अर्पणा एक्का एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष रोहित रस्तोगी द्वारा पाठ्यक्रम के अंतर्गत अम्बिकापुर के सेंट्रल जेल का भ्रमण कराया गया ।जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने जेल के अंदर सभी स्थानों का भ्रमण कर अनुभव लाभ उठाया की जेल के अंदर रहकर क्या-क्या कार्य किया जाता है। छात्रों ने बंदीगृह के बैरक जिसमें बंदीगृह चिकित्सालय, बंदीगृह, मुलाकाती कक्ष, सभा कक्ष एवं बंदियों के इलाज के लिए उपलब्ध अस्पताल सुविधाओं को जाना साथ ह जेल में रसोई घर का भी भ्रमण किया।

जामवाल ने पार्टी के कार्यों का नेताओं से लिया फीडबैक

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा की बिलासपुर संभाग स्तरीय बैठक क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल व प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने ली।

जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन व विधायक एवं जिलाध्यक्षगण उपस्थित रहे। जिला मुख्यालय स्थित विश्राम गृह में बिलासपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों के जिलाध्यक्ष व विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायकों की बैठक क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल,प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय ने ली। उन्होंने भाजपा सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों के साथ ही विधायकों के क्षेत्र में किए गए विकास कार्य तथा संगठन चुनाव आदि विषयों पर उपस्थित विधायकों व जिला अध्यक्षों से फीडबैक लेकर उनका मार्गदर्शन किया। संभागीय बैठक में प्रमुख रूप से जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव, मुंगेली जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, बिलासपुर जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, राजीव सिंह, गुलाब चंदेल, कृष्णकांत चंद्रा, सुभाष जालान, कन्हैया राठौर उपस्थित रहे।

सेवा सहकारी समिति भटगांव के पदाधिकारियों ने ली शपथ

मुंगेली/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति भटगांव में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सहकारी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनय पाण्डे मालगुजार ने अपने पद की शपथ ली। उन्होंने कहा कि समस्या पर ध्यान देंगे किसानों के लिए तपती धूप में काम करते रहते हैं। किसानों के लिए किसान सदन भवन बनवाने के लिए बड़े नेताओं से बात कर प्रकाश में डाला जायेगा। मुंगेली ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष शंकर सिंह ठाकुर किसानों की समस्या पर ध्यान देंगे मुंगेली ग्रामीण महामंत्री राजीव श्रीवास किसान और अध्यक्ष एवं संस्था प्रबंधक ऑपरेटर समन्वय बनाकर चलने का बात रखा। वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार तिवारी, गिद्वा सहकारी समिति अध्यक्ष, जेठू सिंह ठाकुर, मनीसिंह ठाकुर, विजय पाण्डे, सुखीराम, रजवंत यादव, रामशरण यादव, तामेश्वर साहू, सरपंच अनिल साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

परिवहन | दिक्कतों को लेकर यथोचित कार्रवाई की मांग

पूर्व महापौर रेड्डी ने बस यात्रियों के समस्याओं को दूर करने परिवहन सचिव से की मुलाकात

चिरमिरी/नवप्रदेश। कोरोना के समय यात्री बसों में यात्रा करने को लेकर सोशल डिस्टेंस के नाम पर बसों में एक भरे सीट के बगल वाले खाली सीट का भी किराया वसूलने के साथ ही यात्री बसों में की जाने वाली माल ढुलाई की तात्कालीन व्यवस्था को बस संचालकों ने नियमित कर लिया है, जिससे यात्रियों को विभिन्न समस्याओं से दो - चार होना पड़ता है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न कोनों में इस समय बसों में किराया सूची का भी कहीं कोई अता - पता नहीं है। रेल सुविधा से वंचित बहुतायत क्षेत्रों में प्रदेश के आम एवं आर्थिक रूप से कमजोर गरीब तबके वाले नागरिकों के यात्रा के लिए प्रमुख साधन के रूप बस सेवा के व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की मांग की गई है। यात्री बसों में बरते जा रहे इन अनियमितताओं से यात्रियों को होने वाले व्यावहारिक समस्याओं से रूबरू कराते हुए चिरमिरी नगर निगम के पूर्व महापौर के. डोमरू रेड्डी ने मंत्रालय में छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन सचिव एस. प्रकाश से मुलाकात कर, इन समस्याओं के निराकरण की मांग रखी है। रेड्डी ने कहा है कि चूंकि बस गरीब नागरिकों के सुलभ यात्रा का प्रमुख साधन है, इसलिए इनमें आ रही ऐसी दिक्कतों का निराकरण किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि आम नागरिकों के सुविधाओं के लिए ध्यानाकर्षित कराने वाले इन विषयों को सचिव साहब ने गंभीरता से लिया है और शासन के दिशा निर्देशों के तहत यथोचित कार्यवाही करते हुए समस्याओं का समाधान करते हुए, आम नागरिकों के लिए मिलने वाले सुविधाओं को सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। पूर्व महापौर ने शासन का ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा है कि कोरोना काल मे यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए पहले बस संचालकों ने यात्रियों से खाली सीट का भी पैसा वसूल किया और बाद में कोरोना के हट जाने के बाद भी उसी बढ़े हुए किराये के अनुपात में आज भी किराया बसूला जा रहा है, जिस ओर न तो विभाग का ध्यान है और न ही शासन के जनप्रतिनिधियों का। पत्र में कहा गया है कि हमारे प्रदेश के सड़क मार्ग से यात्री बसों में प्रतिदिन लाखों की संख्या में सफर कर रहे आम नागरिकों से बस परिचालन में लगे व्यवस्थापकों के द्वारा खुलेआम लूट किया जा रहा है, जिसे रोका जाना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बताया है कि बिना किराया सूची के बेधड़क चलाने वाले बसों में किराया सूची लगाया ही नहीं गया है।

भाजपा नेत्री रत्नावली ने मंत्री नेताम से की मुलाकात

मुंगेली/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की पूर्व सदस्य व भाजपा नेत्री रत्नावली कौशल ने राज्य के अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम से उनके निवास में भेंटकर उनका कुशल क्षेम पूछा और उनके विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की तथा समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। भाजपा नेत्री कौशल ने मंत्री नेताम के बंगले में जाकर उनसे भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने तथा दीर्घायु होने की कामना की। रत्नावली ने विभाग में कर्मचारियों के रिक्त पदों की जानकारी भी मंत्री को दी और उनसे आग्रह किया कि हठधर्मी और निरंकुश हो चले अधिकारी कर्मचारियों का स्थानांतरण किया जाए तथा रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। मंत्री नेताम ने साफशब्दों में कहा कि भ्रष्ट, निकम्मे और हठधर्मी प्रवृति वाले अधिकारी बिल्कुल भी बख्शे नहीं जाएंगे।

न्यूज गैलरी

'पोस्ट ऑफ द मंथ' वाले शिक्षकों का किया सम्मान

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के शिक्षक द्वारा अपने शैक्षणिक गतिविधियों को विनोबा एप में अपलोड किया जाता है। अपलोड किए गए गतिविधियो के आधार पर उत्कृष्ट पोस्ट वाले शिक्षको का ज़िला प्रशासन द्वारा सम्मान किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे विनोबा ऐप के माध्यम से माह सितम्बर, अक्टूबर एवं नवंबर के लिए चयनित ''पोस्ट ऑफ द मंथ'' वाले शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के शिक्षिका परमेश्वरी भारद्वाज, नीलिमा सिंह, चुन्नी देवांगन, पिंकी केशरवानी, चंद्रिका पटेल, शांता देवी साहू, ज्योति सराफ, लता रात्रे और रजिया अंजुम शेख को प्रशस्ति पत्र और पुरुस्कर देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपहार स्वरूप बच्चों के लिए स्टेशनरी प्रदान किया गया। इसके साथ ही बोलेगा बचपन के लिए विजय लक्ष्मी कूरें, तीरथ बाई गोंड, अनुराधा मधुकर एवं भावना मशीह को प्रशस्ति पत्र और पुरुस्कर देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपहार स्वरूप बच्चों के लिए स्टेशनरी प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसडीएम जांजगीर ममता यादव, डीएमसी राजकुमार तिवारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

ड्रायविंग स्कूल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू एवं टीम के द्वारा जिले में संचालित ड्रायविंग स्कूल विक्की ड्रायविंग स्कूल, चांपा प्रोपाईटर विकास तिवारी पता 18 मेन रोड चांपा एवं शेख ड्रायविंग स्कूल, प्रोपाईटर मुजीब रहमान शेख पता तुलसी भवन के पास वार्ड नं. 8 लिंक रोड जांजगीर का औचक निरीक्षण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विक्की ड्रायविंग स्कूल, चांपा के निरीक्षण में पाया गया कि उक्त ड्रायविंग स्कूल में केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 में विहित प्रावधानों के अनुरुप कक्षा, फर्नीचर, यातायात संकेत, तकनीकी शिक्षा के उपकरण, नियमों की पुस्तक, कर्मचारी, दोहरे नियंत्रण प्रणाली की वाहन, पार्किंग एवं रेम्प की सुविधा नही पाई गयी। संचालक द्वारा रजिस्टर संधारण करना नही पाया गया। साथ ही मोटर ड्रायविंग स्कूल स्थापित करने के लिए संचालक द्वारा अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्रस्तुत नही किया गया। इसी प्रकार शेख ड्रायविंग स्कूल, प्रोपाईटर मुजीब रहमान शेख पता तुलसी भवन के पास वार्ड नं. 8 लिंक रोड जांजगीर के निरीक्षण में पाया गया कि ड्रायविंग स्कूल में केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 में विहित प्रावधानों के अनुरुप प्रशिक्षणार्थीयों का अभ्यावेशन दर्शित करने वाला वर्षवार रजिस्टर प्रस्तुत नही किया गया।

कलेक्टर ने स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन में बाल संप्रेक्षण गृह पहुंचे

बच्चों से कहा- आपके लिए भी मौका देश के विकास में बने भागीदार

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल पंजरी प्लांट स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में आयोजित स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन दिवस में पहुंचे।

कलेक्टर गोयल ने प्रशिक्षण में सफल बच्चों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया। इस दौरान बच्चों ने अपने प्रशिक्षण के अनुभव को साझा किए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी एल. आर. कच्छप, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश पटेल, बाल कल्याण समिति के सदस्य लक्ष्मी पटेल, जिंदल फाउंडेशन से ऋषिकेश शर्मा, आलोक झा, प्रशिक्षक हिमांशु त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने बच्चों से कहा कि आपको इलेक्ट्रिकल का प्रैक्टिकल करवाया गया है।

जो बेसिक है लेकिन आप अगर इसमें अपनी लगन बनाए रखेंगे तो निश्चित तौर पर इस क्षेत्र में आगे बेहतर कर सकते है। इस स्किल को अपने और परिवार के लिए रोजगार के रूप में उपयोग करें। उन्होंने कहा कि जीवन का सफर बहुत लंबा है, अभी आप जहां है, इसके बाद भी बहुत समय है। जीवन में हर किसी को दूसरा मौका मिलता है, आपको भी मिलेगा, जो मौका मिलेगा उसका बेहतर उपयोग करना है और अपने अच्छे कार्यों से देश के विकास में भागीदार भी बनना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर.कच्छप ने बताया कि वर्तमान बाल संप्रेक्षण गृह में 23 बच्चे है। जिनके लिए पर्याप्त सुविधाएं है, वहीं 23 बच्चों में से 21 बच्चों का आधार कार्ड तथा 15 बच्चों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। शेष बच्चों का विभागीय समन्वय कर अतिशीघ्र बनाया जाएगा। कलेक्टर ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया अवलोकन, सुविधाओं की ली जानकारी कलेक्टर ने बाल संप्रेक्षण गृह का अवलोकन करते हुए मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने लाइब्रेरी, मनोरंजन कक्ष, शयन कक्ष सभी को देखा। इस दौरान उन्होंने रात के व्यवस्थाओं की जानकारी लेने पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि रात में गार्ड, पैरामेडिकल स्टॉफ रहते है।

जिले में अब तक हुई 23 हजार 846 मी.टन धान खरीदी

धान खरीदी की व्यवस्था और त्वरित भुगतान से किसानों में उत्साह

रायगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार 14 नवम्बर से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। किसान भी पूरे उत्साह के साथ उपार्जन केंद्र में धान बेचने पहुंच रहे हैं। लोईंग खरीदी केंद्र में पहुंचे किसान श्री सौरभ प्रधान ने बताया कि करीब 6 एकड़ खेत में उन्होंने धान की फसल ली थी और 120 क्विंटल धान बेचा है। उनका कहना है कि इस बार समर्थन मूल्य पर धान बेचने की प्रक्रिया पहले से अधिक सुगम और पारदर्शी तरीके से चल रही है। ऑनलाइन टोकन प्रणाली के कारण किसानों को अब लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है।

किसान सौरभ प्रधान ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि 21 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से धान खरीदी और 3100 प्रति क्विंटल की कीमत किसानों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं। धान खरीदी में पारदर्शिता और सही दाम मिलने से किसानों का आत्मविश्वास बढ़ा है। शासन की योजनाओं ने हर किसान को राहत दी है। श्री प्रधान ने कहा कि केन्द्र में समुचित व्यवस्था और कर्मचारियों के सहयोग से धान बेचने में काफी आसानी हुई। वहीं समय से किसानों को धान की राशि का भुगतान भी हो रहा है। लंबी कतारों से बचने के लिए पहले से स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था की जिससे भुगतान में सहूलियत है। खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम से भी भुगतान लेने की व्यवस्था खरीदी केंद्रों में की गई है।

सरकार किसानों के प्रति संवेदनशीलता से काम कर रही। हमें हमारी मेहनत का सही दाम मिल रहा है। उन्होंने खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में जिले के धान उपार्जन केंद्रों पर सुचारु रूप से धान खरीदी हो रही है। खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत रायगढ़ जिले में 23846 मे.टन धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 29 करोड़ 91 लाख रुपये का भुगतान भी बैंक के माध्यम से किया जा चुका है।

कलेक्टर ने सीजीपीएससी में सफल अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा 2023 में जिले के सफल अभ्यर्थियों ने मुलाकात की। कलेक्टर ने सफल अभ्यर्थियों कों स्मृति चिन्ह, गुलाब का फूल देकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की चुनौतियां बड़ी होती है, लेकिन सही दिशा और प्रयास से इन्हें पार कर सफलता हासिल की जा सकती है। रणनीति और नियमित अध्ययन के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाना संभव है। मॉक टेस्ट, और समय प्रबंधन की कला इसमें अहम भूमिका निभाती है। सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि सही दिशा में विभिन्न विषयों का अध्ययन करते हुए आगे बढ़ा जा सकता है, इस दौरान उन्होंने भारतीय प्रशासनिक परीक्षा की तैयारियों के संबंध में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर सहायक संचालक जनसंपर्क जरीफ खान, सहायक प्रचार-प्रचार अधिकारी देवेन्द्र कुमार यादव, जिला समन्वयक अमित कश्यप सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। राज्य सेवा परीक्षा 2023 में जिले के सफल अभ्यर्थियों में सत्येन्द्र कुमार बंजारे एवं लखेश्वर यादव डिप्टी कलेक्टर, सुशांत तिवारी, रत्नेश शरण सिंह एवं सुमन जायसवाल जिला आबकारी अधिकारी, अनिल कुर्रे सहायक आयुक्त राज्य कर, खुशवंत सिंह परियोजना अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, अरविंद महिलांगे अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी, शुभंम कुमार, ऋषभ सिंह, कुलदीप पटेल नायब तहसीलदार, शेख अब्दुल रहमान राज्य कर निरीक्षक, लकेश्वर देवांगन, भरत भूषण शर्मा सहकारिता निरीक्षक के पद पर चयनित हुए हैं।

वार्डों का भ्रमण कर अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी

मुंगेली/नवप्रदेश। वार्ड चलो अभियान के तहत द्वितीय दिवस में नगर पालिका के वार्ड 16 कबीर वार्ड, वार्ड 17 तिलकवार्ड, वार्ड 18 हीरालाल वार्ड, वार्ड 19 एंड्रूज वार्ड, वार्ड 22 दीनदयाल वार्ड में भ्रमण किया गया एवं सतनाम भवन चौक पर द्वितीय दिवस का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न 17 प्रमुख विभागों/योजनाओ में कुल 155 मांग एवं शिकायतों आवेदन प्राप्त हुए। लाइवलीहुड कॉलेज से 05, राजस्व विभाग से 20, विद्युत विभाग से 03, स्वास्थ्य विभाग से 34, श्रम विभाग से 06 तथा नगर पालिका मुंगेली से 70 विभिन्न मांग एवं शिकायत आवेदन किया गया जिसमें से 02 मांग तत्काल निराकृत किया गया। वार्ड चलो अभियान के द्वितीय दिवस जिला प्रशासन से अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डे, अनुविभागीय दंडाधिकारी पार्वती पटेल, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सालिक राम घृतलहरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, पार्षद राजकुमार वाधवा, अमितेश आर्य, हीलालाल साहू, आनंद जांगड़े, राजा तंबोली, सचिन मशीह, विजय यादव, विजय बंजारा, ताराचंद एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से वार्डो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान नगर पालिका द्वारा गोपाल स्वीट्स के पीछे कच्ची नाली खुदवाकर जल भराव की समस्या का निदान के साथ-साथ लंबे समय से लंबित विजय जायसवाल के घर से सुंदर साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण तत्काल प्रारंभ कराया गया। दीनदयाल वार्ड, वार्ड क्रमांक 12 निवासी कुन्ती बाई पांडे, पति शीतला प्रसाद पांडे का वृद्धा पेंशन बनाया गया।

जनपद उपाध्यक्ष ने अमेरा समिति का किया निरीक्षण

लखनपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के निर्देश पर धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत निरिक्षण प्रभारी बनने पर जंप उपाध्यक्ष अमीत सिंह देव ने 4 दिसंबर दिन बुधवार को धान उपार्जन केन्द्र अमेरा का औचक निरीक्षण किया । दौरान निरीक्षण के धान बेचने आये कृषकों से रूबरू होते हुये हाल-चाल जाना। क्षेत्र के किसानों से पूछा कि समिति के द्वारा लेबर उपलब्ध कराया गया है कि नहीं किसानों ने बताया कि हम लोग स्वयं लेबर लगाये हैं, कांटा तौलाई,बोरा सिलाई,फड में छली लगाने की कार्य किसान ही कर रहे है। किसानों को पीने तक के लिए पानी की व्यवस्था नही होने पर जप उपाध्यक्ष सिंह देव ने समिति प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाई।

भोज पर आमंत्रित भाजपा नेताओं ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर की चर्चा

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र वैष्णव के निवास में भाजपा के वरिष्ठ नेतागण भोज के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। भोज में जिले के प्रभारी मंत्री सहित संगठन के महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, संभागीय भाजपा प्रभारी अनुराग सिंहदेव सहित विधायक एवं संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर क्षेत्रीय प्रवास पर पहुंचे भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, संभागीय भाजपा प्रभारी अनुराग सिंहदेव, जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन, मुंगेली विधायक पून्नुलाल मोहले, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जीपीएम विधायक प्रणव मरपच्चि, भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, जीपीएम जिलाध्यक्ष कन्हैया राठौर सहित दिग्गज नेताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र वैष्णव के निवास मे भोज करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। भाजपा नेता राजेन्द्र वैष्णव का पिछले विधानसभा चुनाव के समय से लगातार राजनीतिक सक्रियता बढ़ी है। समय-समय पर इनके यहां दिग्गज नेताओं का आगमन होते रहता है। श्री वैष्णव कई चुनाव में प्रभारी रहते हुए भाजपा को उल्लेखनीय सफ्लता दिलाई है।

विकास कार्यो में भ्रष्टाचार करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे: गिरधर

सक्ती/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र सकती में शिक्षा विभाग के कई स्कूलों में भवन जीर्णोद्धार एवँ सौदर्यीकरण कार्य मे कोई भी भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही की जायेगी उक्त विचार विधानसभा क्षेत्र सक्ती के विधायक एवँ नेता प्रतिपक्ष के कलेक्टर कार्यालय एवँ शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि गिरधर जायसवाल ने कही जायसवाल आज प्राथमिक विद्यालय रगजा के परिसर में लगे पेवर ब्लाक एव बाउंड्रीवाल के कार्य का निरीक्षण करने पहुचे श्री जायसवाल ने बताया कि वहाँ लगे पेवर ब्लाक अभी लगे कुछ ही महीने हुए है और जीर्ण शीर्ण हो गया हैं जबकि इतने छोटे जगह में लगभग 17-18 लाख रुपये खर्च हुए लेकिन जगह जगह उखड़ गए हैं वहां बाउंड्रीवाल निर्माण में भी भ्रष्टाचार हुआ हैउक्त कार्य महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसमे सरपँच को कार्य एजेंसी बनाया गया था लेकिन कार्य किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कार्य किया गया है इसमें संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही हेतु नेता प्रतिपक्ष को अवगत कराया जावेगा विधानसभा क्षेत्र सकती में कई स्कूलों में अन्य निर्माण कार्य चल रहे हैं सभी स्कूलो के विकास कार्यों का निरीक्षण किया जावेगी श्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार बनी है पूरे प्रदेश में अपराध एवँ भ्रष्टाचार चरम पर है कानून व्यवस्था का डर किसी को नहीं हैं चल रहे भ्रष्टाचार अनियमितता की शिकायत उच्चाधिकारियों को भी की गई तथा समय सीमा पर निर्माण कार्य पर जिम्मेदार सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

महोत्सव | देवांगन समाज का 7 दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव

कथावाचक ने सुनाई माता हरणी जन्म एवं विवाह गोत्र उत्पत्ति की कथा

मुंगेली/नवप्रदेश। देवांगन समाज द्वारा 07 दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें प्रदेश मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि और समाज के लोग माता परमेश्वरी की दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं और आशीर्वाद ले रहे हैं।

सात दिवसीय महोत्सव के तीसरे दिन कथा वाचक किशन राव चांपा वाले एवं संगीतमय अनिल देवांगन बिलाईगढ़ वाले ने दीपचंद, माता हरणी जन्म एवं विवाह गोत्र उत्पत्ति कथावाचक द्वारा सुनाया। वही माता रानी की विवाह को धूमधाम से मनाने हेतु डीजे साउंड के माध्यम से पूरे शहर भ्रमण करते हुए बारात निकाली गई। जिसमें बाराती के रूप में समाज के युवक-युक्ति शामिल हुए और नाचते गाते कार्यक्रम स्थल से निकलकर गोल बाजार, पुराना बस स्टैंड, मलाई घाट होते हुए माता परमेश्वरी चौक पहुंचे।

तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पहुंचकर विवाह कार्यक्रम को सम्पन्न कराया। वही रात्रि 9 बजे से बच्चों द्वारा डांस प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। जिसमें 5 वर्ष से लेकर 17 वर्ष के बच्चों ने भाग लेकर अपना हुनर और प्रतिभा को मंच के माध्यम से दिखाया। डांस प्रतियोगिता में नव्या देवांगन, जिया देवांगन, सत्यम देवांगन, चंचल देवांगन

ग्रुप डांस, मीठी देवांगन, साक्षी देवांगन, वंशी सिद्धिक जया, चंचल देवांगन, तनविका देवांगन, चंचल देवांगन, सौम्या देवांगन ने डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। डांस प्रतियोगिता के पश्चात सभी जजों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार का भी घोषणा किया। वही प्रथम इनाम पाने वाले वंशी सिद्दीका जया, द्वितीय चंचल पिता हीरु और तृतीय स्थान पर नव्या अदिति पिता गोविंद देवांगन एवं शरद देवांगन रहे। महोत्सव के चौथे दिन 25वॉ वर्ष पूरे होने पर देवांगन समाज के लोगों द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महोत्सव को यादगार बनाने हेतु युवाओं ने रक्तदान भी किया। रक्तदान करने वाले गणेश देवांगन, बलराम देवांगन, देवेंद्र देवांगन, चंद्रकांत देवांगन, अमन देवांगन, भूपेंद्र देवांगन, मनोज, विकास, पवन, वीरेंद्र, अनुज, दुर्गेश, नरेंद्र, सत्येंद्र, दुर्गेश, शत्रुहन, जितेंद्र, रामाधार, हेमंत, पवन सहित अन्य लोगों ने रक्तदान कर सामाजिक एकता का परिचय दिया।

दुर्घटनाएं रोकने प्रयास करें

बलरामपुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में जिले के अन्तर्गत सर्वाधिक दुर्घटना वाले क्षेत्र में सुरक्षा के सभी आवश्यक व्यवस्था जैसे-वाहनों की गति सीमा का बोर्ड, गति अवरोधक, अंधे मोड़, दुर्घटनाजनक क्षेत्र में संकेत चिन्ह पर्याप्त मात्रा में लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए कई तरह के उपाय आवश्यक हैं। सड़कों के निर्माण से जुड़े विभाग सड़कों में सुधार तथा संकेतक लगाने एवं तीव्र मोड़ों को ठीक करने का प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि सड़क खराब होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी होने के साथ कई बार दुर्घटनाएं हुई हैं, इसके लिए बेहतर व्यवस्था बनाए। उन्होंने दुर्घटनाजनक क्षेत्रों में उचित संकेतक, गति अवरोधक सीमा बोर्ड लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें।

आत्मानंद स्कूल में साइबर अपराध व नशा के दुष्परिणाम पर चेतना अभियान

अनजान व्यक्ति को व्यक्तिगत जानकारी न दें, मोबाइल से ओटीपी भी न बताएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में चलाए जा रहे चेतना अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध, नशा से दूर रहने तथा यातायात नियमों के संबंध में स्कूली छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

पुलिस द्वारा चेतना अभियान के तहत लगातार लोगो को नशे के विरूद्ध जागरूक करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी, महिला संबंधी अपराध एवं साईबर संबंधी अपराधो से बचाव के सम्बंध में लोगो को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 4 दिसंबर को थाना सकरी क्षेत्र के शासकीय आत्मानंद स्कूल सकरी में साईबर की पाठशाला का आयोजन किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बिलासपुर अर्चना झा के द्वारा स्कूल में पढने वाले छात्र छात्राओ,

शिक्षको एवं अन्य स्टाफ को साईबर अपराध, महिला संबंधी अपराध एवं यातायात नियमों तथा नशा से होने वालो अपराधों के संबंध में सूक्ष्मता से जानकारी दी गई तथा छात्रो को यह भी समझाइश दी गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी व्यक्तिगत जानकारी नही देवे, मोबाईल मे आए किसी भी लिंक को बिना जानकारी के ओपन नही करे तथा मोबाईल में आए ओटीपी को किसी अन्य व्यक्ति को न बताए तथा नशा से दूर रहने समझाइश दी गई।

उरतुम विद्यालय में यातायात के नियम बताए

बिलासपुर जिले के पुलिस अधीक्षकरजनेश सिंह द्वारा नशा एवं साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने जग जागरूकता कार्यक्रम "चेतना" चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम लोगों को साइबर ठगी से बचने के उपाय, नशा करने से होने वाली आर्थिक, शारीरिक एवं सामाजिक नुकसान के संबंध में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में सरकंडा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम उर्तुम के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों के समक्ष चेतना कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम जिसके मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सीएसपी सरकंडा सिद्धार्थ बघेल ने कार्यक्रम के मुख्य बिंदु नशे से होने वाली शारीरिक आर्थिक सामाजिक समस्याओं के साथ-साथ यातायात नियम, साइबर अपराध, महिलाओं बच्चों संबंधित अपराध जैसी समस्याओं पर भी प्रकाश डाला। इन सभी जागरूकता के बाद सीएसपी श्री बघेल ने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के लिए उत्साहवर्धन भी किया। कार्यक्रम में जीवधर्णी फाउंडेशन के विकास चंद्र वर्मा, प्रदीप कुशवाहा, सूरज केवट तथा शाला के प्रिंसिपल प्रभास शांडिल्य शिक्षकगण प्रमोद कुमार शर्मा, सत्यम रात्रे, ललिता ठाकुर, तारक नाथ बंका सम्मिलित हुए।

साइबर पाठशाला की सराहना

साईबर की पाठशाला में दीनबंधु हेल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष दीन दयाल साहू, डॉ सर्वेश वर्मा (डिवाइन हुमैनिटी), रूपेश यादव, श्रुति केशरवानी, दीपक यादव, नितीश, संदीप, स्कूल प्रिंसिपल संध्या द्विवेदी, रामा सोनी एवं शिक्षकगण एवं छात्र छात्राए, थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र अनंत एवं थाना सकरी स्टाफ उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन द्वारा बिलासपुर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे साइबर पाठशाला की विशेष सराहना की गई।

■ न्यूज गैलरी

बेवजह अलार्म चेन पुलिंग की तो भरना होगा जुर्माना

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेलवे अपने यात्रियों को सुरक्षित और समय पर गंतव्य तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है। किन्तु कुछ यात्रियों द्वारा बिना उचित कारण अलार्म चेन पुलिंग करने से न केवल गाड़ियां देरी से चलती हैं, बल्कि रेलवे को भारी नुकसान का सामना भी करना पड़ता है। इस समस्या के निदान के लिए बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के नेतृत्व में रेल सुरक्षा बल द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में वर्ष 2024 माह नवम्बर तक बिना कारण चैन पुलिंग करने वालों के विरूद्व 1183 मामले पंजीबद्व कर विधिनुसार कार्रवाई करते हुये 4,87,195 रूपये जूर्माना वसूल की गई है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशनों में बिना कारण चैन पुलिंग नही करने के प्रति लगातार यात्रियों को जागरूक करने के लिए घोषणा, पोस्टर, और जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं, जिससे चेन पुलिंग के मामलों में कमी आएगी और रेलवे की समयबद्धता को भी सुनिश्चित किया जा सकेगा। यात्रियों से अपील है कि बिना उचित कारण अलार्म चेन पुलिंग न करें। इससे न केवल गाड़ियां समय पर चलेंगी साथ ही यात्रियों को असुविधा से बचाया जा सकेगा।

संभागायुक्त कावरे ने सिम्स अस्पताल का किया निरीक्षण, सुविधाओं का लिया जायजा

इलाज व भोजन व्यवस्था पर मरीजों ने जताई संतुष्टि, अपशिष्ट प्रबंधन भी देखा

बिलासपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त महादेव कावरे ने आज छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, (सिम्स)बिलासपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम आपातकालीन विभाग, ट्राएज, एम.आर.डी., आयुष्मान कार्ड शाखा, परिजनों के शेड इत्यादि का निरीक्षण किया। एम.आर.डी. में पंजीयन की व्यवस्था, टोकन प्रदाय किये जाने. साफ-सफाई इत्यादि का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया एवं पुरुष मेडिसीन वार्ड के निरीक्षण के दौरान मरीजों से चिकित्सकीय व्यवस्था, दवाईयों की उपलब्धता एवं चिकित्सालय से दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी प्राप्त की। मरीजों के द्वारा उपरोक्त व्यवस्था को अच्छा एवं संतोषजनक बताया। सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, डॉ. भूपेन्द्र कश्यप नोडल अधिकारी सिम्स एवं प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने उन्हें चिकित्सालय का भ्रमण कराया। रेडियोलॉजी विभाग में एक्स-रे, सीटी स्केन, सोनोग्राफी मशीनों एवं एम.आर.आई. इत्यादि के संपादन व रिपोर्ट प्रदाय किये जाने की जानकारी ली एवं वहां उपस्थित मरीजों से भी उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी चर्चा की गई। मरीजों ने भी उपलब्ध सुविधाओं को संतोषजनक बताया। डॉ. अर्चना सिंह ने रेडियोलॉजी विभाग में प्रतिदिन यू.एस.जी. जांच 35-40, एक्सरे 210, सी.टी. स्केन 35-40 तथा एम.आर.आई. 10-12 जांच होना बताया। सेम्पल कलेक्शन में मरीजों के सेम्पल लेने की प्रक्रिया को डॉ. प्रशांत निगम ने बताया। निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक में रक्तदान, संग्रहण एवं वर्तमान में उपलब्ध रक्त यूनिट की जानकारी दी गई। दंतरोग विभाग में ओ.पी.डी. तथा फैकल्टी से विभाग में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई।

गैस मेनीफोल्ड व अपशिष्ट प्रबंधन का किया अवलोकन

कावरे ने गैस मेनीफोल्ड एवं अपशिष्ट प्रबंधन की वर्तमान व्यवस्था का भी अवलोकन किया। अधिष्ठाता तथा चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई कि सिम्स चिकित्सालय में वर्तमान में कुल 830 बेड संचालित है। अस्पताल में प्रतिदिन ओ.पी.डी. संख्या लगभग 2000, प्रतिदिन आई.पी.डी. संख्या-180 से 190 एवं बेड ऑक्यूपेन्सी 85 से 90 प्रतिशत रहती है। महाविद्यालय में अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने स्वशासी समिति के गठन, शैक्षणिक गतिविधियों एवं स्नातकोत्तर सीटों जैसे रेडियोडायग्नोसिस टी.बी. व चेस्ट, कम्युनिटी मेडिसीन, कान, नाक, गला रोग विभाग, निश्चेतना विभाग, शिशुरोग विभाग में वृद्धि हेतु आयुक्त के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

पारा चढ़ा, दिन में गर्मी का अहसास

■ 2 दिन बाद बदलेगा मौसम

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में शुक्रवार को मौसम सामान्य रहा। दिनभर मौसम शुष्क बना रहा, जिसके चलते दोपहर में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि, रात में हल्की ठंडी का अहसास हुआ, लेकिन दिन और रात का तापमान सामान्य से ज्यादा रहा। उत्तर भारत से ठंडी और शुष्क हवाएं शुरू हो गई है। ऐसे में मौसम विभाग ने दो दिन बाद नमी के साथ ठंड में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। जिले में बुधवार को जहां अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं गुरुवार को पारा 31.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। गिरावट के बाद भी तापमान सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस अधिक था। लिहाजा लोगों को दिन में थोड़ी गर्मी का भी अहसास हुआ। गुरुवार सुबह ठंड नहीं के बराबर रही। फिर दोपहर में धूप तेज होने के साथ ही गर्मी का अहसास हुआ। हालांकि, दिन ढलने के बाद रात में हल्की ठंड लगने लगी। मौसम विभाग की माने तो अगले दो दिन प्रदेश के सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में तीन से चार डिग्री तक न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है। मध्य भाग में दो से तीन डिग्री गिरावट की संभावना है।

दो दिन बाद बढ़ेगी ठंड

सात दिसंबर को एक नया पशिचमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है, जिसके प्रभाव से प्रदेश में हल्की वर्षा की संभावना बन रही है। बिलासपुर में भी 8 या 9 दिसंबर की सुबह वर्षा के संकेत है। मौसम वेधशाला के वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन शुरू हो गया है।

लेखक, कानूनविद् ही नहीं विलक्षण प्रतिभा के धनी थे बाबा साहब: साहू

■ रेलवे में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतरत्न, बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आज दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय सहित तीनों रेल मंडलों के द्वारा उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा इस अवसर पर आज 6 दिसंबर को प्रातः 11.00 बजे रेलवे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के प्रागण में आयोजित एक समारोह में विजय कुमार साहू, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा भारत के संविधान निर्माता, भारतरत्न, बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की छाया चित्र पर श्रद्धांजलि स्वरूप पुष्प अर्पित किया तथा दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी बारी बारी से श्रद्धा सुमन उन्हें अर्पित किया। समारोह के प्रारंभ में बाबासाहेब के जीवन व उनके कृत्यों पर संक्षिप्त एवं सारगर्भित प्रकाश डाला गया। संविधान के निर्माता, दूरदर्शी

राजनेता, सामाजिक आंदोलन के प्रणेता, भारत सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य, विख्यात लेखक, कानूनविद, विलक्षण प्रतिभा के धनी विद्वान तथा अद्भुत इंसान आदि के रूप में उनका वर्णन किया गया। इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बडी संख्या में उपस्थित थे।

एसईसीएल परिवार ने की श्रद्धासुमन अर्पित

आज एसईसील मुख्यालय प्रांगण में भारत-रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एन. फ्रेन्कलीन जयकुमार, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, सिस्टा- ओबीसी प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में श्रद्धासुमन अर्पित कर स्मरण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डा. भीमराव अम्बेडकर एवं गौतम बुद्ध के चित्र के समीप उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप-प्रज्वलित किया गया उपरांत पुष्पमाला अर्पित किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल मुख्यालय प्रांगण स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा में उपस्थित अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) एन. फ्रेन्कलीन जयकुमार, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, सिस्टा - ओबीसी ने प्रतिनिधियों माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर दिशा खोब्रागड़े ने महात्मा गौतम बुद्ध व बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समीप ''बुद्ध वंदना'' किया।

प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए चयन परीक्षा 8 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र बिलासपुर में अनु.जाति, अनु. जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग हेतु एसएससी, बैंकिग भर्ती बोर्ड, रेल्वे भर्ती बोर्ड, छ.ग.व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क परीक्षा प्रशिक्षण (कोचिंग) अनुबंधित निजी कोचिंग संस्था के माध्यम से प्रदान किया जावेगा। जिसकी प्राक्चयन परीक्षा 8 दिसंबर को दोपहर 1 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित कराई जा रही है। पात्र प्रशिक्षार्थी प्राक्चयन परीक्षा में सम्मिलित होन हेतु 4 दिसंबर से प्रवेश पत्र कार्यालय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र साइंस कॉलेज के पास बिलासपुर से प्राप्त कर सकते है।

7वीं की छात्रा से अश्लील हरकत, लैब असिस्टेंट बर्खास्त

■ परिजनों की शिकायत पर कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के स्वामी आत्मानंद हिंदी-अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लैब अटेंडेंट असिस्टेंट टीचर ने सातवीं कक्षा की छात्रा से गंदी हरकत की। इसकी शिकायत परिजनों ने विभाग के अधिकारियों से की, लेकिन प्राचार्य और अफसर जांच का बहाना बनाते रह गए, जिससे परेशान परिजनों ने थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। अब कलेक्टर ने इस केस में फरार असिस्टेंट टीचर को बर्खास्त कर दिया है। पूरा मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है। स्वामी आत्मानंद हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय

पचपेड़ी में संविदा भर्ती के तहत सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के पद पर एमडी शहजाद की नियुक्ति हुई थी। इस दौरान मो. शहजाद स्कूल की सातवीं कक्षा की छात्रा से अश्लील हरकतें करता था, जिससे छात्रा परेशान थी। वह इस घटना की जानकारी परिजनों को भी नहीं दे पा रही थी। किसी तरह हिम्मत जुटाकर छात्रा ने आप बीती परिजनों को बताई। जिसके बाद परिजन मामले की शिकायत लेकर स्कूल पहुंचे और विभाग के अफसरों को घटना की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि विभागीय शिकायत के बाद बीते 23 नवंबर को शिक्षा विभाग के मस्तूरी विकासखंड के अफसर जांच के लिए स्कूल पहुंचे। इस दौरान छात्रा के परिजन को भी बुलाया गया। आरोप है कि जांच अधिकारियों के आने की खबर मिलते ही प्राचार्य संतोष कोसले ने आरोपी टीचर शहजाद को स्कूल से भगा दिया।

4 माह से पेंशन नहीं, बाबू के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग के रिटायर्ड वाहन चालक वहीदुल्ला खान ने कलेक्टर से शिकायत कर विभाग के पेंशन शाखा के बाबू पर पेंशन प्रकरण में त्रुटि बता 4 माह से चक्कर कटवाने का आरोप लगाया है।

कलेक्टर के समक्ष की गई शिकायत में वहीदुल्ला ने बताया कि गत 31.जुलाई .2024 को वे सेवानिवृत्त हो गए। सेवा निवृत्त को 4 माह हो गए पर आज तक उनके पेंशन प्रकरण का निराकरण नहीं किया गया। उनका कहना है कि कार्यालय के पेंशन शाखा के क्लर्क द्वारा उन्हें कई माह से घुमाया जा रहा है, जिससे मुझे आर्थिक

पेंशन राशि निराकरण दिलाने की मांग

परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। अब तक पेंशन न मिलने के कारण उन्हें और उनके परिवार के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है। परिवार के पालन पोषण के लिए उन्हें कर्ज लेकर गुजारा करना पड़ रहा है। मकान के लोन का क़िस्त नही दे पा रहा जिससे बैंक से लगातार लोन का किश्त अदा करने फोन आ रहा।

मानसिक रुप से परेशान

पीड़ित रिटायर्ड कर्मी का कहना है कि उनके साथ रिटायर हुए सहकर्मियों को प्रतिमाह पेशन राशि का भुगतान किया जा रहा है। केवल उनका पेंशन प्रकरण रोक दिया गया और जमा पूंजी भी नहीं दी गई।सेवानिवृत्त पीड़ित कर्मी ने कलेक्टर के समक्ष न्याय की गुहार लगा जल्द से जल्द पेंशन प्रकरण का निराकरण करा पेंशन राशि प्रदाय करा परिवार को राहत देने आग्रह किया है।

चाकू दिखाकर डराने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। मामा भांजा तालाब खटीक मोहल्ला टिकरापारा के पास धारदार चाकू लेकर घुमते आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक चाकू जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार मुखबीर ने मोबाईल से सूचना दी कि पप्पू खटीक नाम का व्यक्ति मामा भांजा तालाब के पास खटीक मोहल्ला टिकरापारा के पास लोहे का धारदार चाकू लेकर घुम रहा है कि मुखबीर की सूचना से पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, उप पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रमोद साबद्रा (भा.पु.से.) को अवगत कराया गया तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी - पप्पू खटीक पिता बाबू लाल खटीक उम्र 34 वर्ष निवासी मामा भांजा तालाब के पास खटीक मोहल्ला टिकरापारा थाना सिटी कोतवाली को पकड़ा गया जिनके पास लोहे का एक धारदार चाकू मिला जिनके कब्जे में रखने के संबंध में धारा 94 बी. एन. एस. एस के नोटिस दस्तावेज पेश करने हेतु दिया गया जो नोटिस पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताये जाने पर लोहे का धारदार चाकू को समक्ष गवाहों के जप्त कर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

एहतियात

भवन की स्थिति जर्जर, नगर निगम कमिश्नर ने सुरक्षा की दृष्टि से जारी किए आदेश

मिशन अस्पताल में प्रवेश वर्जित, अनुमति लेने के बाद जा सकेंगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। निगम आयुक्त अमित कुमार ने बिना लिखित परमिशन और कारणों के मिशन अस्पताल में प्रवेश पर रोक लगा दिया है। आशय की नोटिस जारी करते हुए निगम कमिश्नर ने फरमान सुनाया है कि अस्पताल भवन खतरनाक स्थिति में है। किसी भी स्थिति में लोगों का प्रवेश वर्जित किया जाता है। बिना परमिशन के किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करना अपराध माना जाएगा। परमिशन की स्थिति में कारण भी बताना होगा। जानकारी देते चलें कि साल 1914 में ईदगाह चौक और सिम्स अस्पताल के बीच स्थित मिशन अस्पताल का लीज खत्म हो गया है। मामले में पिछले कुछ महीने पहले ही मिशन अस्पताल पर कब्जे को लेकर तहसीलदार,जिला प्रशासन समेत कमिश्नर कोर्ट में सुनवाई हुई। मामला हाईकोर्ट

तक पहुंचा। अन्ततः कोर्ट ने मिशन अस्पताल पर प्रशासन को कब्जा का अधिकार दिया। सूचना हो कि इस दौरान जिला प्रशासन के निर्देश पर अस्पताल में सीसीटीवी लगाया गया। कुछ उपद्रवियों के खिलाफ पुलिस थाना में अपराध भी दर्ज हुआ। बावजूद इसके लोगों का मिशन अस्पताल में निगम की बिना जानकारी में आना जाना बना रहा।

नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई

निगम आयुक्त ने एक आदेश जारी किया है। आदेश में बताया गया है कि अस्पताल की स्थिति भयप्रद है। इस बात को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 310 की उपधारा 3 के तहत अस्पताल बिना अनुमति प्रवेश वर्जित है। यदि कोई व्यक्ति प्रवेश करना चाहता है तो इसके लिए कमिश्नर कार्यालय से अनुमति लेना होगा। अनुमति लेने के दौरान व्यक्ति को मिशन अस्पताल में प्रवेश का पर्याप्त कारण भी बताना होगा। निर्देशों का उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई भी होगी। भवन शाखा प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि देर शाम मिशन अस्पताल में कमिश्नर आदेश को चस्पा किया गया है। साथ ही नोटिस जारी कर लोगों को भवन की जर्जर स्थित से आगाह भी किया गया है।

न्यूज गैलरी

जुलाई-सितंबर जीडीपी में हो सकता है संशोधन

नई दिल्ली। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंथा नागेश्वरन ने कहा कि दूसरी तिमाही के 5.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान को आगे चलकर संशोधित किया जा सकता है, क्योंकि वर्तमान अनुमान मौसमी रूप से समायोजित नहीं हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंथा नागेश्वरन ने गुरुवार को बताया कि अक्टूबर-नवंबर के दौरान कुछ क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आई है और चालू वित्त वर्ष में 6.5-7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि दूसरी तिमाही के 5.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान को आगे चलकर संशोधित किया जा सकता है, क्योंकि वर्तमान अनुमान मौसमी रूप से समायोजित नहीं हैं। नागेश्वरन ने कहा, मुझे नहीं लगता कि इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया करते हुए हमें बच्चे को नहलाने के साथ ही बाहर फेंक देना चाहिए। क्योंकि अंतर्निहित विकास की कहानी अभी भी काफी हद तक बरकरार है।÷ भारत की आर्थिक वृद्धि दर जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गयी, जबकि अप्रैल-जून तिमाही में यह 6.7 प्रतिशत थी। नागेश्वरन ने कहा कि दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में मंदी का कारण सितंबर में कुछ धार्मिक अनुष्ठान और अत्यधिक मानसूनी वर्षा हो सकती है, तथा यह अन्य दीर्घकालिक मुद्दों के कारण भी हो सकता है, जो उभरने लगे हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में अंबानी, नोएल समेत दिग्गज बने हिस्सा

मुंबई। महाराष्ट्र में नई सरकार में देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री, एकनाथ शिंदे और अजित पवार डिप्टी सीएम की भूमिका में होंगे। राज्य के विधानसभा चुनावों में महायुति (भाजपा, शिवसेना, एनसीपी) ने बड़ी जीत हासिल की थी। महाराष्ट्र में नए सीएम के तौर पर देवेंद्र फडणवीस ने शपथ ली। फडणवीस को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शपथ दिलाई। वहीं महायुति में शामिल शिवसेना शिंदे के प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। मुंबई के आजाद मैदान पर हुए शपथ ग्रहण समारोह में जन सैलाब उमड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत राजनीति के दिग्गजों ने समारोह में शिरकत की। वहीं उद्योग जगत और फिल्म जगत की तमाम हस्तियां भी समारोह का हिस्सा बनीं। शपथ ग्रहण समारोह में उद्योगपति मुकेश अंबानी परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ छोटे बेटे अनंत अंबानी और पुत्रवधू राधिका मर्चेंट भी थीं।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने तीन दिनों तक चली बैठक

रेपो रेट में फरवरी 2023 से बदलाव नहीं

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने तीन दिनों तक चली बैठक में रेपो रेट को एक बार फिर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह फैसला एमपीसी के सदस्यों ने 4.2 के बहुमत से लिया है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने तीन दिनों तक चली बैठक में रेपो रेट को एक बार फिर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि यह फैसला एमपीसी के सदस्यों ने 4.2 के बहुमत से लिया है। रेपो में फरवरी 2023 से कोई बदलाव नहीं किया गया है। आरबीआई गवर्नर के अनुसार केंद्रीय बैंक की पॉलिसी का लोगों के जीवन पर असर पड़ता है। आरबीआई का पहला काम महंगाई को कंट्रोल करना है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के अनुसार मौद्रिक नीति समिति ने 4-2 बहुमत से ब्याज दर को 6.5त्न पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जबकि एसडीएफ दर 6.25त्न और एमएसएफ दर 6.75प्रतिशत पर बनी हुई है। केंद्रीय बैंक का रुख तटस्थ बना हुआ है। एमपीसी ने सर्वसम्मति से इस तटस्थ नीति रुख को बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की, जो वर्तमान आर्थिक स्थितियों के प्रति सतर्क दृष्टिकोण का संकेत देता है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के अनुसार जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर उम्मीद से कम 5.4 प्रतिशत रही। दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था में मंदी का संकेत देने वाले संकेतक समाप्त हो गए हैं। दास के अनुसार,आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के आर्थिक वृद्धि दर अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत किया है। उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था



में सुस्ती का संकेत देने वाले संकेतक अब समाप्त होने की स्थिति में हैं। एमपीसी की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर ने कहा कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में लगातार दबाव रहने से तीसरी तिमाही में मुद्रास्फीति ऊंची रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि रबी उत्पादन से राहत मिलेगी। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई गवर्नर दास के अनुसार बैंकों, एनबीएफसी के वित्तीय मापदंड मजबूत बने हुए हैं। वित्तीय क्षेत्र की सेहत सर्वोत्तम स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2025 में टिकाऊ स्तर पर रहेगा। दास के अनुसार, भारतीय रुपया उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं वाले अपने समकक्षों की तुलना में कम अस्थिर रहा है। आरबीआई विनियमित संस्थाओं पर केवल उन मामलों में व्यावसायिक प्रतिबंध लगाता है जहां पर्याप्त सुधारात्मक कार्रवाई दिखाई नहीं देती। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को लगातार 11वीं बार नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, लेकिन चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया, जबकि पहले 7.2 प्रतिशत का अनुमान लगाया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जुलाई-सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निम्नतम स्तर 5.4 प्रतिशत पर आने के बावजूद ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखी, जबकि आरबीआई ने स्वयं 7 प्रतिशत का अनुमान लगाया था।

डब्ल्यूजीसी की रिपोर्ट

आरबीआई ने खरीदा सर्वाधिक 27 टन सोना, कुल भंडार अब 882 टन

नई दिल्ली। चीन का केंद्रीय बैंक सोना खरीदने के मामले में चौथे और अजरबैजान पांचवें स्थान पर रहा। कजाखस्तान के केंद्रीय बैंक ने लगातार पांच महीनों तक बेचने के बाद अक्तूबर में पहली बार सोने की खरीदारी की। आरबीआई ने अक्तूबर, 2024 में दुनियाभर के अन्य केंद्रीय बैंकों की तुलना में सबसे ज्यादा 27 टन सोना खरीदा। इसके साथ ही, भारत का कुल स्वर्ण भंडार बढ़कर अब 882 टन पहुंच गया। इसमें से 510 टन सोना देश में ही मौजूदा है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में मुताबिक, अक्तूबर में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने कुल 60 टन सोना खरीदा। इस मामले में तुर्किये का केंद्रीय बैंक 17 टन के साथ आरबीआई के बाद दूसरे और पोलैंड 8 टन के साथ तीसरे स्थान पर रहा। खास बात है कि भारत, तुर्किये और पोलैंड के केंद्रीय बैंकों की कुल

वैश्विक स्वर्ण खरीदारी में 60 फीसदी हिस्सेदारी रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन का केंद्रीय बैंक सोना खरीदने के मामले में चौथे और अजरबैजान पांचवें स्थान पर रहा। कजाखस्तान के केंद्रीय बैंक ने लगातार पांच महीनों तक बेचने के बाद अक्तूबर में पहली बार सोने की खरीदारी की।अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की मासिक रिपोर्ट पर आधारित डब्ल्यूजीसी के आंकड़ों के मुताबिक, उभरते देशों के केंद्रीय बैंकों ने स्वर्ण खरीद में दबदबा कायम रखा है। आरबीआई ने इस साल जनवरी से अक्तूबर तक कुल 77 टन सोने की खरीदारी की। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में पांच गुना अधिक है। इस दौरान तुर्किये ने अपने भंडार में 72 टन और पोलैंड ने 62 टन सोने की बढ़ोतरी की है।

इन देशों ने की बिकवाली

रिपोर्ट के मुताबिक, सिंगापुर समेत कई देशों के केंद्रीय बैंकों ने अक्टूबर में सोना बेचा है। इनमें जर्मनी, मंगोलिया, जॉर्डन, थाईलैंड और फिलीपीन भी शामिल हैं।

चांदी तीसरे दिन भी चमकी

सोना 300 रुपये चढ़कर 79 हजार रुपये के स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमत बढ़कर 79,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गई। तीन दिन की गिरावट का सिलसिला थमते हुए 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत बुधवार को 300 रुपए बढ़कर 79,150 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन चमक जारी रही और गुरुवार को यह 1,300 रुपए बढ़कर 93,800 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली से राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमत बढ़कर 79,000 रुपये के स्तर पर पहुंच गई। तीन दिन की गिरावट का सिलसिला थमते हुए 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत बुधवार को 300 रुपए बढ़कर 79,150 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि इससे पहले इसका बंद भाव 78,850 रुपए प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय बाजारों में आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की ताजा मांग के कारण सोने में तेजी आई। चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन चमक जारी रही और गुरुवार को यह 1,300 रुपए बढ़कर 93,800 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। बुधवार को यह 92,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 300 रुपए बढ़कर 78,750 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 78,450 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में फरवरी डिलीवरी सोना अनुबंध 160 रुपये या 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76,932 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

रहेजा ग्रुप ने किया कचना में रहेजा निर्वाणा के तीसरे फेज का शुभारंभ

रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट में वाटर पार्क जैसी फैसिलिटी

रायपुर/नवप्रदेश। रहेजा निर्वाणा के फेज़1 और 2 के बाद यह तीसरा फेज है जिसका शुभारंभ किया गया। इस प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा आकर्षण यहां का मिनी वाटर पार्क है। जिसे बच्चों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। राजधानी रायपुर में पहली बार किसी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट में वाटर पार्क जैसी फैसिलिटी लाई दी जा रही है। इसके साथ ही निर्वाणा के तीसरे सीजन में जिम, स्विमिंग पूल, योगा गार्डन, लैंडस्कैप्ड गार्डन्स जैसी अनेक सुविधाएं मौजूद हैं जो इस प्रोजेक्ट को सबसे खास बनाती हैं।

लॉन्चिंग की शुरुआत रहेजा ग्रुप के संस्थापक प्रकाश रहेजा, डायरेक्टर दीपक रहेजा और संजय रहेजा ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। इस अवसर पर रियल एस्टेट सेक्टर के अनेक लोग और रहेजा ग्रुप के अनेक ग्राहक मौजूद रहे। निर्वाणा के तीसरे फेज के लॉंचिंग में लोगों का शानदार प्रतिसाद मिला। प्रोजेक्ट की शुभारंभ में अनेक लोगों ने साइट विजिट कर प्रोजेक्ट की खूबियों की सराहना की। लोगों ने कहा कि इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यहाँ की सुविधाओं के साथ ही प्राकृतिक वातावरण की शांति का अहसास है। लाँचिंग के अवसर पर रहेजा निर्वाणा में श्री राम मंदिर की प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया। जिससे रहेजा निर्वाणा 3 का शुभारंभ भक्तिमय हो गया। ग्राहकों ने मंदिर परिसर की सुंदरता और भव्यता की प्रशंसा की।

ग्राहकों को उपहार प्रदान किया

रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय रहेजा ने बताया कि यह लांचिंग कार्यक्रम तीन दिनों तक चलने वाला है जिसमें बुकिंग करने पर ग्राहकों को निश्चित उपहार प्रदान किया जा रहा है।

रहेजा ग्रुप सदैव अपने सभी प्रोजेक्ट्स को शानदार क्वालिटी के साथ निर्धारित समयसीमा के पहले ही डिलिवर करता आया है। हमें रहेजा निर्वाणा के पहले और दूसरे फेज में भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला इसी के चलते हम तीसरा फेज लेकर आए हैं और जो सुविधाएं यहां हम दे रहे हैं, वह निश्चित ही रायपुर में पहली बार मिल रही है। इसलिए हमें यहाँ भी शानदार रिस्पॉन्स मिलने का पूरा

लाल निशान पर शेयर बाजार; गिरा सेंसेक्स, निफ्टी भी लुढ़का

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन लाल निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 75.16 अंक की गिरावट के साथ 81,690.70 अंक तक आ गया, जबकि निफ्टी 25.45 अंक फिसलकर 24,682.95 अंक पर पहुंचा। इसके अलावा रुपया शुरुआती कारोबार में पांच पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.66 पर चल रहा है।

प्राइवेट कंपनियों को लीज पर टावर देकर कमा रही बीएसएनएल

नई दिल्ली। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल अपने टावरों को लीज पर देकर मोटी कमाई कर रही है। सरकार ने एक सवाल के जवाब में संसद में इसके आंकड़े पेश किए। सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल (भारत संचार निगम लिमिटेड) अपने टावर प्राइवेट कंपनियों को लीज पर देकर कमाई कर रही है। इससे सरकारी कंपनी को हर साल हजारों करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। सरकार ने बुधवार 4 दिसंबर, 2024 को संसद में इसकी जानकारी दी। केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ पेम्मासानी चंद्र शेखर ने एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि बीएसएनएल प्राइवेट कंपनियों

को अपने टावर लीज पर देती है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2024 तक बीएसएनएल ने प्राइवेट कंपनियों को 12,502 टावर लीज पर दिया था। उनमें से सबसे ज्यादा 8,048 टावर मुकेश अंबानी की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो को लीज पर दिए गए हैं। चंद्र शेखर ने बताया कि बीएसएनएल एक सार्वजनिक उपक्रम है और वह तकनीकी व व्यावसायिक व्यावहारिकता को देखते हुए अपने फैसले लेती है। जवाब से पता चलता है कि सरकारी दूरसंचार कंपनी को टावर किराये पर देने से अच्छी कमाई हो रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2017-18 से 2023-24 के दौरान बीएसएनएल ने टावरों को लीज पर देकर 6,920।39 करोड़ रुपये की कमाई की है। इस तरह औसत कमाई हर साल की करीब 1 हजार करोड़ रुपये हो जाती है। बीएसएनएल तेजी से अपने टावर इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रही है। सरकारी कंपनी की योजना आने वाले दिनों में 4जी व 5जी सेवाएं शुरू करने की है।

नई थर्ड जेनरेशन होंडा अमेज़ का भारत में विश्व प्रीमियर

होंडा अमेज़ तीन ट्रिम लेवल्स—वी, वीएक्स और जेडएक्स—और छह खूबसूरत रंगों में उपलब्ध

रायपुर/नवप्रदेश। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने आज भारत में बहुप्रतीक्षित नई थर्ड जनरेशन होंडा अमेज़ लॉन्च की। यह कार पहली बार दुनिया में कहीं भी लॉन्च होने से पहले भारत में पेश की गई है। कंपनी द्वारा भारत में वैश्विक प्रीमियर करने का निर्णय यह दिखाता है कि भारत होंडा के लिए कितना खास और महत्वपूर्ण मार्केट है। नई होंडा अमेज़ को खासतौर से स्टाइलिश, प्रीमियम और आरामदायक कॉम्पेक्ट सेडान के रूप में डिजाइन किया गया है। यह कार खासकर उन युवाओं और परिवारों के लिए बनाई गई है, जो हर मोड़ पर आराम, सफलता और प्रगति की उम्मीद रखते हैं। नई होंडा अमेज़ को थाईलैंड स्थित होंडा आरएंडडी एशिया पैसिफिक टीम ने विकसित किया है और इसे एलीट बूस्टर सेडान की सोच के तहत तैयार किया गया है। यह कार न केवल बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव देती है बल्कि आपके व्यक्तित्व, सफलता और सामाजिक दर्जे को भी बखूबी दर्शाती है। यह कार उन लोगों के लिए है, जो आत्मविश्वास के साथ अपनी उपलब्धियों पर गर्व करते हुए एक प्रीमियम अनुभव चाहते हैं। अमेज़ का सॉलिड 3- बॉक्स डिज़ाइन इसे एक असली सेडान का लुक देता है, जो इसके हाई-क्लास और आकर्षक स्टाइल को दर्शाता है। यह कार 4 मीटर से कम लंबाई में आती है, लेकिन इसका डिज़ाइन इसे एक शानदार और आधुनिक प्रीमियम अनुभव प्रदान करता है। इसके बाहरी हिस्से में स्पोर्टी और स्टाइलिश लुक है, जबकि अंदरूनी केबिन को बेहद सलीके और परिष्कृत तरीके से डिजाइन किया गया है। इसमें यात्रियों के लिए पर्याप्त जगह है, जिससे सफर आरामदायक और आनंददायक बनता है। यह कार आधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस है, जो यात्रियों को मानसिक शांति और पूरी सुरक्षा का अहसास कराती है। इसकी आरामदायक और भरोसेमंद सवारी लंबी दूरी के सफर के लिए उपयुक्त है।

रिपोर्ट | ऊर्जा आपूर्ति, बिजली संयंत्र, ऊर्जा दक्षता और वाहन निर्माण जैसे क्षेत्र में 3.8 फीसदी नौकरियों में वृद्धि हुई

दुनिया में ऊर्जा क्षेत्र का दबदबा, एक साल में 25 लाख नए रोजगार

नई दिल्ली। ऊर्जा क्षेत्र में 2023 के दौरान नौकरियों की वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र द्वारा प्रेरित थीं। यह बदलाव इसलिए हुआ क्योंकि स्वच्छ ऊर्जा निर्माण में निवेश 70त्न बढ़कर 200 बिलियन डॉलर हो गया है। यानी कंपनियां मांग को ध्यान में रखते हुए निवेश बढ़ा रही हैं।

दुनियाभर में ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ने के कारण 2023 में 25 लाख नए रोजगार पैदा हुए हैं। ऊर्जा क्षेत्र अब करीब सात करोड़ लोगों को जीविका दे रहा है। इस दौरान ऊर्जा आपूर्ति, बिजली संयंत्र, ऊर्जा दक्षता

और वाहन निर्माण जैसे क्षेत्र में 3.8 फीसदी नौकरियों में वृद्धि हुई है, जो अन्य क्षेत्रों में नौकरियों में हुई 2.2 फीसदी की वृद्धि से अधिक है। यह जानकारी इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) की नई रिपोर्ट में दी गई है। वर्ल्ड एनर्जी एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार नवीकरणीय ऊर्जा में बदलाव से कई रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। यह क्षेत्र अब दुनियाभर में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दे रहा है और हर साल ज्यादातर देश अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों का निर्माण, व्यापार और स्थापना कर रहे हैं। इस क्षेत्र में 32 फीसदी नौकरियां महिलाओं के पास हैं। हालांकि इस क्षेत्र में कुशल श्रमिकों की कमी अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। स्वच्छ ऊर्जा के साथ-साथ जीवाश्म ईंधन के क्षेत्र में भी नौकरियां बढ़ी हैं। 2023 में स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में 15 लाख नए अवसर पैदा हुए। साथ ही जीवाश्म ईंधन क्षेत्र में भी 9 लाख 40 हजार नौकरियों में इजाफा हुआ है। ऊर्जा क्षेत्र में 2023 के दौरान नौकरियों की वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र द्वारा प्रेरित थीं। यह बदलाव इसलिए हुआ क्योंकि स्वच्छ ऊर्जा निर्माण में निवेश 70त्न बढ़कर 200 बिलियन डॉलर हो गया है। यानी कंपनियां मांग को ध्यान में रखते हुए निवेश बढ़ा रही हैं।

जाते-जाते डॉ. विशाखा त्रिपाठी जी कर गई 14,000 जरूरतमंदों की सहायता

दिल्ली। डॉ. विशाखा त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में जगद्गुरु कृपालु परिषद ने एक विशाल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें करीब 14,000 जरूरतमंदों को ठंड से बचने की और दैनिक जीवन में इस्तेमाल लायक चीजें दी गईं। यह आयोजन 19 से 22 नवंबर के बीच हुआ। दो दिन बाद 24 नवंबर 2024 को एक हादसे के बाद डॉ. त्रिपाठी जी ने अपना देह त्याग दिया। वृंदावन में हाल ही में डॉ. विशाखा त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में जगद्गुरु कृपालु परिषद ने एक विशाल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान करीब 14,000 जरूरतमंदों को ठंड से बचने की और दैनिक जीवन में इस्तेमाल लायक चीजें दी गईं। इस कार्यक्रम का आयोजन बीते 19 से 22 नवंबर के बीच हुआ। लेकिन चार दिन के इस विशाल वितरण कार्यक्रम के दो दिन बाद 24 नवंबर 2024 की सुबह, एक दुःखद सड़क हादसे में डॉ. विशाखा त्रिपाठी जी ने अपना देह त्याग दिया। यह आयोजन श्री वृन्दावन धाम स्थित प्रेम मंदिर और बरसाना स्थित कीर्ति मंदिर में किया गया था। 19 और 20 नवंबर को श्री वृन्दावन धाम स्थित प्रेम मंदिर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में 5,000 गरीबों और 4,000 निराश्रित विधवा माताओं को राहत सामग्री दी गई।

न्यूज़ गैलरी

आंगनबाड़ी के लिए आवेदन आमंत्रित

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार एकीकृत बाल विकास परियोजना रायपुर शहरी - 02, जिला रायपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए 01 रिक्त पद पर 05 दिसंबर से 19 दिसंबर तक आवेदन किया जा सकता है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र परियोजना कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है । साथ ही आवेदन निर्धारित तिथि व कार्यालयीन समय पर एकीकृत बाल विकास परियोजना रायपुर शहरी - 02, एच.आई.जी 82 सेक्टर - 01, डी.डी. नगर स्थित कार्यालय में जमा भी किया जा सकता है।

आवास मित्र 12 तक कार्यभार ग्रहण करें

कोरबा/नवप्रदेश। आवास मित्र/समर्पित मानव संसाधन हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् अंतिम चयन सूची चयन समिति द्वारा अनुमोदन उपरांत कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईटूणवतइंण्हवअण्पद में अपलोड किया गया है। सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार संशोधित अंतिम मेरिट सूची में चयनित अभ्यर्थी 12दिसं. तक अपनी उपस्थिति संबंधित जनपद पंचायत में देकर कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देषित किया गया है। एक से अधिक क्लस्टर में चयनित अभ्यर्थी किसी एक क्लस्टर में कार्यभार ग्रहण करते हुए शेष चयनित क्लस्टर हेतु अपने जनपद पंचायत में अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करेंगे। तत्पश्चात् उक्त क्लस्टर के प्रतिक्षा सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी को चयन किया जायेगा।

टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। शीतला मंदिर के पास चंदनडीह में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक विशाल सिंह 25 वर्ष कुम्हारी दुर्ग का रहने वाला था। बताया जाता है कि कल दोपहर वह बाइक से कहीं जा रहा था, तभी चंदनडीह स्थित शीतला मंदिर के पास अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे विशाल की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चाकू लहराते दो युवक पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा पुलिस ने चाकू लहराते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मौदहापारा सुलभ के पास चाकू लहराकर आतंक फैलाते हुए आरोपी नईम खान 22 वर्ष व शहबाज अली 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सीधी भर्ती के लिए 13 तक आवेदन

कोरबा/नवप्रदेश। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छत्तीसगढ़) लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय अंतर्गत डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 1, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के 4, कार्यालय सहायक/क्लर्क के 2 व भृत्य के 2 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 13 दिसंबर शाम 5 बजे तक कार्यालय के ड्रॉप बॉक्स अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला न्यायालय की वेबसाइट अवलोकन किया जा सकता है।

सूने मकान से लाखों के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। सेंचुरी कालोनी डीडीनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नगदी 20 हजार सहित सोने -चांदी की जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आशीष ठाकुर 39 वर्ष सेंचुरी कालोनी डीडीनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 20 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 6 लाख 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

रायपुर/नवप्रदेश। देवपुरी में शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार देवपुरी निवासी 27 वर्षीय प्रार्थिया ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि आरोपी श्रीकांत श्रीवास्तव ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

साय कैबिनेट में विस्तार को लेकर, अटकलों का सियासी बाजार गर्म

सीएम के दिल्ली के दौरे में शाह से मुलाकात के निकाले जा रहे मायने, सदस्यता का बेस्ट परफार्मेंस होगा मापदंड

▫ विस के शीतकालीन सत्र से पूर्व या निकाय-त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद होगा विस्तार

रायपुर/नवप्रदेश। बृजमोहन अग्रवाल के शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद से ही साय कैबिनेट में विस्तार के कायस लगाए जा रहे थे। रायपुर दक्षिण सीट पर विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। ऐसे में एक बार फिर से कैबिनेट मंत्री के बनने के लिए पुराने कद्दावर और नए विधायकों के नामों की चर्चाएं शुरू हो गई है। लेकिन इधर बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुलाकात हुई है और उनके साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी हैं। विधानसभा का शीतकालीन का सत्र 16 दिसंबर से शुरू होगा, इस कारण भी सियासी गलियारों में कैबिनेट में विस्तार की संभावना पर चर्चाएं शुरू हो गईं। तर्क दिए जा रहे हैं कि शीतकालीन सत्र से पूर्व अगर साय कैबिनेट में विस्तार नहीं हुआ तो नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद दो विधायकों के नाम तय किए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक भाजपा दो मंत्री का नाम तय करने का आधार सदस्यता अभियान और नगरीय निकाय चुनाव में जिनकी भागीदारी अधिक होगी, उन्हें मंत्री बनाया जा सकता है। बहरहाल, वैसे राजनीति में कुछ भी हो सकता है। फिलहाल, कुछ नाम तो पहले से ही रेस में माने जा रहे हैं। चर्चा है कि हो सकता है कि किसी नए विधायक को साय की कैबिनेट में मौका दे दिया जाए।

राज्यपाल और सीएम के बीच 30 मिनट का विचार-विमर्श

हाल ही में राज्यपाल और सीएम विष्णुदेव साय के बीच करीब 30 मिनट की लंबी चर्चा हुई थी। हालांकि इसे सौजन्य मुलाकात बताकर, कैबिनेट विस्तार की संभावना से भाजपा संगठन कोई भी राज खोलने से परहेज कर रहा है। लेकिन नेता दबी जुबान से इतना तो कह रहे हैं कि देर-सबेर कैबिनेट में विस्तार तय है।

लिहाल, इनके नाम की चर्चा तेज

बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफे के बाद शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री के पास है। मंत्री पद की दौड़ में राजेश मूणत, अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल, गजेंद्र यादव , रेणुका सिंह आगे बताई जा रही हैं।

निकाय चुनाव के बाद ही सबकुछ क्लीयर होने की संभावना

अंदरखाने में चर्चा है कि नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा बड़ी कामयाबी हासिल करना चाह रही है। कहा जा रहा है कि अगर निकाय-त्रि-स्तरीय चुनाव से पूर्व कैबिनेट विस्तार से कहीं नेताओं के बीच मनमुटाव न हो जाए। जिसे देखते हुए नाम भले ही अंदरखाने तय हो जाए, लेकिन कैबिनेट में मंत्री पद की ताजपोशी निकाय के चुनाव के बाद हो। बहरहाल, अभी सिर्फ चर्चाएं ही हो रही हैं।

धमतरी से कोंडागांव तक नई रेल लाइन के सर्वे को मिली मंजूरी

रायपुर/कांकेर। छत्तीसगढ़ में रेल कनेक्टीविटी बढ़ाने पर लगातार काम हो रहा है। इस बीच छत्तीसगढ़ में एक नई रेलवे लाइन के लिए सर्वे को मंजूरी मिल गई है। धमतरी से कोंडागांव तक 183.19 किमी नई रेलवे लाइन के लिए रेल मंत्रालय द्वारा सर्वे को मंजूरी दी गई है। बुधवार को केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने रावघाट परियोजना पर भी लेटेस्ट अपडेट साझा किया।

दरअसल कांकेर सांसद भोजराज नाग ने लोकसभा में प्रश्न रखा कि क्या धमतरी रेलवे लाइन को कांकेर शहर से छत्तीसगढ़ के जादलपुर तक विस्तारित करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है? सांसद भोजराज नाग के सवाल पर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपना जवाब सदन में रखा। इस दौरान उन्होंने बताया कि रेल मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी में सुधार लाने के लिए कदम उठाए हैं।

इसके तहत, दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना (कुल लंबाई 235 किमी) को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

धमतरी से कोंडागांव तक 183.19 किमी बिछेगी रेल लाइन

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके अतिरिक्त कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए, धमतरी से कोंडागांव तक 183.19 किमी नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बंस्कोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी। इस रेलवे ट्रैक का काम पूरा होने के बाद कांकेर क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

रावघाट परियोजना 77 किमी पूरा

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दल्लीराजहरा से रावघाट 95 किमी का प्रथम चरण पूर्णता की ओर है। इस चरण में दल्लीराजहरा से ताडोकी तक 77 किमी तक की लाइन चालू कर दी गई है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल ?1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। इसी प्रकार रावघाट से जगदलपुर 140 किमी तक रेलवे लाइन दूसरे चरण में बिछाई जानी है। इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है।

धान उपार्जन की व्यवस्था पर रखी जा रही है कड़ी निगरानी

▫ किसानों को टोकन आवेदन के लिए दोहरी सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए किसानों को टोकन जारी करने से लेकर बारदाना की व्यवस्था, धान का उपार्जन एवं भुगतान, केन्द्रों में खरीदे गए धान का उठाव पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

किसानों को धान विक्रय हेतु टोकन आवेदन करने के लिए समिति माड्यूल एवं टोकन तुंहर हाथ एप की सुविधा दी गई है। टोकन आवेदन करने में दिक्कत होने पर किसान समिति में ऑपरेटर के माध्यम से टोकन आवेदन कर सकते हैं। केन्द्रों में धान उपार्जन के लिए 72,194 गठान बारदाने उपलब्ध है। विशेष परिस्थिति में किसानों के बारदानों का उपयोग और 25 रूपया प्रति नग बारदाना भुगतान के लिए अपेक्स बैंक को 11 करोड़ 23 लाख रूपए भी दे दिए गए हैं। गौरतलब है कि राज्य में 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। 5 दिसम्बर तक 2739 उपार्जन केन्द्रों में कुल 29.22 लाख मेट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। प्रदेश में कुल पंजीकृत 27.78 लाख कृषकों में से अब तक 6 लाख 15 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य में धान का विक्रय किया है। उपार्जित धान की राशि संबंधित कृषकों के खाते में नियमित रूप से अंतरित की जा रही है। विपणन संघ द्वारा 6727 करोड़ 93 लाख रूपए अपेक्स बैंक को उपार्जित धान के समर्थन मूल्य के रूप में अंतरित की जा चुकी है।

ऊर्जा एवं जल संरक्षण की थीम पर कार्यशाला हुई आयोजित

कोरबा/नवप्रदेश। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो बीईई भारत सरकार एवं कृषि विज्ञान केन्द्रकोरबा के संयुक्त तत्वाधान से कृषि विज्ञान केन्द्र लखनपुर कटघोरा में ऊर्जा एवं जल संरक्षण विषय पर कार्यषाला का आयोजन किया गया। कार्याषाला में विभिन्न ग्रामों से आए हुए 70 से अधिक कृषकों ने लाभ लिया। कार्यषाला के शुरूआत में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख श्री ए.के. उपाध्याय ने जल संरक्षण विषय पर प्रकाष डालते हुए भविष्य में जल के संरक्षण की महत्ता को बताया। इसके उपरांत ड्रीप सिंचाई के विषय में कृषकों को कम मात्रा में पानी का उपयोग करते हुए अधिक से अधिक फसल लिये जाने के बारे में बताया गया। ऊर्जा संरक्षण के महत्ता बताते हुए कैसे कृषक सौर ऊर्जा का उपयोग से अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के विषय में बताया। साथ ही जल संरक्षण के विभिन्न तरीके एवं कृषकों को स्प्रिंक्लर, ड्रीप सिंचाई के बारे में बताया गया।

निगम ने निजी जमीन पर बिछाई पाइप लाइन, बनाया सड़क

रायपुर/नवप्रदेश। गुढ़ियारी इलाके में भामाशाह वार्ड के अंतर्गत तुलसीनगर में निवासरत दृष्टिहीन वृद्धा के निजी जमीन पर निगम ने सालों पहले पाइप लाइन बिछाकर उसे आम लोगों के सड़क बना दिया था। जिससे उक्त जमीन महिला के उपयोग के लायक नही रही। महिला ने उक्त जमीन के बदले मुआवजे की मांग निगम से की लेकिन निगम ने प्रावधान नहीं होने की बात कहकर वृद्धा की मांग को अनदेखी कर दिया। पीड़ित महिला ने शासन -प्रशासन से काफी गुहार लगाने के बाद मुआवजे की मांग को

लेकर हाईकोर्ट में याचिका लगाई जिसपर कोर्ट ने निगम और जिला प्रशासन को पीड़िता को मुआवजा देने के निर्देश दिए, बावजूद आज पर्यन्त पीडिता को मुआवजा नही दिया गया है। पीड़िता पिछले 20 साल से न्याय के लिए संघर्ष कर रही है। पीड़िता की जमीन पर अब आम रास्ता है और उक्त जमीन पर कई मकानों के मुख्य द्वार खुलते हैं जिसपर लोगों का आना-जाना होता है। पीड़ित दुर्गादेवी गुप्ता ने इस मामले में नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव को आवेदन देकर मुआवजा दिलाने की मांग की थी जिस पर मंत्री द्वारा अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को आदेशित किया गया था। विभागीय सचिव द्वारा कलेक्टर को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए थे।

अवैध ईंट निर्माण भट्ठे पर कार्यवाही, ईंट जब्त

कोरबा/नवप्रदेश। एसडीएम पाली सीमा पात्रे द्वारा गठित टीम के द्वारा ईंट निर्माण पर कार्यवाही करते हुए ग्राम हरदीबाजार एवं रेकी में गैर-शासकीय भूमि में किए जा रहे अवैध ईंट निर्माण (लाल ईंट) पंजा भ_ा पर कार्यवाही करते हुए अवैध ईंट निर्माण के 19 प्रकरण में 2,37,000 (दो लाख सैंतीस हजार) ईंट जप्त कर प्रकरण तैयार किया गया है ।

गांव में घूम रहा बाघ, वन विभाग अलर्ट

गौरेला पेंड्रा मरवाही। मरवाही वन मंडल में बाघ की दस्तक से ग्रामीण दहशत में हैं। देर रात राहगीरों ने बाघ को रिहायशी इलाके में देखा है। जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंच गया है और ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से रोका भी जा रहा है। वन अमले को बाघ के पैरों के निशान भी मौके से मिले है।

देर रात कुछ राहगीरों ने बाघ को सिवनी गांव के मुख्य चौराहे पर देखा है। प्रत्यक्षदर्शी दीप चंद ने बताया कि वो कल रात जब एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर अपनी कार से आ रहा था तभी एक ट्रक चालक ने उसे इशारे से रोक कर बताया कि अभी यहां से एक

बाघ सड़क को पार कर गया है। इसके बाद दीप चंद ने बाघ का अपने मोबाइल से फोटो भी खींचा हालांकि बाघ दूर था।

फोटो उतनी साफ नहीं आई। पर जब सुबह गांव में ही एक पशु के ऊपर बाघ के हमले का निशान भी मिला है। घटना की जानकारी मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। और वन विभाग को बाघ के पैरों के निशान भी मौके से मिले हैं। फिलहाल, मरवाही वन मंडल के डीएफओ रौनक गोयल ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा है सिवनी इलाके में बाघ की मौजूदगी है और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से मना किया गया है।

नगरीय प्रशासन विभाग ने मंजूर किए तीन करोड़ से अधिक की राशि

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सूरजपुर नगर पालिका में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए तीन करोड़ एक लाख 80 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने अधोसंरचना विकास के 45 कार्यों के लिए राशि मंजूरी का आदेश जारी किया है। इनमें सूरजपुर नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण के 28, नाली निर्माण के 12, सीसी रोड बाइडिंग के दो तथा योगा शेड निर्माण, रिटेनिंग वाल निर्माण एवं फ्लड लाइट स्थापना के एक-एक कार्य शामिल हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने सूरजपुर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद से तीन करोड़ एक लाख 80 हजार रुपए का यह अनुदान स्वीकृत किया है। विभाग ने सीसी रोड निर्माण के 28 कार्यों के लिए एक करोड़ 55 लाख 64 हजार रुपए, नाली निर्माण के 12 कार्यों के लिए 83 लाख 42 हजार रुपए और सीसी रोड बाइडिंग के दो कार्यों के लिए 15 लाख तीन हजार रुपए मंजूर किए हैं। सूरजपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-4, कृष्ण कुंज में योगा शेड निर्माण के लिए 11 लाख 59 हजार रुपए और कृष्ण कुंज मार्ग में रिटेनिंग वाल के निर्माण के लिए 22 लाख 71 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विभाग ने वार्ड क्रमांक-12 में फ्लड लाइट की स्थापना के लिए 13 लाख 41 हजार रुपए की मंजूरी दी है।

अवलोकन... *दिशा समिति की 9 को बैठक की अध्यक्षता करेंगी कोरबा सांसद*

खुले में राखड़ और डस्ट-धूल से परेशान हैं नागरिक : ज्योत्सना महंत

▫ अस्पताल का किया अवलोकन, कटघोरा में जल्द शुरु हो 100 बेड

कोरबा/नवप्रदेश। मेडिकल कालेज कोरबा से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय में मिल रही शिकायतों को लेकर अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली व भर्ती मरीजों से मुलाकात कर हाल जाना व कोरबा क्षेत्र में खुले में फेंके जा रहे राखड़ और सडक में धूल-डस्ट को लेकर राख उत्सर्जित करने वाली कंपनियों को इस ओर ध्यान देने सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा है। साथ ही कटघोरा में घोषणा हुए 100 बिस्तर के अस्पताल पर प्रसन्नता जताते हुए जल्द ही इसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलना चाहिए।

कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपने कोरबा दौरे के दौरान मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल में लगातार हो रही मौतों की जानकारी मिलने पर अस्पताल का अवलोकन कर भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और मेडिकल कॉलेज व अस्पताल प्रबंधन से कोरवा आदिवासी सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हो रही असुविधा को दूर करने को कहा। सांसद ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने

शासन व जिला प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि अस्पतालों में स्टाफ सहित एम्बुलेंस की सुविधा चैबीसों घंटे मिले, इसके लिए आवश्यक पहल करने की जरूरत है। साथ ही जिला चिकित्सालय सहित विकासखण्डों के अस्पतालों में भी जरूरतों को पूरी किए जाने की आवश्यकता है। सांसद ने कोरबा शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में राखड़ फेंकने और सडकों में धूल-डस्ट की मिल रही शिकायतों पर कहा कि संबंधित विभाग इस ओर ध्यान दे और राख उत्सर्जित करने वाले कंपनियों को भी हिदायत दी जानी चाहिए। सांसद ने कटघोरा में मुख्यमंत्री द्वारा 100 बेड अस्पताल की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि कोरबा, सरगुजा, बैकुण्ठपुर जिले का सेंटर कटघोरा में 100 बेड अस्पताल बनने से क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सांसद ने अस्पताल निर्माण कार्य में शीघ्रता लाने स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह भी किया है।

केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगी सांसद

लोकसभा सांसद कोरबा ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 9 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातरू 11 बजे आयोजित होगी। बैठक में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी।

सरेआम शराब पीते 89 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सरेआम शराब पीते 89 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरंग पुलिस ने ग्राम मोखला बाजार चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी राजु धीवर 37 वर्ष, राकेश देवदास 33 वर्ष, पिन्टु साहू 24 वर्ष, चंदन बघेल 21 वर्ष, सुशीला मिर्झा 60 वर्ष, छन्नु लाल सिन्हा 49 वर्ष, टीकेलाल आवले 60 वर्ष, जगमोहन साहू 43 वर्ष, येमलाल साहू 58 वर्ष, यशोदा गायकवाड़ 45 वर्ष, मानकी गायकवाड़ 55 वर्ष व मिलीन्द निषाद 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी आकाश वर्मा 26 वर्ष व मणीलाल सोनी 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी तोरन निषाद 31 वर्ष, लालकृष्ण धीवर 27 वर्ष, खिलेन्द्र सारहू 27 वर्ष, उमेश साहू 40 वर्ष व कामेश्वर साहू 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आजाद चौक पुलिस ने आरोपी मुकेश देवांगन 35 वर्ष, अखिल बरकड़े 26 वर्ष व मंगल देवांगन 55 वर्ष, भवनीत सिंह ठाकुर 33 वर्ष, गणेश आठोडे 55 वर्ष, तुमलाल सेन 42 वर्ष आदि शामिल है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 77524 68654